# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, मंगलवार 2 सितंबर 2025







## बाढ़ प्रभावितों को राशन, मकान ढहने पर सहायता राशि मिली



**जगदलपुर।** मुख्यमंत्री के दंतेवाड़ा के चूड़ी टिकरापारा पहुंचने पर बाढ़ प्रभावित परिवारों ने प्रशासन द्वारा समय पर बचाव एवं राहत पहुँचाने के लिए आज आभार व्यक्त किया। मौजूद लोगों ने कहा कि सरकार की इस संवेदनशील पहल से सभी प्रभावित परिवार सुरक्षित और सकुशल हैं। राहत शिविर में रहने, भोजन और इलाज जैसी सभी सुविधाएँ उपलब्ध हैं। बाढ़ पीड़ति गुप्तेश्वरी कश्यप, शालिनी शर्मा, सविता पात्रे एवं लता सागर ने मुख्यमंत्री को बताया कि राहत शिविर में किसी भी तरह की दिक्कत नहीं है। अब राशन, बर्तन, कपड़े, गैस सिलेंडर एवं चूल्हा भी दिया गया है। मकान ढहने पर सहायता राशि भी मिल चुकी है और अब घर बनने तक यहां राहत शिविर में रहेंगे। सोमड़ी सोढ़ी के घर पहुंचे। रीता कश्यप, द्रोपदी नाग, कुंदन गुप्ता, महेश, बबीता सहित अन्य प्रभावितों ने भी प्रशासन के राहत एवं पुनर्वास प्रयासों की सराहना करते हुए सीएम को धन्यवाद दिया।

## पक्के मकान का 1 लाख 20 हजार और कच्चे मकान की क्षति पर 10 हजार मुआवजा देंगे : सीएम साय

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर ,दंतेवाड़ा, बीजापुर और सुकमा जिले में अतिवृष्टि से काफी नुकसान हुआ है। बाढ़ से प्रभावित लोगों को हर तरह की सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। पक्के मकान का 1 लाख 20 हजार और कच्चे मकान का क्षतिपूर्ति जो राजस्व आरबीसी में 4 हजार है उसमें मुख्यमंत्री राहत कोष से 6 हजार इस तरह 10 हजार का मुआवजा दिया जाएगा। दंतेवाड़ा जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के प्रवास के बाद जगदलपुर एयरपोर्ट में सोमवार को पत्रकारों से चर्चा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने यह बात कही । उन्होंने कहा कि हवाई सर्वेक्षण में भी बाढ़ से हुए नुकसान को हमने आज देखा है। पहले



43 राहत शिविरों में लोग रह रहे थे। अब बाढ़ का पानी उतरने से लोग घर लौट रहे हैं। अभी 11 शिविर में 800 - 900 लोग रह रहे हैं। लेकिन जो लोग मकान आदि क्षतिग्रस्त को सुधारने के काम में जुटे है। वे भी शिविर में आकर भोजन कर रहे हैं। राहत शिविर में रहने वाले और घर जा चुके लोगों को भी भोजन मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अतिवृष्टि और बाढ़ के दौरान हमने विदेश से दो बार जिला प्रशासन से चर्चा कर हर प्रभावितों को सभी तरह की मदद देने को कहा था। वर्चुवली भी बैठक ली थी । सभी जिले के कलेक्टर, कमिश्नर और आईजी से भी चर्चा कर बाढ़ की स्थिति से अवगत हुआ था। आज प्रभावित लोगों से राहत शिविर और गांव में जाकर चर्चा करने पर लोग मदद से संतुष्ट नजर आए। प्रभावित लोगों में सरकार के प्रति किसी तरह का आक्रोश नही है बल्कि सभी तरह की मदद मिलने से लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने कहा कि समीक्षा बैठक में मैंने आज 4 जिले के उच्च अधिकारियों से साफ कहा है कि मुआवजा समेत हर तरह की सहायता सभी को मिले ।

### बाढ़ में बही पुस्तकें, टेबलेट भी हुआ खराब, पर नहीं रुकेगी पूनम की यूपीएससी की तैयारी

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर बाढ़ से प्रभावित दंतेवाड़ा की पूनम पटेल की प्रशासनिक अधिकारी बनने की तैयारी आगे भी निर्बाध जारी रहेगी। पूनम पटेल दंतेवाड़ा जैसे



नक्सल प्रभावित इलाके में रहकर पिछले तीन वर्षों से यूपीएससी की तैयारी कर रही हैं। हाल ही में दंतेवाड़ा में आई बाढ़ से प्रभावित होने के कारण पूनम का पूरा परिवार राहत शिविर में है। सोमवार को मुख्यमंत्री ने पूनम से मुलाकात कर हाल जाना। मुख्यमंत्री की पहल पर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी हेतु पूनम को आवश्यक पुस्तकें और एक नया टेबलेट उपलब्ध कराया गया है। अब पूनम की यूपीएससी तैयारी में किसी भी प्रकार की बाधा नहीं आएगी।

## खबर संक्षेप

### सीआईएसएफ जवान से लूट, तीन हुए गिरफ्तार



**रायपुर।** ड्यूटी पर जा रहे सीआईएसएफ जवान से लूट के आरोप में पुलिस ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। सीआईएसएफ जवान शुक्रवार तड़के 4 बजे ड्यूटी पर जा रहे थे, तब बदमाशों ने चाकू की नोक पर जवान को रोका और उसकी एक्टिवा लूटकर फरार हो गए थे। घटना माना थाना क्षेत्र में वीआईपी रेस्टोरेंट के पास की है। सीआईएसएफ जवान जी. शांता की शिकायत पर पुलिस ने यू. गोविन्द, गुलशन कुमार मन्नाड़े, विशाल तांडी को गिरफ्तार किया है। तीनों माना के रहने वाले हैं। सीआईएसएफ जवान ने पुलिस को बताया कि वह ड्यूटी पर जा रहा था। इस दौरान बाइक सवार तीन लड़के अपने मुंह पर स्कार्फ बांधे उसके पास पहुंचे। बदमाश अपनी बाइक अड़ाकर जवान को रोक लिए। रोकने के बाद बदमाश चाकू निकालकर जवान को धमकाते हुए उससे पैसों की मांग करने लगे।

### फर्जी आईबी अधिकारी बचने दिखा रहा था धौंस

**रायपुर।** आमानाका पुलिस ने शनिवार-रविवार दरमियानी रात एक फर्जी आईबी अधिकारी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से आईडी कार्ड जब्त किया है। वाहन जांच के दौरान युवक कार्रवाई से बचने अपने आपको आईबी अधिकारी बताकर आई कार्ड दिखाकर धौंस जमाने का प्रयास कर रहा था। शक होने पर पुलिस ने कार्ड की जांच की तो उसका फर्जीवाड़ा सामने आया। पुलिस ने मूलतः मध्यप्रदेश भोपाल निवासी विशाल कुमार को गिरफ्तार किया है।

### विधानसभा की जांच समिति ने जानकारी के बाद बचत स्टॉक न काटने का लिया संज्ञान

# 10 जिलों में 115 करोड़ के चावल की अफरातफरी कोरबा और सरगुजा टॉप पर, कार्रवाई की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

विधानसभा जांच समिति, विभाग द्वारा दी गई जानकारी की समीक्षा कर आगे की कार्रवाई की दिशा निर्धारित करेगी। समिति के सदस्य इस बात को लेकर आश्चर्यचकित हैं कि राशन दुकानों में चावल स्टाक की जानकारी खाद्य निरीक्षकों द्वारा संचालनालय को देने के बाद भी बचत स्टाक को घटा कर क्यों नहीं दिया गया।

खास खबर

खाद्य विभाग के सूत्रों का कहना है कि एनआईसी तकनीकी त्रुटि का कारण बताकर सामान्य जिलों के लगभग चार सौ करोड़ रुपए के चावल का समयोजन कर चुका है। केवल आदिवासी जिलों को इस कारण छोड़ दिया गया, क्योंकि उनके द्वारा दूसरा रास्ता नहीं चुना गया था।

**पीडीएस के बचत चावल के मामले में जांच कर रही विधानसभा समिति के सामने खाद्य विभाग द्वारा दी गई जानकारी में चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। बिलासपुर को छोड़ आदिवासी क्षेत्र के जिलों में 1 अरब 28 करोड़ रुपए मूल्य का 4.63, 319 टन चावल कालाबाजार की भेंट चढ़ गया।**

### इन जिलों में सबसे अधिक गड़बड़ी

चावल के बचत स्टाक में सबसे ज्यादा गड़बड़ी कोरबा जिले में पाई गई। यहां पर 37 हजार 276 क्विंटल, सरगुजा में 36,781 क्विंटल, बलरामपुर में 40 हजार 26 क्विंटल, बस्तर में 37 हजार 276, सूरजपुर में 36 हजार 781, कांकेर में 35 हजार 827, कवर्धा में 34 हजार 660, सक्ती में 32 हजार 627, जशपुर में 31 हजार 180 और बिलासपुर में 22 हजार 417 क्विंटल चावल के बचत स्टाक की अफरातफरी की गई। इन 10 जिलों में कुल 115 करोड़ रुपए की चावल की अफरा तफरी होने के प्रमाण मिले हैं।

### चावल की कालाबाजारी, कोरबा जिला पहले स्थान पर



### 10 जिलों में हुई कालाबाजारी

10 जिलों में 4,633,19 टन चावल जिसकी बाजार में कीमत 128.09 करोड़ रुपए है, की कालाबाजारी की गई। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय कोरबा जिला भ्रष्ट्राचार का गढ़ रहा था। पीडीएस चावल बचत घोटाले में भी राज्य में पहले नंबर पर रहा। 16.59 करोड़ के मूल्य का 4669.56 टन चावल कालाबजारी में चला गया। ये गड़बड़ी 298 राशन दुकानों द्वारा की गई, जिन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। 50 राशन दुकान निलंबित हुई, 31 निरस्त हुई। सिर्फ 31 दुकानों को राजस्व वसूली का नोटिस जारी हुआ। जिन 298 राशन दुकानों को कारण बताओ नोटिस जारी हुआ, उनमें से केवल 112 के विरुद्ध कार्रवाई हुई।

### सभी मिलिशिया मेंबर

## पेंटापाड़ मार्ग में आईईडी प्लांट, 3 नक्सली गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

पुलिस पार्टी को निशाना बनाने आईईडी प्लांट कर रहे तीन मिलिशिया मेंबर को सुरक्षाबलों ने गिरफ्तार किया है। नक्सल आरोपियों के कब्जे से टिफिन बम के अलावा अन्य विस्फोटक बरामद किया गया है। जिन्हें संयुक्त टीम ने सर्चिंग के दौरान गिरफ्तार किया। गिरफ्तार नक्सलियों को न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक रिमाण्ड मिलने पर जेल भेजा गया। गिरफ्तार नक्सली थाना चिंतागुफा क्षेत्रान्तर्गत सुरक्षा बलों को नुकसान पंहुचाने की नीयत से आईईडी प्लांट करने की योजना की तैयारी में आये हुए थे। नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर थाना चिंतागुफा पुलिस बल एवं कैम्प डब्बाकोंटा 50 वीं बटालियन सीआरपीएफ द्वारा चलाए जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत थाना चिंतागुफा से निरीक्षक गोविंद यादव व जिला बल के अलावा सीआरपीएफ निरीक्षक बिजेन्द्र मोहन सिंह व कैम्प डब्बाकोंटा से सहायक कमाण्डेन्ट राकेश सिंह के नेतृत्व में संयुक्त पार्टी ग्राम पेंटापाड़, एंटापाड़ व आसपास के क्षेत्र में नक्सल गश्त सर्चिंग के लिए रवाना हुए थे। ग्राम पेंटापाड़ पगडण्डी रास्ते के पास 3 नक्सलियों को विस्फोटक पदार्थ के साथ पकड़ा गया। नक्सलियों में बुर्कलंका मिलिशिया सदस्य पोड़ियाम जोगा, माड़वी मासा तथा पोज्जा माड़वी निवासी बुर्कलंका थाना चिंतागुफा शामिल हैं। गिरफ्तार नक्सलियों से टिफिन बम, इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, कोर्डेक्स वायर, जिलेटिन रॉड, पेंसिल सेल व अन्य सामान बरामद किया गया।

- न्यायिक रिमांड पर भेजे गए जेल

### सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने लगाया

पूछताछ करने पर गिरफ्तार नक्सलियों ने बताया कि सुरक्षा बलों को नुकसान पंहुचाने की नीयत से मौके पाकर प्लांट करने विस्फोटक व बम रखे थे। आरोपियों के खिलाफ 31 अगस्त को थाना चिंतागुफा में धारा 4, 5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर 1 सितम्बर को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उन्हें न्यायिक रिमाण्ड मिलने पर जेल भेजा गया।

**तय समय में नहीं भेजे गए छात्रों के नाम तो परीक्षा में शामिल नहीं हो सकेंगे विद्यार्थी**

## दसवीं के पर्चे दो बार, पहली परीक्षा की छात्र सूची 30 तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सीबीएसई ने बोर्ड परीक्षा 2026 को लेकर विशेष गाइडलाइन जारी किए हैं। ये सभी स्कूल के लिए है। दरअसल इस साल से 10वीं की साल में दो बार बोर्ड की परीक्षा होगी।

ऐसे में बोर्ड एग्जाम को लेकर सीबीएसई ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी कड़ी में सीबीएसई ने सभी स्कूलों के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं, जिसमें बोर्ड ने स्कूलों को 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा के लिए छात्रों की एलओसी यानी लिस्ट ऑफ कैंडिडेट सब्मिट करने का शेड्यूल जारी




किया है।सीबीएसई ने कहा है कि साल 2026 कुल तीन बोर्ड परीक्षाएं आयोजित होने जा रही हैं। 10वीं की दो बोर्ड परीक्षा आयोजित होनी है और 12वीं बोर्ड की एक मुख्य परीक्षा। ऐसे में फिलहाल सीबीएसई ने 10वीं की मुख्य यानी अनिवार्य परीक्षा के लिए ही छात्रों की लिस्ट अपलोड करने की बात कही है। दूसरी लिस्ट पहली परीक्षा होने के बाद अपलोड की जाएगी। सीबीएसई पहले ही स्पष्ट कर चुका है कि जिन छात्रों के नामऑनलाइन अपलोड नहीं किए जाएंगे, उन्हें बोर्ड परीक्षा में शामिल नहीं होने का अवसर नहीं मिल पाएगा। ऐसे में ध्यानपूर्वक लिस्ट अपलोड करने कहा गया है।

### इस साल सोने के दाम 29 हजार बढ़े

## चांदी पहली बार सवा लाखी, सोना भी लंबे समय से लखटकिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सोने और चांदी की कीमत लगातार आसमान पर जा रही है। इतिहास में पहली बार चांदी सवा लाखी हो गई है। यानी चांदी के दाम सवा लाख के पार हो गए हैं। सोमवार को जब सराफा बाजार खुला, तो चांदी के दाम जीएसटी के साथ एक लाख 26500 रुपए



हो गए। शनिवार को बाजार बंद होने के समय इसके दाम एक लाख 22800 रुपए थे। यानी दाम में एक ही दिन में 37 सौ रुपए का इजाफा हो गया है। इसी के साथ 24 कैरेट सोने के दाम अब जीएसटी के साथ एक लाख आठ हजार हो गए हैं। इसके दाम शनिवार को एक लाख 68 सौ रुपए थे। सोने के दाम 22 सौ रुपए बढ़े हैं। नए साल में ही सोने की कीमत 29 हजार रुपए बढ़ चुकी है। इसी के साथ चांदी के दाम 38 हजार बढ़े हैं।

सोने और चांदी की कीमत में इस साल लगातार इजाफा हो रहा है। पहली बार 21 अप्रैल को राजधानी रायपुर में सोने के दाम जीएसटी के साथ एक लाख रुपए थी। इसके बाद मई में सोने की कीमत कम हो गई। दो जून में कीमत फिर से एक लाख के पार हो गई। इसके बाद फिर से कीमत कम हुई और अब तो लगातार इसके दाम बीते दो माह से ही एक लाख के पार ही रहे हैं।

### चांदी की कीमत में 38 हजार का इजाफा

चांदी की कीमत भी अब नए रिकॉर्ड पर पहुंच गई है। चांदी की डिमांड ज्यादा होने के कारण इसके दाम लगातार बढ़ रहे हैं। चांदी के दाम तो सोने से भी तेजी से बढ़ रहे हैं। एक समय सोने और चांदी के दाम बराबरी पर चल रहे थे। लेकिन चांदी ने सोने को पीछे छोड़ते हुए सवा लाख की कीमत को पार कर लिया है। अब इसके दाम तेजी से डेढ़ लाख की तरफ जाने की संभावना है। चांदी के दाम एक जनवरी को 88500 रुपए थे। चांदी के दाम पहली बार फरवरी में एक लाख के पार गए थे। इस साल इसके दाम अब तक 38 हजार रुपए बढ़ चुके हैं।








# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, मंगलवार 2 सितंबर 2025


## सीएम साय की पहल पर नड्डा ने दी सौगात



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा ने छत्तीसगढ़ के किसानों को सौगात दी है। माह सितंबर 2025 में राज्य हेतु भारत सरकार रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा यूरिया के लिए कुल 60800 मे टन का आबंटन प्राप्त हुआ है, जो गत वर्ष माह सितंबर 2024 में प्राप्त आबंटन से लगभग 10,000 में टन अधिक है। माह सितंबर 2025 में यूरिया हेतु प्राप्त आबंटन में से 58100 मे टन स्वदेशी है, जो कि गत माह अगस्त में प्राप्त स्वदेशी आबंटन मात्रा 23550 में टन से लगभग दोगुना है। इस प्रकार स्वदेशी निर्मित यूरिया का आबंटन प्राप्त होने से आपूर्ति में तीव्रता आएगी। प्रदेश में कृषकों के हित को दृष्टिगत रखते हुए सभी आबंटी प्रदायकों को आगामी 10 दिवस का रैक पॉइंट वार प्लान दिया गया है ताकि प्रदेश में कही पर यूरिया की कमी की समस्या न हो।

*हरिभूमि ने खाद की कमी पर प्रमुखता से खबरें प्रकाशित की थीं*

# खाद संकट से जूझ रहे किसानों को थोड़ी राहत इस माह मिलेगा 60 हजार टन अतिरिक्त यूरिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में इस समय खाद संकट और किसानों की परेशानियों के बीच यह खबर बेहद महत्वपूर्ण है कि राज्य को इस माह 60 हजार मीट्रिक टन यूरिया का अतिरिक्त आवंटन केंद्र से मिला है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर यह आवंटन मिला है। इससे पहले राज्य में खाद की कमी को लेकर हरिभूमि ने लगातार खबरें प्रकाशित की हैं। इसके बाद खाद की कालाबाजारी रोकने के लिए राज्यभर में छापेमारी भी की जा रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्य के किसानों के हित में खाद ⏭ शेष पेज 4 पर

हरिभूमि लगातार



- पिछले साल की तुलना में इस समय ज्यादा खाद का वितरण
- कालाबाजारी रोकने राज्यभर में की जा रही छापेमारी

### मार्कफेड में खाद का स्टॉक और वितरण

मार्कफेड अधिकारियों ने बताया कि चालू खरीफ सीजन के लिए 28 अगस्त की स्थिति में सहकारी क्षेत्र में 3 लाख 91 हजार 79 मीट्रिक टन और निजी क्षेत्र में 3 लाख 11 हजार 563 मीट्रिक टन, इस तरह कुल 7 लाख 2 हजार 642 मीट्रिक टन यूरिया का भंडारण किया गया है। इसके विरुद्ध 6 लाख 38 हजार 599 मीट्रिक टन यूरिया किसानों को वितरित किया जा चुका है। इसमें 3 लाख 42 हजार 444 मीट्रिक टन सहकारी क्षेत्र और 2 लाख 96 हजार 155 मीट्रिक टन निजी क्षेत्र से वितरण शामिल है। यह आँकड़ा पिछले वर्ष की इसी अवधि में हुए 6 लाख 17 हजार 798 मीट्रिक टन वितरण से अधिक है, जो इस बार की बेहतर आपूर्ति व्यवस्था का प्रमाण है।

### किसानों के लिए सरकार संवेदनशील- साय

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि किसानों की हर आवश्यकता पर राज्य सरकार संवेदनशील है और यह अतिरिक्त आबंटन उनकी खरीफ फसलों को सुरक्षित रखने में सहायक होगा। खरीफ सीजन में किसानों को खाद की आपूर्ति उनकी समयबद्ध जरूरतों के अनुरूप प्राथमिकता से की जा रही है। अब तक निर्धारित लक्ष्य का 98 प्रतिशत यूरिया किसानों तक पहुंच चुका है। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि किसानों को मौसम और फसल की आवश्यकताओं के अनुरूप पर्याप्त खाद की आपूर्ति लगातार जारी रहेगी और उनकी उपज सुरक्षित रहेगी।

**नैनो खाद भी है उपलब्ध :** प्रदेश में किसानों के लिए नैनो खाद की भी पर्याप्त व्यवस्था की गई है। सहकारी क्षेत्र में 1 लाख 78 हजार 919 और निजी क्षेत्र में 1 लाख 12 हजार 140, इस तरह कुल 2 लाख 91 हजार 59 बॉटल नैनो यूरिया का भंडारण हुआ है। इसी प्रकार सहकारी क्षेत्र में 1 लाख 58 हजार 809 और निजी क्षेत्र में 79 हजार 810, कुल ⏭ शेष पेज 4 पर

**अब तक 13.9 लाख टन खाद वितरित :** प्रदेश में चालू खरीफ सीजन के लिए भारत सरकार ने 14.62 लाख टन रासायनिक खाद का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके विरुद्ध सहकारी एवं निजी क्षेत्रों में 15.64 लाख टन का भंडारण कर लिया गया है। भंडारण के आधार पर अब तक 13.19 लाख टन खाद वितरित किया गया है।


आनंद का सच्चा भाव®

| | |
|---|---|
| 18 कैरेट रेट* (75.00%) | ₹76695/- |
| 22 कैरेट रेट* (91.60%) | ₹93670/- |
| 24 कैरेट रेट* (99.99%) | ₹102250/- |

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

aNaND Jewels Pandri, Raipur

*Conditions apply


*शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) समिट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आतंकवाद पर सीधा हमला बोला और पहलगाम आतंकी हमले का जिक्र करते हुए पाकिस्तान को कड़ा संदेश दिया। उन्होंने कहा कि भारत पिछले चार दशकों से आतंकवाद का दंश झेल रहा है। पहलगाम हमले का जिक्र करते हुए पीएम आतंकवाद पर कोई भी दोहरा मापदंड स्वीकार्य नहीं करने की बात कही। पीएम मोदी ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एकता पर जोर दिया।*

# पीएम मोदी ने दुनिया को दिया संदेश

## उग्रवाद-अलगाववाद और आतंकवाद बर्दाश्त नहीं

एजेंसी ⏭ तियानजिन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को शंघाई सहयोग संगठन के वार्षिक शिखर सम्मेलन में कहा कि पहलगाम में हुआ भयावह आतंकवादी हमला न केवल भारत की अंतरात्मा पर आघात है, बल्कि यह मानवता में विश्वास रखने वाले प्रत्येक राष्ट्र के लिए एक खुली चुनौती भी है। उन्होंने आतंकवाद से निपटने में दोहरे मापदंड त्यागने की जोरदार वकालत की। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग और वैश्विक नेताओं की उपस्थिति में मोदी ने वार्षिक शंघाई सहयोग संगठन को संबोधित करते हुए कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई मानवता के प्रति हमारा कर्तव्य है। पाकिस्तान और इसका (आतंकवाद का) समर्थन करने वालों को स्पष्ट संदेश देते हुए मोदी ने कहा, यह पूछना स्वाभाविक है कि क्या कुछ देशों द्वारा आतंकवाद को खुला समर्थन हमें कभी स्वीकार्य हो सकता है? उन्होंने कहा, हमें स्पष्ट रूप से और एक स्वर में कहना होगा: आतंकवाद पर दोहरे मापदंड अस्वीकार्य हैं। हमें मिलकर, हर रूप और अभिव्यक्ति में आतंकवाद का विरोध करना चाहिए। यह मानवता के प्रति हमारा कर्तव्य है। पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में भारत ने छह और सात मई को ⏭ शेष पेज 4 पर



**मोदी-पुतिन-शी की 'महामुलाकात'**

एससीओ के शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग समेत कई वैश्विक नेताओं से मुलाकात हुई है। शिखर सम्मेलन में जिस गर्मजोशी से तीनों नेताओं के बीच मुलाकात हुई है, उसको लेकर भी काफी चर्चाएं हैं।

- एससीओ के मंच से पाकिस्तान को सुनाई खरी-खरी
- प्रधानमंत्री ने पहलगाम हमले को लेकर दिया कड़ा संदेश

**एससीओ में भारत की बड़ी कूटनीतिक जीत.. घोषणापत्र में पहलगाम हमले की निंदा**

### मोदी का भाषण सुन उड़ा शहबाज के चेहरे का रंग

पीएम मोदी ने स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि आतंकवाद पर किसी भी तरह के डबल स्टैंडर्ड स्वीकार्य नहीं होंगे। सभी देशों को एकजुट होकर इसका हर रूप में विरोध करना होगा। पीएम मोदी जब आतंकवाद पर भाषण दे रहे थे तब पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ उनके सामने ही बैठे थे। जैसे ही पीएम ने पहलगाम हमले का जिक्र किया शहबाज के चेहरे की हवाइयां उड़ गईं।

### 'एससीओ' का नया अर्थ

प्रधानमंत्री ने एससीओ समूह के प्रति भारत के दृष्टिकोण और नीति पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए शंघाई सहयोग संगठन के संक्षिप्त नाम 'एससीओ' का नया अर्थ प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया, 'एससीओ के 'एस' का अर्थ है 'सिक्योरिटी' यानी सुरक्षा, 'सी' का अर्थ है 'कनेक्टिविटी' यानी संपर्क और 'ओ' का अर्थ है 'ऑपचुनिटी' यानी अवसर।

### एससीओ ने की पहलगाम हमले की निंदा

शंघाई सहयोग संगठन ने पहलगाम आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करते हुए भारत के इस रुख से सोमवार को सहमति जताई कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में 'दोहरे मानदंड' अस्वीकार्य हैं। सम्मेलन के अंत में जारी एक घोषणापत्र में आतंकवाद से लड़ने के अपने दृढ़ संकल्प को सूचीबद्ध किया। एससीओ सदस्य देशों ने गाजा में इजराइल द्वारा किए गए सैन्य हमलों में बड़ी संख्या में आम लोगों के हताहत होने और गाजा पट्टी में भयावह मानवीय स्थिति पैदा होने के कारण इन हमलों की निंदा की। घोषणापत्र में क्षेत्रीय सुरक्षा बढ़ाने के उपायों का उल्लेख किया गया और आतंकवाद से निपटने को एक बड़ी चुनौती बताया गया। सदस्य देश 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करते हैं।

**एक कार में दो महाशक्ति**

### पुतिन ने मोदी को दी अपनी कार में लिफ्ट



रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपनी 'ऑरस लिमोजीन' कार में लिफ्ट दी और दोनों नेता एससीओ शिखर सम्मेलन से इतर द्विपक्षीय वार्ता स्थल तक साथ पहुंचे। दोनों नेताओं ने कार में लगभग एक घंटे तक आमने-सामने की बातचीत की। मोदी ने सोशल मीडिया पर लिमोजीन के अंदर अपनी और रूस के राष्ट्रपति की एक तस्वीर भी साझा की।

### मोदी ने पुतिन से किया यूक्रेन संघर्ष जल्द समाप्त करने का आह्वान

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से सोमवार को कहा कि यूक्रेन संघर्ष को यथाशीघ्र समाप्त करना मानवता का आह्वान है। मोदी और पुतिन ने चीनी बंदरगाह शहर तियानजिन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के वार्षिक शिखर सम्मेलन के इतर बातचीत की। यह बैठक ऐसे समय में हुई जब भारत एवं अमेरिका के संबंध पिछले दो दशक के संभवतः सबसे खराब दौर से गुजर रहे हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की शुल्क नीति और उनके प्रशासन द्वारा भारत की लगातार आलोचना किए जाने के कारण संबंधों में तनाव बढ़ गया है। भारत द्वारा जारी बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी और रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने आर्थिक, वित्तीय और ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग पर भी विचार-विमर्श किया तथा इन क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों के निरंतर आगे बढ़ने पर संतोष व्यक्त किया। प्रधानमंत्री मोदी ने टेलीविजन पर प्रसारित अपने वक्तव्य की शुरुआत में कहा, हम यूक्रेन में शांति लाने के सभी हालिया प्रयासों का स्वागत करते हैं और आशा करते हैं कि सभी संबंधित पक्ष 'रचनात्मक तरीके से' आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि मानवता का आह्वान है कि संघर्ष को जल्द से जल्द समाप्त किया जाए और क्षेत्र में स्थायी शांति लाने के तरीके खोजे जाएं। मोदी ने कहा कि भारत रूसी नेता का स्वागत करने का इंतजार कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के साथ शिखर वार्ता के लिए पुतिन दिसंबर में भारत आने वाले हैं। मोदी ने कहा कि भारत और रूस कठिन समय में भी हमेशा कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़े हैं।

**खबर संक्षेप**

### मुंबई में 40,000 से अधिक मूर्तियों का विसर्जन




**मुंबई।** गणेशोत्सव के पांचवें दिन, रविवार को मुंबई में 40,000 से अधिक गणपति प्रतिमाओं का समुद्र, अन्य जल स्त्रोतों और कृत्रिम तालाबों में विसर्जन देर रात तक किया गया। विसर्जन प्रक्रिया के दौरान अब तक शहर में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली है।

### निजी बस ने ट्रेलर ट्रक को मारी टक्कर, चार की मौत

**हैदराबाद।** तेलंगाना के महबूबनगर जिले में सोमवार तड़के एक निजी बस ने ट्रेलर ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे बस में सवार चार लोगों की मौत हो गई जबकि अन्य लोग घायल हो गए। यह दुर्घटना अडकल पुलिस थाना क्षेत्र में आधी रात के बाद करीब 2.15 बजे हुई। दुर्घटना में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि पांच अन्य लोग घायल हो गए।

**6.0 तीव्रता का भूकंप, 2500 से अधिक घायल**

# अफगानिस्तान में धरती डोली, 800 से अधिक की मौत, कई गांव तबाह



**काबुल।** पूर्वी अफगानिस्तान में आए शक्तिशाली भूकंप में लगभग 800 लोगों की मौत हो गयी तथा 2,500 से अधिक लोग घायल हो गए। तालिबान सरकार के एक प्रवक्ता यह जानकारी दी। भूकंप के बाद परेशान अफगानी लोग रात के अंधेरे में भी मलबे में अपने लापता प्रियजनों की तलाश करते रहे। पड़ोसी नंगरहार प्रांत के जलालाबाद शहर के समीप कुनार प्रांत के कई शहरों में रविवार देर रात आए 6.0 तीव्रता के भूकंप से बड़े पैमाने पर तबाही मची है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, रात 11:47 बजे आए भूकंप का केंद्र नंगरहार प्रांत के जलालाबाद शहर से 27 किलोमीटर दूर पूर्व-उत्तरपूर्व में था। भूकंप का केंद्र जमीन से आठ किलोमीटर की गहराई में था। कम गहराई वाले भूकंप ज्यादा नुकसान पहुंचाते हैं। भूकंप के बाद भी कई झटके महसूस किए गए।

**खास बातें**

- जलालाबाद शहर से 27 किमी दूर पूर्व-उत्तरपूर्व में था केंद्र
- भूकंप के बाद भी कई झटके महसूस किए गए



### जलालाबाद एक व्यापारिक शहर

तालिबान सरकार के मुख्य प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने कहा, लोगों की जान बचाने के लिए सभी उपलब्ध संसाधनों का उपयोग किया जाएगा। पड़ोसी देश पाकिस्तान से निकटता और दोनों देशों के बीच सीमा पार का एक प्रमुख केंद्र होने के कारण जलालाबाद एक चहल-पहल वाला व्यापारिक शहर है। नगरपालिका के अनुसार, इसकी आबादी लगभग 3,00,000 है, लेकिन इसका महानगरीय क्षेत्र कहीं ज्यादा बड़ा माना जाता है।

**आंखों देखी....खत्म हो गया पूरा गांव :** कुनार के सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में से एक नर्गल जिले के एक निवासी ने बताया कि लगभग पूरा गांव खत्म हो गया है। ग्रामीण ने बताया, बच्चे, बुजुर्ग और युवा मलबे के नीचे दब गए। उसने गुहार लगाई, हमें यहां मदद की जरूरत है। पूर्वी अफ़गानिस्तान पहाड़ी क्षेत्र है और दूरदराज के इलाकों से घिरा है।

**दो साल पहले भी आया था भूकंप**

सात अक्टूबर 2023 को अफगानिस्तान में 6.3 तीव्रता का भूकंप आया था, जिसके बाद तेज़ झटके भी महसूस किए गए थे। तालिबान सरकार का अनुमान है कि इस भूकंप में कम से कम 4,000 लोग मारे गए।

# लकड़ी काट रहा था भृत्य, कुल्हाड़ी से छात्र के पैर की कटी नस, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबिकापुर

बलरामपुर जिला मुख्यालय से लगे जरहाडीह बालक छात्रावास में लकड़ी काटते समय एक मासूम छात्र हादसे का शिकार हो गया। लकड़ी काटने के दौरान कुल्हाड़ी बच्चे के पैर में लग गई और उसके घुटने के पीछे की नस कट गई। नस कटने से बच्चा गंभीर हो गया जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से छात्र को रिफर कर दिया गया था। अंबिकापुर ⏭ शेष पेज 4 पर

- जरहाडीह का छात्रावास का मामला



### एफआईआर के निर्देश

इस घटना की गंभीरता से जांच के निर्देश दिए गये है और दोषियों के खिलाफ अपराध दर्ज करने के लिए कहा गया है। बच्चे के परिजन को भी विभाग की ओर से पूरी सहायता की जा रही है। जांच के बाद इस मामले में कार्रवाई होगी।

\- **समीक्षा जायसवाल**
एसी ट्राइबल बलरामपुर

# नकली शराब बनाने वाले 4 अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार, 35 हजार लीटर स्प्रिट जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

मुंगेली पुलिस नकली शराब बनाने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है। आरोपियों के पास से एक ट्रक टैंकर, आल्टो कार और 35 हजार बल्क लीटर स्प्रिट सहित करीब 46 लाख 68 हजार रुपए का सामान जब्त किया गया है। गिरफ्तार आरोपी मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश के रहने वाले हैं। पुलिस के अनुसार ⏭ शेष पेज 4 पर

- एमपी और यूपी के रहने वाले हैं पकड़े गए आरोपी

### गिरोह के कुछ सदस्यों के खिलाफ पहले से आपराधिक रिकॉर्ड दर्ज



**पकड़े गए आरोपी :** पुलिस ने मामले में रामगोपाल यादव पिता देव सिंग यादव उम्र 40 वर्ष निवासी मोया, थाना व्यावरा, जिला राजगढ़ (मप्र), मलखान सिंग पिता भगवान सिंग उम्र 35 वर्ष निवासी बिगवां, थाना राठ, जिला हमीरपुर (उप्र), ⏭ शेष पेज 4 पर

**एसपी बोले- आगे जारी रहेगी कार्रवाई**

पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल द्वारा चलाए जा रहे अभियान ऑपरेशन बाज के तहत नशे जैसे ब्राउन शुगर, चरस, अफीम एवं शराब तस्करों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जा रही है। एसपी श्री पटेल ने कहा कि ⏭ शेष पेज 4 पर

**घरेलू बिक्री में वृद्धि का असर, 6.5 फीसदी बढ़कर 1.86 लाख करोड़**

# जीएसटी ने भरा सरकार का खजाना, ताबड़तोड़ कलेक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

घरेलू बिक्री में वृद्धि के कारण अगस्त में सकल जीएसटी संग्रह 6.5 प्रतिशत बढ़कर 1.86 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो गया। सोमवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली। आगामी त्योहारों के कारण राजस्व में वृद्धि जारी रहने की संभावना है।

सकल वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह अगस्त 2024 में 1.75 लाख करोड़ रुपए था। पिछले महीने संग्रह 1.96 लाख करोड़ रुपये था। इस साल अगस्त में सकल घरेलू राजस्व 9.6 प्रतिशत बढ़कर 1.37 लाख करोड़ रुपए हो गया, जबकि ⏭ शेष पेज 4 पर

### जीएसटी रिफॉर्म से बड़ा बदलाव?

इस बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर एक बड़ी घोषणा की थी कि जीएसटी में अगली पीढ़ी के सुधार दिवाली तक जनता के सामने लाए जाएंगे। उनका कहना था कि ये सुधार आम आदमी को बेहतर कर राहत देंगे और छोटे-छोटे व्यवसायों, खासकर मध्यम वर्ग के उद्यमियों को लाभ पहुंचाएंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि जीएसटी को लागू हुए आठ साल पूरे हो चुके हैं और अब समय आ गया है कि इसे और बेहतर बनाया जाए ताकि कर प्रणाली और भी सरल और प्रभावी हो सके।




**जीएसटी सुधारों में राज्यों का भी साथ**

हाल ही में खबरें आई हैं कि कई विपक्षी शासित राज्य भी जीएसटी सुधारों के पक्ष में हैं। वे चाहते हैं कि जीएसटी की दरें अधिक युक्तिसंगत हों ताकि व्यापारियों और आम जनता दोनों को फायदा हो। साथ ही, वे यह भी चाहते हैं कि मुनाफाखोरी पर नियंत्रण रखा जाए ताकि ज्यादा लाभ केवल कुछ लोगों को न मिले।

### अप्रैल में रिकॉर्ड पर था जीएसटी कलेक्शन

इस साल अप्रैल में जीएसटी कलेक्शन अपने पूरे इतिहास के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गया था, जब सरकार ने 2.37 लाख करोड़ रुपये की कमाई की थी। अगस्त में जीएसटी के अलावा कुल घरेलू राजस्व भी बढ़ा है। अगस्त 2025 में ग्रॉस डोमेस्टिक रेवेन्यू 1.36 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष के मुकाबले 6.6 प्रतिशत अधिक है। हालांकि इम्पोर्ट टैक्स में थोड़ी गिरावट देखी गई है, जो साल-दर-साल 1.2 प्रतिशत कम होकर 49,354 करोड़ रुपए रहा।

## चिंतन

# एससीओ में भारत ने एक तीर से लगाए दो निशाने

एससीओ समिट के दूसरे दिन भारत को बड़ी सफलता मिली है। समिट के दौरान भारत के प्रस्ताव को मंजूर करते हुए पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ की मौजूदगी में पहलगाम हमले की निंदा की गई। घोषणा पत्र में कहा गया कि इस हमले के अपराधियों, आयोजकों और उन्हें समर्थन देने वालों को सजा दिलाना जरूरी है। इस साल 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने 26 पर्यटकों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। याद रहे, इससे पहले जून में हुई रक्षा मंत्रियों की बैठक के दौरान एससीओ के घोषणापत्र में पहलगाम हमले का जिक्र भी नहीं था। इसे लेकर भारत ने नाराजगी जताई थी और इस पर साइन करने से इनकार कर दिया था। अब भारत की कूटनीति रंग लाई है। न केवल भारत के प्रस्ताव पर मुहर लगी बल्कि आतंकवाद पोषक पाकिस्तान को करारा झटका भी लगा है। एससीओ यानि शंघाई सहयोग संगठन एक स्थायी अंतर-सरकारी अंतरराष्ट्रीय संगठन है। समिट का मतलब है संगठन के सदस्य देशों के राष्ट्राध्यक्षों और शासनाध्यक्षों की सालाना बैठक, जिसमें देश आपस में राजनीतिक, आर्थिक और सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करते हैं। इसका मुख्य उद्देश्य सदस्य देशों के बीच आपसी विश्वास, सहयोग और अच्छे संबंध स्थापित करना है। यह संगठन मध्य एशिया में क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता को बनाए रखने पर जोर देता है। आतंकवाद, अलगाववाद और चरमपंथ से मिलकर लड़ना इसका एक प्रमुख मकसद है। इसका मकसद सदस्य देशों के बीच आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है। यह शिखर सम्मेलन सदस्य देशों के नेताओं को एक मंच पर लाता है, जिससे वे द्विपक्षीय और बहुपक्षीय मुद्दों पर चर्चा कर सकें और आपसी समझ को मजबूत कर सकें। यह एससीओ सदस्य देशों के बीच सांस्कृतिक और मानवीय संबंधों को भी बढ़ावा देता है। संगठन में भारत, चीन, रूस, पाकिस्तान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान और ईरान सदस्य देश हैं। अब संगठन का महत्व इसलिए भी बढ़ गया है कि पहले चीन और अब भारत अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निशाने पर हैं, लेकिन अब सम्मेलन के दौरान नरेन्द्र मोदी, शी जिनपिंग और व्लादिमीर पुतिन की गर्मजोशी देखकर पहली बार अमेरिका की घबराहट सामने आई है। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो को अब बयान जारी करना पड़ा है, जिससे साफ जाहिर हो रहा है कि अमेरिका पहली बार प्रेशर में है और भारत जिस रणनीति पर काम कर रहा है, वो कामयाब दिख रहा है। अमेरिका के विदेश सचिव मार्को रूबियो ने एक बयान जारी करते हुए कहा है कि भारत और अमेरिका के बीच की साझेदारी लगातार नई ऊंचाइयों को छू रही है, जो 21वीं सदी का निर्णायक रिश्ता है। कल तक भारत को गरियाने वाला अमेरिका अब रिश्तों की दुहाई दे रहा है। उनके इस बयान से साफ है कि भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगाने वाला अमेरिका भारत, चीन, रूस गठजोड़ से खास परेशान है। तस्वीर साफ है कि भारत ने एक तीर से दो निशाने लगा दिए हैं। एक तरफ तो समिट में पहलगाम हमले की निंदा होने और आतंकवाद को कुचलने के प्रस्ताव से पाकिस्तान को झटका लगा है, वहीं समिट की गर्मजोशी से अमेरिका सोचने को मजबूर है। इसका असर आने वाले कुछ दिनों में दिखाई देगा। यह देखना दिलचस्प होगा कि एससीओ के बाद एक भारत के खिलाफ फैसले लेने वाले ट्रंप अब क्या करते हैं।



विचार
बृजमोहन अग्रवाल

# विरोध तो हुआ फिर भी मानसून सत्र बहुत कुछ दे गया

वर्ष संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू होकर 21 अगस्त तक चला। इस दौरान 32 दिनों में कुल 21 बैठकें हुईं। सत्र में 14 विधेयक लोकसभा में पेश किए गए, एक विधेयक वापस लिया गया और 15 विधेयक लोकसभा और राज्यसभा दोनों से पारित हुए। बार-बार के व्यवधानों के चलते संसद की कार्यवाही बराबर प्रभावित होती रही। लेकिन बावजूद इसके सत्र में कुछ अहम विधेयक पेश और पारित किए गए। समूचे सत्र के दौरान लोकसभा में लगभग 31 प्रतिशत कार्य हुआ, जिसमें 120 घंटे के कुल समय में से केवल 37 घंटे की ही कार्यवाही हो पाई। जबकि राज्यसभा में लगभग 39 प्रतिशत कार्य हो सका, जिसमें कुल 41 घंटे 15 मिनट तक ही कार्यवाही हुई। दोनों सदनों में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई, जिनमें पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर पर विस्तृत बहस शामिल रही। लोकसभा में इस मुद्दे पर 18 घंटे 41 मिनट तक चर्चा हुई, जिसमें 73 सांसदों ने भाग लिया और प्रधानमंत्री ने जवाब दिया, जबकि राज्यसभा में इसी मसले में 16 घंटे 25 मिनट की चर्चा के दौरान 65 सांसदों ने हिस्सा लिया और गृहमंत्री ने जवाब दिया। विपक्ष के तमाम विरोध के बाद भी यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र की जन कल्याणकारी सरकार द्वारा सत्र में कई अहम विधेयक पारित किए गए, जिनमें आयकर (संशोधन) विधेयक 2025, राष्ट्रीय खेल संचालन विधेयक 2025, ऑनलाइन गेमिंग (प्रोत्साहन और विनियमन) विधेयक 2025, पोर्ट्स और शिपिंग से जुड़े पांच विधेयक, भारतीय प्रबंधन संस्थान (संशोधन) विधेयक 2025 और खनन एवं खनिज (विकास और विनियमन) संशोधन विधेयक 2025 शामिल हैं। दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (संशोधन) विधेयक 2025 और जन विश्वास (संशोधन) विधेयक 2025 को चयन समिति के पास भेजा गया, जबकि संविधान (130वां संशोधन) विधेयक 2025, केंद्रशासित प्रदेश शासन (संशोधन) विधेयक 2025 और जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक 2025 को संयुक्त समिति को सौंपा गया।

इसके अलावा मणिपुर में राष्ट्रपति शासन को 13 अगस्त 2025 से अगले छह महीने के लिए बढ़ाने की मंजूरी दी गई और राज्य का बजट एवं विनियोग विधेयक भी पारित किया गया। भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री के अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS) पर पहुंचने और 'विकसित भारत 2047' में अंतरिक्ष कार्यक्रम की भूमिका पर भी चर्चा शुरू हुई, लेकिन बार-बार के व्यवधान के कारण यह पूरी नहीं हो सकी। आयकर (संशोधन) विधेयक 2025 12 अगस्त को संसद में पारित किया गया। नया अधिनियम कोई नई कर दर लागू नहीं करता है और केवल भाषा को सरल बनाता है, जो जटिल आयकर कानूनों को समझने के लिए आवश्यक था।

राष्ट्रीय खेल संचालन विधेयक 2025 में राष्ट्रीय खेल निकायों की स्थापना का प्रावधान है राष्ट्रीय ओलंपिक समिति, राष्ट्रीय पैरालंपिक समिति जैसे निकायों को राज्य और जिला स्तर पर सहयोगी इकाइयां स्थापित करनी होंगी। इन निकायों को नैतिकता संहिता बनानी होगी, साथ ही शिकायतों का निपटारा करने के लिए भी एक समिति का गठन करना होगा। राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम में राष्ट्रीय खेल बोर्ड की स्थापना का भी प्रावधान है। ये खेल बोर्ड राष्ट्रीय खेल सोसिएशंस को मान्यता देने और उनके संचालन पर निगरानी रखेगा।ऑनलाइन गेमिंग (प्रोत्साहन और विनियमन) विधेयक 2025 संसद द्वारा 21 अगस्त 2025 को पारित किया गया। यह विधेयक नागरिकों को ऑनलाइन मनी गेम्स के खतरे से बचाने के साथ-साथ अन्य प्रकार के ऑनलाइन गेम्स को बढ़ावा देने और विनियमित करने के लिए एक ऐतिहासिक कदम है। यह कानून त्वरित धन कमाने के भ्रामक वादों पर फलने-फूलने वाले शिकारी गेमिंग प्लेटफॉर्म्स की लत, वित्तीय बर्बादी और सामाजिक संकट को रोकने के लिए बनाया गया है। पोर्ट्स और शिपिंग से जुड़े पांच बड़े समुद्री विधेयक भी पारित हुए हैं, जिन्हें भारत की समुद्री अर्थव्यवस्था और व्यापार जगत के लिए ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है। इन नए कानूनों का उद्देश्य औपनिवेशिक युग के पुराने समुद्री कानूनों की जगह आधुनिक और वैश्विक मानकों के अनुरूप नियम लागू करना है, जिससे न केवल व्यापार आसान होगा बल्कि लागत में भी कमी आएगी। इसके अलावा भारतीय प्रबंधन संस्थान (संशोधन) विधेयक 2025 18 अगस्त, 2025 को लोकसभा में पेश किया गया। यह विधेयक भारतीय प्रबंधन संस्थान अधिनियम, 2017 में संशोधन का प्रयास करता है। यह अधिनियम भारतीय प्रबंधन संस्थानों (आईआईएम) को राष्ट्रीय महत्व के



संस्थान घोषित करता है और उनके कामकाज को विनियमित करता है। खनन एवं खनिज (विकास और विनियमन) संशोधन विधेयक 2025 का उद्देश्य महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिजों पर विशेष ध्यान देते हुए भारत के खनिज क्षेत्र को और अधिक उदार और आधुनिक बनाना है। विधेयक के जरिये मूल खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 में संशोधन किया गया है। संशोधन विधेयक में खनन ढांचे को आधुनिक बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण परिवर्तन किए गए हैं, जिसमें खनन पट्टाधारक अब अतिरिक्त रायल्टी का भुगतान किए बिना अपने मौजूदा परिचालन में नए खनिजों, विशेष रूप से लिथियम, कोबाल्ट और निकल जैसे महत्वपूर्ण खनिजों को शामिल कर सकते हैं। यह विधेयक गहरे खनिजों के लिए खनन क्षेत्रों के एकमुश्त विस्तार की अनुमति देता है और कैप्टिव खदानों से खनिजों की बिक्री पर 50 प्रतिशत की सीमा हटाता है। राज्यों को खनिज भंडारों की बिक्री की अनुमति देने का भी अधिकार देता है। दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (संशोधन) विधेयक 2025 का उद्देश्य लगातार आ रही बाधाओं को दूर करना, प्रक्रियात्मक दक्षता बढ़ाना, लेनदारों को सशक्त बनाना और भारतीय दिवाला पारिस्थितिकी तंत्र को सर्वोत्तम वैश्विक प्रथाओं के अनुरूप बनाना है। जन विश्वास (संशोधन) विधेयक 2025 का उद्देश्य 16 केंद्रीय अधिनियमों के 355 प्रावधानों में संशोधन करके उनकी उपयोगिता को आसान बनाना है। इनमें से 288 प्रावधानों को गैर-अपराधीकरण करने और 67 प्रावधानों में 'जीवन की सुगमता' को सुगम बनाने के लिए संशोधन का प्रस्ताव है। सरकार ने सदन के अध्यक्ष से इस विधेयक को समीक्षा के लिए प्रवर समिति को भेजने का अनुरोध किया है।

संविधान (130वां संशोधन) विधेयक 2025 दोषसिद्धि से पहले 'सत्ता के नैतिक मानदंड' की रक्षा करता है। ठीक उसी तरह जैसे सिविल सेवाओं में 48 घंटे से अधिक की हिरासत पर 'डीम्ड सस्पेंशन' लागू हो जाता है। वस्तुतः इस विधेयक में कहा गया है कि कोई भी मंत्री जो किसी गंभीर अपराध के लिए 30 दिनों तक जेल में रहेगा,वह अपना पद खो देगा। कोई मंत्री, जो इस पद पर रहते हुए लगातार तीस दिनों की किसी अवधि के दौरान, किसी भी समय कानून के तहत कोई अपराध करने के आरोप पर गिरफ्तार किया जाता है और हिरासत में रखा जाता है, जो पांच वर्ष या उससे अधिक की अवधि के कारावास से दंडनीय है, उसे ऐसी हिरासत में लिए जाने के बाद, इकतीसवें दिन मुख्यमंत्री की सलाह पर उसे राष्ट्रपति द्वारा उसके पद से हटा दिया जाएगा। विधेयक में कहा गया है कि यदि ऐसे मंत्री को हटाने के लिए मुख्यमंत्री की सलाह इकतीसवें दिन तक राष्ट्रपति को नहीं दी जाती है, तो वह उसके बाद आने वाले दिन से मंत्री नहीं रह जाएगा।

जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक 2025 के तहत यदि जम्मू-कश्मीर में किसी मंत्री को पांच वर्ष या उससे अधिक कारावास की सजा वाले अपराध के आरोप में गिरफ्तार किया जाता है और लगातार 30 दिनों तक हिरासत में रखा जाता है, तो उसे पद से हटा दिया जाएगा। उपराज्यपाल (एलजी) मुख्यमंत्री की सलाह पर मंत्री को हटाएंगे। यदि मुख्यमंत्री कार्रवाई करने में विफल रहते हैं, तो मंत्री 31वें दिन से स्वतः ही पद पर नहीं रहेंगे। यदि मुख्यमंत्री को इसी तरह के आरोपों में गिरफ्तार कर 30 दिनों के लिए हिरासत में रखा जाता है तो उन्हें 31वें दिन तक इस्तीफा देना होगा। यदि इस्तीफा नहीं दिया जाता है तो अगले दिन से मुख्यमंत्री स्वतः ही पद खो देंगे।

*-सांसद रायपुर लोकसभा, पूर्व कैबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ सरकार*

नारियल दिवस
श्वेता गोयल



# प्राकृतिक ऊर्जा का अमृत व जीवन का वृक्ष है नारियल

हर वर्ष 2 सितम्बर को विश्व नारियल दिवस मनाया जाता है। यह अवसर न केवल नारियल जैसे बहुमूल्य फल और उसके वृक्ष के महत्व को समझाने के लिए हैं बल्कि यह दिन दुनियाभर के लोगों को इसके पोषण मूल्य, आर्थिक महत्व, खेती, प्रसंस्करण, उपयोगिता और वैश्विक स्वास्थ्य तथा कृषि में इसकी भूमिका को याद दिलाने का भी माध्यम है। यह दिवस दुनियाभर में लोगों को नारियल के फायदे समझाने, नारियल के पोषण मूल्य और आर्थिक महत्व के बारे में बताने, नारियल की खेती, प्रोसेसिंग और इसके कई उपयोगों के बारे में लोगों को शिक्षित करने, वैश्विक स्वास्थ्य और कृषि में नारियल की अहमियत समझने, नारियल से जुड़े नए तकनीकी तरीकों को अपनाने, नारियल से जुड़े उद्योगों में मौजूदा चुनौतियों को दूर करने इत्यादि अनेक उद्देश्यों के साथ 'एशियाई प्रशांत नारियल समुदाय' (एपीसीसी) के गठन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। इस संगठन का उद्देश्य नारियल से जुड़ी हर गतिविधि को बढ़ावा देना, नारियल किसानों की स्थिति में सुधार करना और नारियल उद्योग की मजबूती के लिए प्रयास करना है।


नारियल शब्द की उत्पत्ति पुर्तगाली भाषा से मानी जाती है। 'कोको' और 'अखरोट' शब्दों के मेल से बना यह नाम आज पूरी दुनिया में इस अद्भुत फल की पहचान है। दुनियाभर के लगभग 80 देशों में नारियल की लगभग 150 किस्में पाई जाती हैं। उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में इसकी खेती सबसे अधिक होती है और लाखों किसानों की आजीविका इसी पर आधारित है। नारियल को यूं ही जीवन का वृक्ष नहीं कहा जाता। इस वृक्ष का हर हिस्सा किसी न किसी तरह से मनुष्य के लिए उपयोगी है। फल भोजन और पेय का साधन है, पत्तियां छत और बुनाई के काम आती हैं, इसका खोल और भूसी शिल्पकला, ईंधन और घरेलू जरूरतों के लिए काम आते हैं और रस से चीनी, सिरका तथा अन्य उत्पाद बनाए जाते हैं। यही वजह है कि नारियल न केवल भोजन का स्रोत है बल्कि इसे समृद्धि और पोषण का प्रतीक माना जाता है।

नारियल दिवस पर्यावरणीय दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। यह अवसर हमें याद दिलाता है कि नारियल का वृक्ष किस प्रकार पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में सहायक है। इसके पेड़ मृदा को कटाव से बचाते हैं और टिकाऊ कृषि को प्रोत्साहित करते हैं। विशेष बात यह है कि इसके हर हिस्से का इस्तेमाल किया जा सकता है, जिससे अपव्यय की गुंजाइश न के बराबर रहती है। कोको वंश की एकमात्र शेष प्रजाति नारियल का वृक्ष है, जो ताड़ वर्ग के एरेकेसी परिवार से संबंधित है। यह वृक्ष 60 से 100 फुट तक ऊंचा होता है और लगभग 80 वर्षों तक जीवित रह सकता है। हालांकि इसके फल प्रायः 15 वर्ष की आयु के बाद ही लगना शुरू होते हैं। भारत में यह वृक्ष प्रमुख रूप से तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में अधिक पाया जाता है। नारियल की फसल भारत के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 3.88 बिलियन अमेरिकी डॉलर का योगदान देती है। यही नहीं, यह फसल देश के 1.2 करोड़ से भी अधिक लोगों को खाद्य सुरक्षा और आजीविका उपलब्ध कराती है तथा करीब 6 लाख लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार देती है।

नारियल का महत्व केवल खेती और अर्थव्यवस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि यह स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से भी अत्यंत लाभकारी है। यह फल पाचन क्रिया को बेहतर बनाने और मोटापा नियंत्रित करने में प्रभावशाली माना जाता है। पोषण के स्तर पर नारियल बेहद समृद्ध फल है। इसमें 38.67 प्रतिशत कॉपर, 52.17 प्रतिशत मैग्नीज, 24.2 प्रतिशत आयरन, 18.8 प्रतिशत फाइबर, 8 प्रतिशत जिंक, 7.6 प्रतिशत वेलिन और 9.37 प्रतिशत कार्बोहाइड्रेट पाए जाते हैं। यह सभी पोषक तत्व शरीर को तंदुरुस्त बनाए रखने, चेहरे की चमक बढ़ाने और प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करने में सहायक होते हैं। नारियल का उपयोग भोजन, सौंदर्य प्रसाधनों और सजावट की वस्तुओं तक में होता है। नारियल तेल को खाने में प्रयोग करने के साथ-साथ बालों और त्वचा के लिए भी अत्यंत लाभकारी माना जाता है। नारियल के आर्थिक महत्व की बात करें तो यह किसानों के लिए आय का प्रमुख स्रोत है। इसके अलावा नारियल से जुड़े प्रसंस्करण उद्योगों में भी रोजगार के व्यापक अवसर मौजूद हैं। नारियल तेल, नारियल दूध, नारियल पाउडर, कोयर उद्योग, हस्तशिल्प, बायोफ्यूल और सौंदर्य उत्पाद जैसे उद्योग नारियल पर निर्भर हैं। एपीसीसी जैसे संगठन नारियल के उत्पादन और प्रसंस्करण से जुड़ी तकनीकों के विकास और प्रसार के लिए लगातार प्रयास करते हैं। इस क्षेत्र में नई तकनीकें न केवल उत्पादकता को बढ़ाती हैं बल्कि पर्यावरणीय संतुलन को बनाए रखने में मदद करती हैं।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार व साहित्यकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

# जीवन में सफलता पाने क्यो मन पर अंकुश लगाना जरूरी



संकलित
दर्शन

मन अधिक चंचल है, क्योंकि वह माया में रमा हुआ है। उसे जीवन सफलता के मार्ग पर अग्रसर करने के लिए बड़े अंकुश की आवश्यकता होती है। परमात्मा के भय से बड़ा कोई नियंत्रक नहीं है। वह दृष्टिगोचर नहीं है। फिर भी सर्वव्यापी है। उसके कोई अधिकारी नहीं हैं। फिर भी उसका राज्य अनंत एवं व्यवस्था अति सुचारु है। उसने कोई संविधान नहीं बनाया। फिर भी वह गुण-दोष परखकर फल देता जा रहा है। परमात्मा अंतर्यामी है। कुछ भी उसकी दृष्टि से ओझल नहीं है। उसका न्याय होकर रहता है। सांसारिक विधानों से बचा जा सकता है, किंतु परमात्मा की परम शक्ति से नहीं। परमात्मा की सत्ता को स्वीकार कर उसके अनुसार जीवन व्यतीत करना ही दंड से बचने का एकमेव उपाय है। परमात्मा निराकार है, किंतु उसका कौतुक जीवन को प्रत्यक्षतः प्रभावित करता है। परमात्मा का सबसे बड़ा प्रभाव मनुष्य का तन है, जो पांच तत्वों जल, वायु, अग्नि, धरती और आकाश के संयोग से बना है। ये पांचों तत्व परस्पर विपरीत प्रकृति के हैं। वे एक साथ नहीं रह सकते। परमात्मा की ही महिमा है कि एक साथ जीव के तन में बस रहे हैं। इससे बड़ा चमत्कार कोई और नहीं हो सकता। परमात्मा ने अगण्य जीव रचे हैं और नित्य रचता जा रहा है। वह जीवों को रचता ही नहीं, उनका प्रतिपालन भी करता है। उसकी कृपा एवं उसका दंड पल-पल संसार में प्रकट होते हैं। वह राजा से रंक, रंक से राजा, ज्ञानी से अज्ञानी एवं अज्ञानी से ज्ञानी बना रहा है। उसकी लीला वही जानता है।


# समर्पित भक्त का वास वैकुन्ठ में



संकलित
प्रेरणा

एक ब्राह्मण था तथा महान भक्त था, वह मंदिर की पूजा में बहुत शानदार सेवा पेश करना चाहता था, लेकिन उसके पास धन नहीं था। एक दिन की बात है वह एक भागवत पाठ में बैठा हुआ था और उसने सुना कि नारायण मन में भी पूजे जा सकते हैं। उसने इस अवसर का लाभ उठाया क्योंकि वह एक लंबे समय से सोच रहा था कि कैसे बहुत शान से नारायण की पूजा करूं, लेकिन उसके पास धन नहीं था। जब वह यह समझ गया, कि मन के भीतर नारायण की पूजा कर सकते हैं। एक दिन वह गोदावरी नदी में स्नान करने के बाद एक पेड़ के नीचे बैठा हुआ था। अपने मन के भीतर वह बहुत खूबसूरत सिंहासन का निर्माण कर रहा था, गहनों के साथ लदी और सिंहासन पर भगवान की मूर्ति को रखते हुए, वह भगवान का गंगा, यमुना, गोदावरी, नर्मदा, कावेरी नदी के जल के साथ अभिषेक कर रहा था। फिर बहुत ही उत्तम तरह से भगवान का श्रृंगार कर और फूल, माला के साथ पूजा करते हुए, वह मीठे चावल बहुत अच्छी तरह से भोजन के रूप में पका रहा था। वह परखना चाहता था कि भोजन भोग के लिए कहीं गरम तो नहीं हैं। तो ऐसा जानने के लिए उसने भोजन में अपनी उंगली डाली तो उसकी उँगली जल गई। तब उसका ध्यान टूटा क्योंकि वहाँ कुछ भी नहीं था। केवल अपने मन के भीतर वह सब कुछ कर रहा था। लेकिन उसने अपनी उंगली जली हुइ देखी। तो वह चकित रह गया। इस तरह, वैकुन्ठ से नारायण, मुस्कुरा रहे थे। देवी लक्ष्मीजी ने पूछाः आप क्यों मुस्कुरा रहे हैं ? भगवान बोलेः मेरा एक भक्त अतिप्रभावी मानस पूजन कर रहा है। मेरे अन्य धनिक भक्त सब उच्च साधनो एवं सामग्रियों से मेरी अर्चना करते हैं, परन्तु उनका मन भटकता ही रहता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### नेताओं को एक से अधिक पेंशन क्यों

आम तौर से सुनने में आता है कि अगर एक व्यक्ति एमएलए, एमपी, राज्यमंत्री, केबिनेट मंत्री, मुख्यमंत्री आदि पदों पर रहता है तो उसे हरेक पद के अनुरूप सभी पेंशन मिलेंगी। ऐसा विश्वास तो नहीं होता, मगर ऐसा है तो यह एक वीभत्स रंग का चुटकुला है। तर्कसंगत तो यह लगता है कि उस व्यक्ति को उच्चतम पद के अनुरूप एक पेंशन मिलनी चाहिए। यह भी सुनने में आता है कि राजनेताओं को ओल्ड पेंशन स्कीम के अंतर्गत ही पेंशन दी जा रही है। यह सारा विषय विचारशील सोच मांगता है। पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार ने नेताओं को एक ही पेंशन का प्रावधान कर दिया है। अन्य राज्यों में भी इस तरह की व्यवस्था होनी चाहिए और राजकोष को नेताओं पर लुटाने से बचाया जाना चाहिए। - **संतोष पटेल**, राजनांदगांव

## ट्रेंड

### शानदार बातचीत



एससीओ शिखर सम्मेलन स्थल पर कार्यवाही के बाद, रूस के राष्ट्रपति पुतिन और मैं द्विपक्षीय बैठक स्थल पर साथ-साथ गए। उनके साथ बातचीत हमेशा ज्ञानवर्धक होती है। इस सफर के दौरान अनेक और बहुत शानदार चर्चा भी हुई।
**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### जरूरी सहायता



आज जम्मू में तवी पुल और बाढ़ से हुए नुकसान का निरीक्षण किया। मोदी सरकार प्रभावित लोगों के साथ पूरी तरह खड़ी है और उनकी मदद के लिए हर संभव प्रयास करेगी। सरकार हर संभव प्रयास कर रही है कि प्रभावितों को समय पर जरूरी सहायता उपलब्ध हो।
**-अमित शाह, केंद्रीय गृह मंत्री**

### संविधान की रक्षा



बिहार वोटर अधिकार यात्रा को ऐतिहासिक बनाने के लिए लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी यादव, दीपांकर भट्टाचार्य, मुकेश सहनी, बिहार कांग्रेस के बब्बर शेरों, प्रदेश के युवाओं का धन्यवाद। संकल्प लेते हैं, बिहार में एक भी वोट चोरी नहीं होगा।
**-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता**

### दया भावना



आज लालबाग के राजा के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। बिना किसी वीआईपी इंतज़ाम के गया था। तो कुछ और अच्छा लगा। वो बात अलग है भक्तों का प्यार और ऑर्गनाइजर्स की दया भावना बनी रही।
**- अनुपम खेर, अभिनेता**

## करंट अफेयर

# किम जोंग छह साल बाद पहली बार चीन जाएंगे

उत्तर कोरिया ने कहा कि उसके नेता किम जोंग उन ने सप्ताहांत में एक नए हथियार कारखाने का निरीक्षण किया, और इसके बाद छह साल बाद वे चीन की यात्रा करेंगे। कारखाने का यह निरीक्षण मिसाइलों के बड़े पैमाने पर उत्पादन की उनकी योजना को तेज करने के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने यह दौरा चीन में एक बड़ी सैन्य परेड में शामिल होने से पहले किया है। उत्तर कोरिया की आधिकारिक 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' (केसीएनए) ने यह नहीं बताया कि किम ने रविवार को जिस कारखाने का निरीक्षण किया, वह कहां स्थित है लेकिन ऐसा अनुमान है कि यह जांगांग प्रांत में हो सकता है, जो चीन से सटा हुआ देश का प्रमुख शस्त्र उद्योग केंद्र है। चीन और उत्तर कोरिया दोनों ने पिछले सप्ताह पुष्टि की थी कि किम छह साल बाद पहली बार चीन जाएंगे और बुधवार को बीजिंग में आयोजित होने वाली सैन्य परेड में शामिल होंगे। यह परेड द्वितीय विश्व युद्ध की समाप्ति और जापानी आक्रामकता के विरुद्ध चीन के प्रतिरोध की 80वीं वर्षगांठ पर हो रही है। इस परेड में चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग द्वारा आमंत्रित 26 विदेशी नेताओं में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी शामिल हैं। पुतिन को यूक्रेन पर हमले में किम का बड़ा समर्थन मिला है।



## ऑफ बीट

# एआई चैटबॉट्स को गुमराह कर फर्जी जानकारियां तैयार

जब आप चैटजीपीटी या अन्य एआई सहायक से गलत जानकारी बनाने को कहते हैं, तो वे आमतौर पर मना कर देते हैं और जवाब देते हैं कि "मैं झूठी जानकारी बनाने में सहायता नहीं कर सकता।" लेकिन हमारे परीक्षणों में पाया गया कि ये सुरक्षा उपाय केवल सतही हैं और इन्हें बेहद आसानी से दरकिनार किया जा सकता है। हमने यह जांच की कि एआई भाषा मॉडल को कैसे गुमराह कर उसका सोशल मीडिया पर समन्वित दुष्प्रचार अभियान चलाने के लिए उपयोग किया जा सकता है। जो परिणाम सामने आए, वे ऑनलाइन जानकारी की विश्वसनीयता को लेकर चिंतित किसी भी व्यक्ति के लिए परेशान करने वाले हैं। सतही सुरक्षा की समस्या प्रिंसटन और गूगल के शोधकर्ताओं के हालिया अध्ययन से प्रेरित होकर हमने परीक्षण किए। उन्होंने बताया कि वर्तमान एआई सुरक्षा उपाय मुख्यतः उत्तर की शुरुआती कुछ पंक्तियों पर आधारित होते हैं। उदाहरणस्वरूप, यदि मॉडल जवाब की शुरुआत "मैं नहीं कर सकता" या "मुझे खेद है" से करता है, तो आमतौर पर पूरा उत्तर निषेधात्मक ही रहता है। हमारे अप्रकाशित प्रयोगों में भी यही पुष्टि हुई। जब हमने सीधे एक व्यावसायिक भाषा मॉडल से ऑस्ट्रेलियाई राजनीतिक दलों पर गलत सूचना बनाने को कहा, तो उसने स्पष्ट रूप से मना कर दिया।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

बिलासपुर
मंगलवार, 2 सितंबर 2025
भाद्रपद शुक्ल पक्ष दशमी
वर्ष : 25, अंक : 160
पृष्ठ : 10+6+8 = 24 मूल्य : 5.00***

मौसम
अधि. 32.4
न्यून. 24.8

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



5 अल्काराज ने तोड़ा बोरिस बेकर का...

विचार पेज
2 विरोध तो हुआ फिर भी मानसून...

*सीएसवीटीयू ने कार्यपरिषद की बैठक में लिया फैसला*

# कोई स्कैन नहीं कर सका उत्तरपुस्तिका तो कोई घर बैठे ही फेल, कोविड काल के इंजीनियरिंग छात्रों को एक और मौका

**केवल कोविड काल में फेल हुए छात्रों को सुविधा, शेष छात्र गुजरेंगे पुरानी प्रणाली से**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

कोविड काल में फेल हुए छात्रों को तकनीकी विवि एक और मौका देने जा रहा है। विशेष बात यह है कि इन छात्रों को यह अवसर नियम से परे जाकर दिया जा रहा है। बीते दिनों हुई कार्यपरिषद की बैठक में विवि द्वारा यह निर्णय लिया गया है। विवि के नियमानुसार, किसी भी सेमेस्टर के किसी भी विषय में उत्तीर्ण होने के लिए चार अवसर मिलते हैं, लेकिन छात्रों को यहां एक विशेष अवसर अतिरिक्त दिया गया है। ये विद्यार्थी कोविड काल में हुई ऑनलाइन परीक्षाओं में भी फेल हो गए थे।

विवि ने यह भी स्पष्ट किया है कि यह सुविधा छात्रों को विशेष परिस्थितियों में केवल एक बार ही दी जा रही है। चूंकि कोविड काल में अध्ययन-अध्यापन से लेकर पूरी व्यवस्था प्रभावित हो गई थी, ऐसे में छात्रों के भविष्य को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। इसे भविष्य में होने वाली किसी भी परीक्षा में पात्रता के संबंध में उदाहरण के रूप में ना मानने की भी हिदायत दी गई है।



### यह है 'एन माइनस फोर' नियम

जो विद्यार्थी प्रथम सेमेस्टर में उत्तीर्ण होगा, उसे ही पांचवें सेमेस्टर की परीक्षा देने की पात्रता होती है। इसी तरह जो विद्यार्थी द्वितीय सेमेस्टर उत्तीर्ण होगा उसे छठवें सेमेस्टर की पीरक्षा दिलाने का अवसर मिलेगा। इसी तरह 3-7 व 4-8 सेमेस्टर पर भी यह नियम लागू है। इस नियम को एन माइनस फोर कहते हैं। कोरोना के समय प्रथम व द्वितीय सेमेस्टर उत्तीर्ण नहीं कर सके छात्रों को नियमतः अब पांचवें और छठवें सेमेस्टर में बैठने की पात्रता नहीं होती। छात्रों के विरोध-प्रदर्शन के बाद अब इन्हें एक विशेष अवसर दिया जा रहा है कि वे प्रथम और द्वितीय सेमेस्टर की पुनः परीक्षा में शामिल हो सकें। इस विशेष परीक्षा में उत्तीर्ण छात्रों को ही छठवें सेमेस्टर की परीक्षा में बैठने की पात्रता होगी।

### लगेंगी विशेष कक्षाएं

कोविड काल में इंजीनियरिंग की परीक्षाएं भी ऑनलाइन मोड में ही हुई थीं। घर बैठे हुई इस परीक्षा में भी 100 से अधिक विद्यार्थी अनुत्तीर्ण हो गए हैं। इनमें से कई छात्रों ने उचित तरीके से उत्तरपुस्तिका स्कैन नहीं की थी। कई तय वक्त पर उत्तरपुस्तिका अपलोड नहीं कर सके थे। इसके अतिरिक्त कई अन्य कारणों से उक्त छात्र अनुत्तीर्ण घोषित किए गए हैं। विवि प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि कोविड काल में अनुत्तीर्ण छात्रों के लिए प्रथम और द्वितीय सेमेस्टर की जो विशेष परीक्षा आयोजित की जा रही है, उसमें पुनर्मूल्यांकन-पुनर्गणना या किसी तरह की अपील लागू नहीं होगी। छात्रों से इस संदर्भ में शपथ पत्र भी भरवाया जाएगा। इन विद्यार्थियों के लिए विशेष कक्षाएं भी संचालित करने महाविद्यालयों को कहा गया है ताकि वे उत्तीर्ण हो सकें।

---

**मुख्यमंत्री ने बस्तर संभाग के बाढ़ग्रस्त इलाकों का दौरा किया, शिविर पहुंचे, समीक्षा की**

# बस्तर की बाढ़ में बह गए 115 करोड़, सीएम साय ने देखी तबाही, जारी रहेंगे राहत शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

*सीएम विष्णुदेव साय ने सोमवार को बस्तर के बाढ़ प्रभावित चार जिलों की तबाही देखी। हवाई सर्वे के अलावा उन्होंने शिविरों का दौरा किया और प्रभावितों से बातचीत की। इस बाढ़ में चारों जिलों में पुल पुलिए, सड़क समेत 115 करोड़ के अधोसरंचना को नुकसान पहुंचा है। दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर और बस्तर में कई मकान ढह गए हैं, सड़कें टूटी पड़ी हैं। सीएम ने प्रभावितों को हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया।*

दंतेवाड़ा में हुई समीक्षा बैठक में श्री साय ने कहा कि प्राकृतिक आपदा एवं विभीषिका से जो जन-धन एवं अधोसंरचना की क्षति हुई है व अपूरणीय है। यह अच्छी बात है कि जिला प्रशासन द्वारा फौरी तौर पर बचाव एवं राहत कार्य के लिए कदम उठाए गए। साथ ही शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा एक दिन का वेतन दान में दिया गया, वह अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में इतने बड़े पैमाने पर आई बाढ़ आपदा से इन चारों जिलों में 115 करोड़ रुपये की विभिन्न अधोसंचनाओं की क्षति हुई है। इनकी मरम्मत के लिए राज्य शासन द्वारा हर संभव सहयोग किया जाएगा। साथ ही मुख्यमंत्री ने विभिन्न गैर शासकीय एवं स्वैच्छिक संगठनों के द्वारा किये गए कार्यों की सराहना की। उन्होंने बैठक में सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन चारों जिलों में स्थिति सामान्य होने तक राहत एवं स्वास्थ्य शिविर आवश्यकतानुसार ⏭ शेष पेज 4 पर



खास खबर

### केशकाल राष्ट्रीय राजमार्ग का सुधार करें तत्काल


बैठक में मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह ने निर्देशित किया कि राष्ट्रीय राजमार्ग में यातायात बाधित न होने पाए। इसके लिए कार्यपालन अभियंता तत्काल प्रस्ताव केन्द्रीय कार्यालय को भेजें। साथ ही केशकाल में राष्ट्रीय राजमार्ग के सुधार कार्य के लिए तात्कालिक रूप से कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### कलेक्टरों ने दी नुकसान की जानकारी

दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर और बस्तर जिले के कलेक्टरों ने निर्धारित एजेंडा अनुसार बाढ़ से हुई क्षति और जिला प्रशासन द्वारा चलाए गए राहत कार्यों की जानकारी दी। बैठक में जिले में हुई अतिवृष्टि से प्रभावित ग्रामों, क्षतिग्रस्त पुल-पुलियों, सड़कों तथा बाधित विद्युत आपूर्ति एवं मोबाइल नेटवर्क की जानकारी दी गई। साथ ही इस दौरान हुई जन-धन हानि और बाढ़ में बह गए घरों व मवेशियों के बारे में संख्यात्मक एवं तथ्यात्मक आंकड़े पीपीटी के माध्यम से साझा किए गए। इसके अलावा जिला प्रशासन द्वारा चलाये गए राहत एवं बचाव कार्य तथा प्रभावितों का ⏭ शेष पेज 4 पर



### 12 घंटे से शबरी नदी में फंसे व्यक्ति को ड्रोन से लोकेशन ट्रेस कर निकाला



**सुकमा।** जिला प्रशासन, पुलिस बल, सीआरपीएफ और भारतीय वायुसेना के संयुक्त प्रयास से शबरी नदी में 12 घंटे से अधिक समय से फंसे नागरिक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। सुकमा के नाड़ीगुफा तेलावर्ती के पास बाढ़ के चलते एक व्यक्ति बीच धारा में फंस गया था। स्थानीय प्रशासन और पुलिस अमला तुरंत मौके पर पहुँचा और रेस्क्यू कार्य शुरू किया, लेकिन तेज धारा और नदी में बड़े-बड़े पत्थरों के कारण मोटरबोट से व्यक्ति को बाहर निकालना संभव नहीं हो पा रहा था। स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन और भारतीय वायुसेना ने ड्रोन की मदद से फंसे व्यक्ति का लोकेशन ट्रेस किया गया और तत्परता से वायुसेना की टीम को रेस्क्यू के लिए लगाया गया।

---

# राहुल बोले- 'वोट चोरी' पर अब आएगा हाइड्रोजन बम

■ बिहार में कांग्रेस की 'वोट अधिकार यात्रा' संपन्न



**पटना।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को दावा किया कि 'वोट चोरी के एटम बम के बाद अब हाइड्रोजन बम' आने वाला है। उन्होंने यह भी कहा कि वोटर अधिकार यात्रा के माध्यम से क्रांतिकारी प्रदेश बिहार ने यह संदेश दिया है कि 'वोट चोरी' नहीं होने दी जाएगी। राहुल गांधी, तेजस्वी यादव और महागठबंधन के अन्य प्रमुख नेताओं की 16 दिनों की वोट अधिकार यात्रा का यहां एक विशाल मार्च और सभा के माध्यम से समापन हुआ। यह मार्च गांधी मैदान से आंबेडकर पार्क तक होने वाला था, लेकिन अनुमति नहीं मिलने के कारण पुलिस ने इसे डाक बंगला चौराहे पर ही रोक दिया जहां राहुल गांधी और इंडिया गठबंधन के कई अन्य नेताओं ने समर्थकों को संबोधित किया। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने यात्रा के अंतिम दिन भी पीएम मोदी, भाजपा और निर्वाचन आयोग पर हमला जारी रखा और दावा किया कि 'वोट चोर, गद्दी छोड़' का नारा पूरे देश में फैल चुका है। उन्होंने बेंगलुरु के महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र में कथित वोट चोरी से जुड़े अपने खुलासे का उल्लेख किया और कहा, एटम बम से बड़ा हाइड्रोजन बम होता है। महादेवपुरा में हमने एटम बम दिखाया था। भाजपा वालों तैयार हो जाओ, हाइड्रोजन बम आ रहा है।

### बिहार में इंडिया गठबंधन की सरकार का दावा

सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की झोली में गिरने तथा विचारधारा से समझौता करने का आरोप लगाया। उन्होंने यह दावा भी किया कि आगामी बिहार विधानसभा चुनाव के बाद डबल इंजन सरकार नहीं होगी। इंडिया महागठबंधन की सरकार बनेगी जो गरीबों, महिलाओं, दलितों और पिछड़ों की सरकार होगी।

### बिहार में वोट चोरी न होने का संकल्प

यात्रा पूरी होने के बाद राहुल ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, बिहार वोटर अधिकार यात्रा को ऐतिहासिक बनाने के लिए लालू प्रसाद यादव जी, तेजस्वी यादव जी, दीपांकर भट्टाचार्य जी, मुकेश सहनी जी, बिहार कांग्रेस नेतृत्व, कांग्रेस के बब्बर शेरों, 'इंडिया' गठबंधन कार्यकर्ताओं और प्रदेश के युवाओं का दिल से धन्यवाद। हम संकल्प लेते हैं कि बिहार में एक भी वोट चोरी नहीं होगा। लोकतंत्र और संविधान की रक्षा हम पूरी ताक़त से करेंगे।

### 25 जिलों में 110 से अधिक विस से गुजरी यात्रा

'वोटर अधिकार यात्रा' 25 जिलों में 110 से अधिक विधानसभा क्षेत्रों से गुजरी और इसमें 1300 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय की गई। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, द्रमुक नेता और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्री तथा पार्टी के कई वरिष्ठ नेता इस यात्रा में शामिल हुए। सासाराम से 17 अगस्त को निकाली गई इस यात्रा को विधानसभा चुनाव से पहले महागठबंधन के व्यापक चुनाव अभियान के तौर पर देखा जा रहा है। इस साल के अंत में बिहार में विधानसभा चुनाव होने हैं।

---

## खबर संक्षेप

### बुजुर्ग महिला के साथ 84 लाख की साइबर ठगी



**नई दिल्ली।** गौतमबुद्ध नगर के नोएडा में अलग-अलग घटना के तहत 76 वर्षीय अविवाहित महिला समेत तीन लोगों से धोखाधड़ी करके साइबर अपराधियों ने करीब 84 लाख रुपए की ठगी कर ली। पुरविवार रात को 76 वर्षीय अविवाहित महिला सरला देवी ने साइबर अपराध थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई।

### पनीर की सब्जी में निकला मरा हुआ चूहा

**बदायूं।** बदायूं जिले के बिल्सी क्षेत्र में एक ढाबे पर खाना खाने गये दो युवकों को पनीर की सब्जी में कथित तौर पर मरा हुआ चूहा मिला। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। बिल्सी कस्बा निवासी निशांत माहेश्वरी ने बताया कि वह अपने मित्र पुनीत के साथ दो दिन पहले अनमोल ढाबे पर खाना खाने गए थे और उन्होंने वहां पनीर की सब्जी मंगायी।

### हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त होने से पांच की मौत



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के गिलगित-बाल्टिस्तान में हेलिकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से दो पायलट सहित चालक दल के कम से कम पांच सदस्यों की मौत हो गई। हेलिकॉप्टर डायमर जिले के चिलास क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उन्होंने कहा, ''हमारा एक हेलीकॉप्टर चिलास के थोर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया है।

---

**ट्रंप के सहयोगी ने उगला जातिवाद का जहर**

# रूसी तेल से 'भारतीय ब्राह्मण' कर रहे मुनाफाखोरी, इसे रोकने की जरूरत

**न्यूयॉर्क।** रूस से तेल की खरीद को लेकर भारत पर एक बार फिर निशाना साधते हुए अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय 'व्हाइट हाउस' के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो ने कहा कि 'ब्राह्मण' भारतीय जनता की कीमत पर मुनाफाखोरी कर रहे हैं। इसे 'रोकने' की जरूरत है। नवारो ने 'फॉक्स न्यूज संडे' से एक साक्षात्कार में कहा, देखिए पीएम मोदी एक महान नेता हैं। उन्होंने कहा कि मोदी दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के नेता हैं। उन्हें समझ नहीं आता कि भारतीय नेता किस तरह रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ सहयोग कर रहे हैं। नवारो ने कहा, तो मैं बस इतना ही कहना चाहूंगा, भारतीय जनता कृपया समझिए कि यहां क्या हो रहा है। आपके पास ब्राह्मण हैं, जो भारतीय लोगों की कीमत पर मुनाफाखोरी कर रहे हैं। हमें इसे रोकने की जरूरत है। टैरिफ पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों को लेकर वाशिंगटन और नयी दिल्ली के बीच रिश्तों में आयी गिरावट के बाद पिछले कुछ दिनों से भारत को निशाना बना रहे हैं।



### भारत ने अपनाया है कड़ा रुख

भारत ने नवारो की टिप्पणी पर कड़ा रुख अपनाया और कहा कि रूस से ऊर्जा खरीद वैश्विक बाजार संचालन का हिस्सा है। इससे भारतीय अर्थव्यवस्था को लाभ मिलता है। भारत ने यह भी साफ किया कि यह आय रूस के युद्ध कोष में सीधे नहीं जाती। अमेरिका के दबाव और अतिरिक्त टैरिफ के बावजूद भारत अब बदलते वैश्विक परिदृश्य में रूस और चीन के साथ अपने संबंधों को और मजबूत करने पर जोर दे रहा है।

### 50% टैरिफ लगाने के मुख्य योजनाकार नवारो ही

बता दें कि भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगाने के मुख्य योजनाकार नवारो ही रहे हैं। इससे पहले उन्होंने रूस के साथ व्यापार को लेकर नई दिल्ली पर हमला बोला था और आरोप लगाया था कि भारत यूक्रेन युद्ध में रूस को फंड मुहैया करा रहा है। नवारो ने कहा था कि दुनिया के तीसरे सबसे बड़े लोकतंत्र को ऐसा नहीं करना चाहिए था।

### टैरिफ कम करना चाहता है भारत, मगर देर हो चुकी



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने टैरिफ को लेकर एक बार फिर भारत पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि भारत के साथ एकतरफा रिश्ता रहा है। उन्होंने कहा कि भारत लंबे समय से अमेरिका को अपने सबसे बड़े ग्राहकों में गिनता रहा है, लेकिन बदले में अमेरिका को वहां व्यापार करने का बहुत कम मौका मिला। ट्रंप का कहना है कि दशकों से यह रिश्ता असंतुलित रहा है और अब जाकर भारत ने टैरिफ घटाने का प्रस्ताव दिया है, लेकिन इसमें भी देर हो चुकी है। ट्रंप ने कहा कि भारत अमेरिका को भारी मात्रा में सामान बेचता है, जबकि अमेरिकी कंपनियां वहां बहुत कम उत्पाद बेच पाती हैं। इसके पीछे उन्होंने भारत की ऊंची टैरिफ दरों को जिम्मेदार ठहराया। ट्रंप के मुताबिक भारत दुनिया में सबसे ज्यादा शुल्क वसूलने वाले देशों में शामिल है और यही वजह है कि अमेरिकी उत्पाद भारतीय बाजार तक नहीं पहुंच पाते। उन्होंने इसे 'टोटल वन साइडेड डिजास्टर' यानि पूरी तरह से एकतरफा और नुकसानदायक स्थिति बताया।

---

*बीमा कंपनी की अपील खारिज*

# हाईकोर्ट ने कहा- उचित मुआवजा दिलाना न्यायालय का कर्तव्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हाईकोर्ट के जस्टिस एके प्रसाद ने मोटर दुर्घटना दावा एवार्ड राशि का भुगतान नहीं कर बीमा कंपनी द्वारा हाईकोर्ट में पेश अपील खारिज करते हुए अपने आदेश में कहा कि मोटर वाहन अधिनियम 1988, परोपकारी विधान, न्यायसंगत मुआवजा, दावेदार द्वारा प्रति-आपत्ति या प्रति अपील दायर न करने से न्यायालय को उचित और उचित मुआवजा देने से नहीं रोका जाएगा। न्यायालय का कर्तव्य प्रक्रियागत तकनीकी पहलुओं पर ध्यान दिए बिना न्याय सुनिश्चित करना है। इसके साथ उन्होंने 9 वें अतिरिक्त मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, ⏭ शेष पेज 4 पर



### न्यायाधिकरण द्वारा पारित निर्णय का समर्थन

जस्टिस एके प्रसाद ने अपने आदेश में कहा कि रिकॉर्ड पर उपलब्ध सामग्री का मूल्यांकन करने पर दावा न्यायाधिकरण ने उचित और उचित मुआवजे का आदेश दिया है, जिसमें किसी हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है। अभिलेखों के अवलोकन से ऐसा प्रतीत होता है कि दोषी ⏭ शेष पेज 4 पर

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को अंतर राशि दिलाने निर्देश

कोर्ट ने मृतक के आश्रितों द्वारा बीमा कंपनी की अपील के खिलाफ हाईकोर्ट नहीं आने पर कहा कि मुआवजे में वृद्धि के संबंध में उपरोक्त संशोधन किया जाए जो भी हो। चूंकि दावेदारों की ओर से कोई भी उपस्थित नहीं हुआ है, उचित सूचना के बावजूद यह निर्देश ⏭ शेष पेज 4 पर

---

**सिलेंडर के दाम 51.50 रुपए घटे**

# कमर्शियल सिलेंडर सस्ता विमान ईंधन के घटे दाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

विमान ईंधन के दाम में सोमवार को 1.4 प्रतिशत की कटौती की गई, जबकि वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर 51.50 रुपए सस्ते हो गए। वैश्विक मानक दरों में कमी के चलते यह कटौती की गई। सरकारी ईंधन खुदरा विक्रेताओं ने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी में विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमत 1,308.41 रुपए प्रति किलोलीटर यानी 1.4 प्रतिशत घटकर 90,713.52रुपए प्रति किलोलीटर हो गई है।



### छह बार में 223 रुपए घटे

वाणिज्यिक एलपीजी की कीमतों में यह लगातार छठी कटौती है। अप्रैल से अब तक छह बार की गई कटौती में दाम प्रति सिलेंडर 223रुपए घटे हैं। हालांकि, घरेलू उपयोग में आने वाली रसोई गैस की कीमत 14.2 किलोग्राम वाले सिलेंडर के लिए 853 रुपये पर अपरिवर्तित रही।

---

**पूर्व उपराष्ट्रपति ने खाली किया सरकारी आवास**

# धनखड़ अब फार्म हाउस में बिताएंगे वक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने पद से इस्तीफा देने के छह हफ्ते बाद, अपने सरकारी आवास से दक्षिणी दिल्ली के छतरपुर इलाके में स्थित एक निजी फार्महाउस में चले गए। छतरपुर के गदाईपुर इलाके में स्थित यह फार्महाउस इनेलो (इंडियन नेशनल लोकदल) नेता अभय चौटाला का है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि धनखड़ अंतरिम व्यवस्था के तहत इस निजी फार्महाउस में तब तक रहेंगे, जब तक उन्हें टाइप-8 का सरकारी आवास आवंटित नहीं कर दिया जाता, जिसके वह पूर्व उपराष्ट्रपति होने के नाते हकदार हैं। धनखड़ ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए संसद के मानसून सत्र के पहले दिन 21 जुलाई को ⏭ शेष पेज 4 पर

### टेनिस और योग का अभ्यास

धनखड़ के करीबी सूत्रों ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ समय बिता रहे हैं, टेबल टेनिस खेल रहे हैं और योग का अभ्यास कर रहे हैं। उनके उत्तराधिकारी के चयन के लिए नौ सितंबर को चुनाव होना है।



### 9 सितंबर को मिलेगा देश को नया उपराष्ट्रपति

धनखड़ पिछले साल अप्रैल में ही नवनिर्मित उपराष्ट्रपति एन्क्लेव में शिफ्ट हुए थे। संसद भवन परिसर के पास चर्च रोड पर स्थित है। उपराष्ट्रपति एन्क्लेव को सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट के तहत बनाया गया है। उपराष्ट्रपति के पद से धनखड़ के अचानक इस्तीफे के बाद से ही उपराष्ट्रपति का पद खाली है। अब इस पद के लिए चुनाव आयोग ने चुनाव की तारीख 9 सितंबर तय की है।

### टाइप 8 बंगला या पैतृक स्थान पर 2 एकड़ जमीन

अपने इस्तीफे के बाद धनखड़ ने नए बंगले को लेकर केंद्रीय शहरी विकास मंत्रालय से अब तक कोई संपर्क नहीं किया है, हालांकि मंत्रालय ने पहले से ही उनके लिए एक अलग बंगले की व्यवस्था कर ली। पिछले महीने अगस्त में ही मंत्रालय ने 34 एपीजे अब्दुल कलाम मार्ग पर स्थित टाइप-8 का बंगला खाली करा लिया था। मंत्रालय की ओर से तब यह कहा गया था कि यदि पूर्व उपराष्ट्रपति धनखड़ को यह बंगला पसंद नहीं आता है, तो शहरी विकास मंत्रालय उनके लिए दूसरे विकल्प का इंतजाम कर सकती है। उपराष्ट्रपति पद से हटने वाले नेता को राजधानी दिल्ली के लुटियन जोन में टाइप 8 बंगला या उनके पैतृक स्थान पर 2 एकड़ की जमीन दी जाती है।

---

### कब्र पर पढ़ा गया दोषमुक्त का आदेश

**नागपुर।** मुंबई में 2006 में हुए ट्रेन विस्फोट मामले में 16 साल जेल में रहे मृत आरोपी कमाल अहमद वकील अहमद अंसारी के परिवार के सदस्यों ने उसे बरी किए जाने का मुंबई उच्च न्यायालय का आदेश उसकी कब्र पर जाकर पढ़ा। अंसारी के परिवार और समुदाय के सदस्य रविवार को यहां उसकी कब्र पर गए। उन्होंने मामले में जवाबदेही सुनिश्चित किए जाने की मांग करते हुए कहा कि अंसारी पर विस्फोटों में शामिल होने का झूठा आरोप लगाया गया था। मुंबई में सात ट्रेन विस्फोट में 180 से अधिक लोगों की मौत के 19 साल बाद उच्च न्यायालय ने अंसारी समेत सभी 12 आरोपियों को पिछले महीने बरी कर दिया था। अदालत ने कहा था कि अभियोजन पक्ष मामले को साबित करने में 'पूरी तरह विफल' रहा और 'यह विश्वास करना मुश्किल है कि आरोपियों ने अपराध किया है।

## खबर संक्षेप

### मारुति ने ई-विटारा का निर्यात किया शुरू



**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी इंडिया ने सोमवार को कहा कि उसने अपने इलेक्ट्रिक वाहन ई-विटारा का निर्यात शुरू कर दिया है और पिछले महीने 2,900 से ज्यादा इकाइयां विदेश भेजी गईं। ये इकाइयां गुजरात के पीपावाव पोर्ट से 12 यूरोपीय देशों - ब्रिटेन, जर्मनी, नॉर्वे, फ्रांस, डेनमार्क, स्विट्जरलैंड, नीदरलैंड, स्वीडन, हंगरी, आइसलैंड, ऑस्ट्रिया और बेल्जियम को भेजी गईं।

### वेदांता ने कर्मचारी शेयर विकल्प किया प्रदान




**नई दिल्ली।** खनन क्षेत्र की प्रमुख कंपनी वेदांता लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2024-25 में 450 करोड़ रुपये के कर्मचारी शेयर विकल्प प्रदान किए। कर्मचारी शेयर विकल्प योजना (ईएसओएस) एक कर्मचारी लाभ योजना है जो उन्हें कंपनी के शेयर भारी छूट (एक रुपये) पर खरीदने का अधिकार देती है। इससे संगठनात्मक विकास में उनकी भूमिका को पुरस्कृत किया जाता है।

### एफपीआई ने अगस्त में 35,000 करोड़ निकाले




**नई दिल्ली।** विदेशी निवेशकों ने अगस्त में भारतीय शेयर बाजारों से 34,993 करोड़ रुपये निकाले, जो पिछले छह महीनों में सबसे तेज बिकवाली थी। यह बिकवाली भारतीय निर्यात पर अमेरिकी शुल्क और महंगे घरेलू मूल्यांकन के कारण हुई। यह आंकड़ा जुलाई में हुई 17,741 करोड़ रुपये की बिकवाली से लगभग दोगुना था।

### चीन का अक्टूबर से विशेष उर्वरक निर्यात पर प्रतिबंध



**नई दिल्ली।** भारत का विशेष उर्वरक उद्योग आपूर्ति संबंधी नई चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार है, क्योंकि चीन अक्टूबर से निर्यात प्रतिबंध फिर से लगाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। ऐसे में कीमतें बढ़ सकती हैं, जिसका सीधा असर किसानों पर पड़ेगा। चीन से विशेष उर्वरक निर्यात की अस्थायी बहाली के चलते राहत मिली है।

### रुपए अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंचा



**मुंबई।** भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की अनिश्चितताओं और आयातकों की बढ़ती डॉलर मांग के बीच सोमवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया 10 पैसे टूटकर 88.19 (अस्थायी) के अबतक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में, रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 88.18 पर खुला।

### एनटीपीसी के सीएमडी सिंह का कार्यकाल बढ़ा




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी ने सोमवार को कहा कि उसके शेयरधारकों ने चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) के रूप में गुरदीप सिंह के कार्यकाल को एक साल बढ़ाने की मंजूरी दी है। इससे पहले, मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने उनकी सेवानिवृत्ति की तारीख 31 जुलाई, 2025 के बाद एक साल के लिए अनुबंध के आधार पर एनटीपीसी के सीएमडी के रूप में उनकी फिर से नियुक्ति को मंजूरी दी थी।

## भारत ने तेल खरीदने में किसी भी नियम का उल्लंघन नहीं किया

# भारत ने नियमों का पालन किया रूसी तेल से लाभ नहीं उठाया: पुरी

- ऊर्जा व्यापार ने वैश्विक बाजारों को स्थिर व कीमते काबू करने में मदद की
- पुरी ने अमेरीकी सलाहकार नवारो की टिप्पणी को किया खारिज
- नवारो ने भारत पर पुतिन की युद्ध मशीन को वित्तपोषित करने का आरोप लगाया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि भारत ने रूसी तेल खरीदने में किसी भी नियम का उल्लंघन नहीं किया है बल्कि यूक्रेन युद्ध के बाद से उसके ऊर्जा व्यापार ने वैश्विक बाजारों को स्थिर करने एवं कीमतों को काबू में रखने में मदद की है।

अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय 'व्हाइट हाउस' के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो की रूसी तेल खरीद को लेकर भारत पर की गयी टिप्पणी को खारिज करते हुए पुरी ने यह बात कही। नवारो ने भारत पर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की 'युद्ध मशीन' को वित्तपोषित करने का आरोप लगाया।

### भारत ने नियम नहीं तोड़े

मंत्री ने कहा, '' ऐसे 'पैकेज' के 18 दौर हो चुके हैं और भारत ने हर एक का पालन किया है...। भारत द्वारा किया गया प्रत्येक लेन-देन कानूनी है।'' पुरी ने कहा, '' हर लेन-देन में वैध निर्यात एवं बीमा, अनुपालन करने वाले व्यापारी और 'ऑडिट' माध्यमों का इस्तेमाल किया गया है। भारत ने नियम नहीं तोड़े हैं। भारत ने बाजारों को स्थिर किया है और वैश्विक कीमतों को बढ़ने से रोका है।''



### भारत का रूसी तेल आयात बढ़कर 40 प्रतिशत हुआ

पुरी ने नवारो का प्रत्यक्ष तौर पर नाम लिए बिना लिखा कि कुछ आलोचकों का आरोप है कि रूसी तेल को खरीद करके 'युद्ध मशीन' को वित्तपोषित करने वाला बन गया है। यह पूरी तरह से गलत एवं असत्य है। यूक्रेन युद्ध के बाद भारत का रूसी तेल आयात कुल कच्चे तेल की खपत का एक प्रतिशत से बढ़कर करीब 40 प्रतिशत हो गया।

### रूस-यूक्रेन युद्ध को मोदी युद्ध बताया

अमेरिका का आरोप है कि भारत, रूसी कच्चे तेल [illegible] परिष्कृत करके और यूरोप सहित अन्य देशों को निर्यात करके मुनाफा कमा रहा है। 'व्हाइट हाउस' व्यापार सलाहकार पीटर नवारो ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर पिछले सप्ताह सिलसिलेवार ट्वीट में यूक्रेन युद्ध को 'मोदी का युद्ध' बताया था और [illegible] पर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की 'युद्ध [illegible]' को वित्तपोषित करने का आरोप लगाया।

### रूस ने भारत को खरीद में भारी छूट दी

इसकी प्रमुख वजह यह है कि पश्चिमी देशों ने रूस को युद्ध के लिए दंडित करने के लिए उस पर प्रतिबंध लगाए और इससे भारत को खरीद में भारी छूट दी गई। इस कदम से भारत के लिए सस्ती ऊर्जा तो सुनिश्चित हुई लेकिन अमेरिकी प्रशासन ने इसकी आलोचना की है।

### पुरी ने मुनाफाखोरी के दावे को किया खारिज

समाचार पत्र 'द हिंदू' के लिए लेख में पुरी ने मुनाफाखोरी के दावों को खारिज करते हुए कहा कि भारत लंबे समय से और फरवरी 2022 में रूस के यूक्रेन पर आक्रमण से बहुत पहले से पेट्रोलियम उत्पादों का दुनिया का चौथा सबसे बड़ा निर्यातक रहा है। इसके निर्यात की मात्रा एवं मुनाफे मोटे तौर पर समान रहे हैं।




### रूसी तेल खरीद पर कभी प्रतिबंध नहीं लगाया गया

इस 'पोस्ट' के अंत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भगवा वस्त्र पहने तस्वीर भी लगी थी। पुरी ने उनका विरोध करते हुए कहा कि ईरान या वेनेजुएला के कच्चे तेल के विपरीत रूसी तेल खरीद पर कभी प्रतिबंध नहीं लगाया गया। उन्होंने कहा, '' यह (रूसी तेल) जी-7/यूरोपीय संघ की मूल्य सीमा प्रणाली के अंतर्गत है जिसे तेल की आपूर्ति जारी रखने एवं राजस्व की सीमा निर्धारित करते हुए तैयार किया गया है।''

## सोना 1000 और चांदी 1000 रुपए चढ़कर नए शिखर पर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत सोमवार को 1,000 रुपये बढ़कर 1,05,670 रुपये प्रति 10 ग्राम के नये रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई।



इस महीने अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर में कटौती की उम्मीद और विदेशी बाजारों में मजबूत मांग के चलते सोने की कीमतों में तेजी आई। यह लगातार छठा कारोबारी सत्र है जब सोने में तेजी रही। इसके साथ ही चांदी की कीमत भी 1,000 रुपये चढ़कर 1,26,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के नए शिखर पर पहुंच गईं। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना शनिवार को 1,000 रुपये बढ़कर 1,04,670 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया था।

स्थानीय बाजार में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना सोमवार को 800 रुपये बढ़कर 1,04,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। पिछले बाजार सत्र में यह 1,04,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

**COLLEGE OF AGRICULTURE IGKV, RAIPUR, C.G.**

**WALK-IN-INTERVIEW**

A walk in interview will be held on 19th September 2025, for the post of one Young Professional -I (Young Professional-I) at 12:00 PM in the Department of Genetics & Plant Breeding, College of Agriculture, IGKV, Raipur under the NABARD funded research project entitled "Geographical Indication (GI) of 12 agricultural products of Chhattisgarh" For further details please visit IGKV, website: www.igkv.ac.in.

S.- 45093

**कार्यालय कलेक्टर (आबकारी), जिला-कोरबा छत्तीसगढ़**

क्रमांक / ठेका/आब. /2025 /1720 कोरबा, दिनांक- 25/08/2025

**शराब बिक्री हेतु दुकान को भाड़े पर लिए जाने बाबत लघु निविदा सूचना**

जिले के नवीन प्रीमियम विदेशी मदिरा दुकान एन.टी.पी.सी. दर्री के लिए नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत आपत्तिरहित स्थल पर भवन किराये पर लेने निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा की शर्तें एवं निविदा फार्म दिनांक 17.09.2025 तक कार्यालय सहायक आयुक्त आबकारी कक्ष क्रमांक-17 से प्राप्त कर सकते हैं। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 18.09.2025 समय दोपहर 2:00 बजे तक नियत है तथा दिनांक 18.09.2025 को ही सायं 4:00 बजे तकनीकी निविदा खोली जावेगी। उक्त दिवस को अवकाश होने पर आगामी कार्य दिवस मान्य होगा ।

प्र. सहायक आयुक्त आबकारी
हेतु-कलेक्टर
जिला-कोरबा (छ.ग.)

जी-252603182/3

**कार्यालय उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवायें जिला-सूरजपुर (छ.ग.)**

Email. ID-ddvssura.cg@nic.in Phone No. 07775-296072

क्र. 519 / डी.एम.एफ. / स्थापना / संविदा नियुक्ति / 2025-26
सूरजपुर, दिनांक 25.08.2025

**-: संविदा (अस्थाई) भर्ती हेतु सूचना :-**

जिला सूरजपुर (छ.ग.) अंतर्गत विभागीय विज्ञापन कमांक 339 एवं 338/ डी.एम.एफ. / स्थापना / संविदा नियुक्ति/2025-26/ सूरजपुर, दिनांक 30.06.2025 के तारतम्य में कार्यालयीन सूचना क्रमांक 505/ डी0एम0एफ0/ स्थापना / संविदा नियुक्ति/2025-26 / सूरजपुर, दिनांक 19.08.2025 के माध्यम से रिक्त पदों एवं मेरिट सूचिनुसार कुल 27 पात्र आवेदकों को दस्तावेज सत्यापन हेतु दिनांक 25.08.2025 को प्रातः 11:00 बजे से आमंत्रित किया गया था।

उक्त दस्तावेज सत्यापन में सूचिनुसार उपस्थित कुल 21 पात्र आवेदकों का दस्तावेज सत्यापन उपरांत मेरिट अनुसार चयन एवं प्रतिक्षा सूची तैयार किया गया है। अतः चयन एवं प्रतिक्षा सूची को भर्ती हेतु चयन समिति द्वारा अनुमोदन पश्चात जिले कि NIC की वेबसाइट Surajpur.gov.in में अपलोड किया जा रहा है।

उपसंचालक, प.चि.से.
जिला सूरजपुर (छ.ग.)

जी-252603134/2

**कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा बिलासपुर संभाग, बिलासपुर (छ.ग.)**

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना (तृतीय आमंत्रण)**

**NIT NO. 15, 16/2025-26**

ज्ञा.क्र. 3309/ टेण्डर/वलेलि / ग्रा.यां. सेवा/2025 बिलासपुर दिनांक 28/08/2025

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत (लोक निर्माण विभाग में) "द" वर्ग एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न दर्शित सिविल कार्य हेतु प्रमुख अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, द्वारा जारी दर अनुसूची दिनांक 01.11.2021, प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग (सिविल कार्य) द्वारा जारी दर अनुसूची दिनांक 01.01.2015 / लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जारी दर अनुसूची दिनांक 01.06.2020 से प्रचलित प्रभावशील दर अनुसूची मुद्रीत एवं अद्यतन संशोधित दरों पर ऑनलाईन (Online) प्रतिशत दर पर दिनांक 04.09.2025 तक निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम / स्थान | ठेके की अनुमानित लागत (प्रत्येक 1 कार्य के लिए) (लाख में) |
|---|---|---|
| 174443 | शास.कृ.प्र.सीसल में पाईप लाईन विस्तार कार्य, चोरभट्ठीखुर्द, वि.ख. तखतपुर | 43.68 |
| 174444 | महतारी सदन निर्माण कार्य, कड़ार, वि.ख. बिल्हा | 22.48 |

Note- निविदा की सामान्य शर्ते, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति (परिशिष्ट- 2.10) एवं निविदा दस्तावेज (परिशिष्ट- 2.13) यथा संशोधित व अन्य जानकारी वेबसाईट http://eproc.cgstate.gov.in अथवा कार्यालयीन अवधि में कार्यालय मे उपस्थित होकर देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
गा.यां. सेवा संभाग बिलासपुर

जी. 252603149/3

**कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, मुंगेली (छ.ग.)**

**-: संशोधित निविदा सूचना :-**

क्रमांक / निविदा/मत.सूची.मु./2025-26/1223 मुंगेली, दिनांक 29.08.2025

विषय:- मुंगेली जिले के सभी विधानसभाओं के मतदाता सूची का मुद्रण का निविदा सूचना।

मुंगेली जिले के अंतर्गत आने वाले विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्र. 26-लोरमी, 27-मुंगेली (अ.जा.) एवं 29-बिल्हा (भाग संख्या 01 से 120 तक) के समस्त मतदान केन्द्रों के फोटोयुक्त मतदाता सूची के मुद्रण, कार्य भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार करने हेतु इच्छुक संस्था एवं योग्य फर्मो से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का प्रारूप एवं निविदा की विस्तृत शर्ते कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के (निर्वाचन शाखा) से एवं जिले के वेबसाइट से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र विक्रय दिनांक 01.09.2025 से 17.09.2025 दोपहर 01:00 बजे तक कार्यालयीन दिवस में प्राप्त किया जा सकता है। इच्छुक निविदाकार रू. 500/- नगद अथवा बैंक ड्राफ्ट जमा कर निविदा प्रपत्र प्राप्त कर सकते है। पूर्णतया भरे हुए निविदा प्रपत्र कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मुंगेली के निर्वाचन शाखा कक्ष क्र.-255 में दिनांक 17.09.2025 को दोपहर 03:00 बजे तक जमा करना होगा। आमंत्रित निविदा दिनांक 17.09.2025 को ही शाम 04:00 बजे निविदा हेतु गठित समिति एवं निविदाकारों के उपस्थिति में खोली जावेगी।

(कलेक्टर एवं जिला निर्वा.अधि. महो. द्वारा अनुमोदित)

उप जिला निर्वाचन अधिकारी
हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी
(मुंगेली (छ.ग.)

जी 252603170/2

**कार्यालय, जिला बाल संरक्षण अधिकारी**

**जिला बाल संरक्षण इकाई (महिला एवं बाल विकास) जिला-मुंगेली (छ.ग.)**

Phone7646968508,7000296589 Email:- icpsmungeli@gmail.com

**दावा-आपत्ति**



1. बच्चे का नाम :- नीरव (समिति द्वारा रखा गया नाम)
2. बच्चे का प्राप्ति दिनांक :- 18/08/2025
3. संस्था :- प्रबंधक, विशेषीकृत दत्तक अभिकरण, सेवा भारती मातृछाया कुदुदण्ड बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.)
4. रंग :- गेहूंआ।
5. उम्र :- 12 दिन लगभग

उक्त बालक को दिनांक 18/08/2025 को बाल कल्याण समिति मुंगेली के आदेश क्रमांक / 101/ बा.क.स./ मि.वा./ 2025-26 मुंगेली दिनांक 18/08/2025 से अस्थाई संरक्षण हेतु प्रबंधक, विशेषीकृत दत्तक अभिकरण, सेवा भारती मातृछाया कुदुदण्ड बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) में रखा गया हैं।

सर्व संबंधित को जो कि बालक के वैधानिक पालक/अभिभावक होने का दावा आपत्ति दर्ज कराना चाहते हैं, प्रकाशन दिनांक से 30 दिवस के भीतर जिला बाल संरक्षण ईकाई महिला एवं बाल विकास विभाग जिला मुंगेली अथवा प्रबंधक, विशेषीकृत दत्तक अभिकरण, सेवा भारती मातृछाया कुदुदण्ड बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) मे दर्ज करा सकते हैं। उक्त समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्तियों पर विचार नही किया जावेगा तथा दत्तक ग्रहण की कार्यवाही की जावेगी।

यह विज्ञापन मेरे द्वारा जारी किया गया।

जिला बाल सरक्षण अधिकारी
जिला बाल संरक्षण इकाई (मबावि)
जिला-मुंगेली (छ.ग.)

जी. 252603164/1

# जीएसटी कटौती की आस में अगस्त में वाहनों की बिक्री घटी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रमुख वाहन विनिर्माता कंपनियों मारुति सुजुकी, हुंडई, महिंद्रा और टाटा मोटर्स की थोक बिक्री में अगस्त के दौरान मांग घटने की वजह से गिरावट देखी गई। कई संभावित खरीदारों के जीएसटी कर दरों में संशोधन का इंतजार करने और अपनी खरीदारी को टाल देने से वाहन बिक्री में यह गिरावट आई है। देश की सबसे बड़ी कार विनिर्माता मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसई) के यात्री वाहनों की पिछले महीने घरेलू बाजार में थोक बिक्री आठ प्रतिशत गिरकर 1,31,278 इकाई रही जबकि एक साल पहले इसी महीने में 1,43,075 वाहनों की बिक्री हुई थी। मारुति की छोटी कारों की बिक्री साल भर पहले के 10,648 वाहनों से घटकर 6,853 वाहन रह गई।

### कॉम्पैक्ट कारों की बिक्री बढ़ी

इसकी कॉम्पैक्ट कारों की बिक्री एक साल पहले के 58,051 वाहनों से बढ़कर 59,597 वाहन हो गई। मारुति के यूटिलिटी वाहनों की बिक्री पिछले महीने 14 प्रतिशत घटकर 54,043 इकाई रही जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 62,684 इकाई थी।

*महिंद्रा की वाहन बिक्री नौ फीसदी कम रही : महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) ने कहा कि पिछले महीने घरेलू बाजार में उसके यूटिलिटी वाहनों की बिक्री 39,399 इकाई रही, जो एक साल पहले इसी अवधि में 43,277 इकाई से नौ प्रतिशत कम है। डीलरों के पास मौजूद स्टॉक को कम करने के लिए थोक सौदे कम करने का फैसला किया है।*

**कार्यालय कलेक्टर, (आदिम जाति कल्याण शाखा) जिला-जशपुर (छ.ग.)**

(कलेक्टोरेट प्रथम तल, दूरभाष 077763-223212, Email-id-actd.jashur@gmail.com)

क्रमांक /1950/वन अधि./आ.जा.क./ 2025-26 **विज्ञापन** जशपुर, दिनाँक: 25-08-2025

अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 एवं नियमों के प्रभावी एवं सूचारू कियान्वयन हेतु जिला स्तर पर तथा चिन्हित अनुभाग स्तर पर वन अधिकार प्रकोष्ठ में क्रमशः जिला स्तरीय समन्वयक (समन्वयक वन अधिकार अधिनियम) एवं एमआईएस सहायक (सहायक वन अधिकार अधिनियम) की नियुक्ति किये जाने हेतु ऑफलाईन आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवेदन रजिस्टर्ड डॉक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास जिला-जशपुर (छ.ग.) में किया जा सकेगा। विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | पद का नाम | मानदेय | पद की संख्या | निर्धारित अवधि | स्तर | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जिला स्तरीय समन्वयक (समन्वयक-वन अधिकार अधिनियम) | 30,000/- | 01 | 01 वर्ष | जिला स्तर | प्रत्येक जिले के जिला स्तरीय समिति स्तर पर |
| 2 | एमआईएस सहायक (सहायक वन अधिकार अधिनियम) | 20,000/- | 03 एसडीएलसी बगीचा-01 फरसबहार-01 पत्थलगांव-01 | 01 वर्ष | चिन्हित अनुभाग स्तर पर | संबंधित जिले के चिन्हित उपखण्ड स्तरीय समिति स्तर पर |

1. आवेदन पत्र आमंत्रित करनें की अंतिम तिथि-14.09.2025 समय 5.00 बजे सांय तक।

नोट :- शर्ते एवं अन्य विवरण कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास, जिला-जशपुर (छ.ग.) के सूचना पटल एवं जिले के वेबसाईट http://jashpur.nic.in/ पर अवलोकन किया जा सकता है।

(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास जिला-जशपुर (छ.ग.)

जी. 252603148/1

**कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर, अटल नगर**

**(केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ) ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

Main Portal: https: // eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| स.क्र. | सिस्टम निविदा क्रमांक/दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रुपये लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 174144 प्रथम आमंत्रण 20.08.2025 | जिला जशपुर के एस.एच.-17 के कि.मी. 6/6 से बरंगजोर अटल चौक पहुंच मार्ग लंबाई 4.04 कि.मी. निर्माण कार्य। | 396.41 |
| 2 | 174179 प्रथम आमंत्रण 21.08.2025 | जिला दुर्ग के पाटन मोतीपुर अमलेश्वर रायपुर मार्ग में खारून नदी पर उच्चस्तरीय पुलमय पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 1777.47 |
| 3 | 174208 प्रथम आमंत्रण 21.08.2025 | जिला न्यायालय भवन बिलासपुर (छ.ग.) के परिसर में 15 + 2 कोर्ट रूम के लिए व्ही.आर.व्ही./ व्ही.आर.एफ. एच.व्ही.ए.सी. सिस्टम, मेन क्यूबिकल पैनल लिफ्ट, फायर अलार्म, लाईटनिंग कंडक्टर, एरिया लाईट, गार्डन लाईट, इन्वर्टर बैटरी, पी.ए.सिस्टम, साउंड सिस्टम, डीजल जनरेटर सेट एवं सी.सी.टी.वी. कैमरे की सप्लाई, इंस्टालेशन, टेस्टिंग एवं कमीशनिंग कार्य। | 655.22 |
| 4 | 174187 प्रथम आमंत्रण 21.08.2025 | वार्षिक संधारण कार्यक्रम 2025-26 के उपसंभाग रायगढ़ के अंतर्गत मिट्ठूमुड़ा-संगीतराय कोटरा बालमगोड़ा, धनगर बंसिया तरकेला-पटेलपाली, कोड़ातराई सूरजगढ़, चिचोर उमरिया पुसौर, कोड़ातराई गोहदीडीपा, सुर्री-सारसमाल, माचिदा कलमी, नेतानगर बड़माल, जटारी-रूचिदा, जटारी-लिटाईपाली-तोरना, कवरिहा-बासनपाली, बुंगा रणभांठा, बुंगा पहुंच मार्ग, रायतराई तेलीपाली, कौवाताल पहुंच मार्ग, नवापारा पहुंच मार्ग, तोरण पहुंच मार्ग, ठेंगागुड़ी पहुंच मार्ग, जिंदल गेट (पूर्व) कोसमपाली सरायपाली-गेजामुड़ा, धानागर भूपदेवपुर, किरोड़ीमल नगर डुमरपाली-उसरूट, काशीचुवा पंडरीपानीकोड़तराई, रायगढ़ खरसिया मार्ग से कोड़तराई डोंगीतराई, रायगढ़ खरसिया मार्ग से किरीटमाल-नवापारा, रायगढ़-खरसिया मार्ग से गढ़कुर्री पहुंच मार्ग, रायगढ़ खरसिया मार्ग से कुस्वाबहरी पहुंच मार्ग, लेबड़ा चारभाटा, उचभीठी-मुरारीपाली, कोड़तराई से दर्री-राजपुर, रोडोपाली से मुड़ागांव, दारमा से झिंटिपाली, कोलम नूनदरहा, तमनार-घरघोड़ा, तमनार महलोई, भगोरा से कोटमार, विजयपुर-तरपाली पतरापाली, संबलपुरी से रेगड़ा, रायगढ़ हमीरपुर, चपले नंदेली पेंडरूवा रोड एमडीआर 383 (कि.मी. 3,4), जोरापाली केनापाली अमलीभोना नानसिया रोड वीआर 59 (कि.मी. 3), बरपाली कुलबा अर्सीपाली लिटाईपाली सरवानी नवरंगपुर मार्ग वीआर 26 कि.मी. 4, 5), पंडरीपानी बड़ाधारा मार्ग वीआर 63-(कि.मी. 2), भटपुर बरदापुटी कांटाहरदी बसंतपुर मार्ग वीआर 70 (कि.मी. 3, 4), तेताला कैंसरा रूचिदा रावनखोदरा, कुल लंबाई 113.25 कि.मी. में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेच का रिपेयर कार्य। | 248.10 |
| 5 | 174216 प्रथम आमंत्रण 21.08.2025 | वार्षिक संधारण कार्यक्रम 2025-26 के उपसंभाग क्रमांक 2 बिलासपुर के अंतर्गत सीपत बलौदा कोरबा मार्ग के कि.मी. 1/2 से 14/10 = 14.00 कि.मी., सीपत बेलतरा मार्ग के कि.मी. 11/2 से 17/10 = 7.00 कि.मी., नवाडीह चौक से सीपत झलमला मोहरा मार्ग के कि.मी. 7/2 से 13/6 = 6.60 कि.मी., अशोकनगर आशाबंद मार्ग के कि.मी. 1/2 से 5/10 = 5.00 कि.मी., शनिचारी रपटा से साइंस कालेज मार्ग के कि.मी. 1/2 से 2/8 (100) = 1.70 कि.मी., मधुबन से लिंगयाडीह बसंत विहार मार्ग के कि.मी. 1/2 से 2/10 2.00 कि. मी., मोपका खैरा गतौरा जयरामनगर मार्ग के कि.मी. 1/4 से 1/6 एवं 6/8 से 14/4 = 7.60 कि.मी., खम्हरिया सोंठी नवापारा मार्ग लंबाई 11.60 कि.मी., दर्रीघाट से फरहदा मार्ग लंबाई 2.80 कि.मी., रांक मार्ग के कि. मी. 1/2 से 3/4 = 2.20 कि.मी., सीपत से नरगोडा मार्ग लंबाई 3.00 कि.मी., खैरा देवरी मार्ग लंबाई 2.00 कि.मी., कोरबी खोंदरा मार्ग लंबाई 5.80 कि.मी., दबनडीह भागोडीह दर्राभाठा मार्ग लंबाई 2.00 कि.मी., सीपत बेलतरा मार्ग के कि.मी. 18 से 23 = 6.00 कि.मी., लिम्हा लिमतरा मार्ग लंबाई 3.40 कि.मी., लिमतरा नवापारा मार्ग लंबाई 1.00 कि.मी., लिम्हा बरपाली मार्ग लंबाई 1.00 कि.मी., नेवसा पहुंच मार्ग लंबाई 2.30 कि.मी. एवं गढ़वत पहुंच मार्ग लंबाई 1.00 कि.मी. कुल लंबाई 88.00 कि.मी. में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेच का रिपेयर कार्य। | 349.59 |
| 6 | 174219 प्रथम आमंत्रण 21.08.2025 | वार्षिक संधारण कार्यक्रम 2025-26 के उपसंभाग क्रमांक 1 बिलासपुर के अंतर्गत पचपेडी चिल्हाटी मार्ग लंबाई 23.80 कि.मी. एवं मल्हार चिल्हाटी मार्ग लंबाई 24.80 कि.मी. कुल लंबाई 48.60 कि.मी. में डब्ल्यू एम.एम. एवं बी.टी. पेच का रिपेयर कार्य। | 335.33 |
| 7 | 174223 प्रथम आमंत्रण 21.08.2025 | वार्षिक संधारण कार्यक्रम 2025-26 के उपसंभाग क्रमांक कोनी के अंतर्गत कोनी बिरकोना मार्ग के कि.मी. 1/2 से 4/8 3.80 कि.मी., कोनी रमतला मार्ग के कि.मी. 1/2 से 3/2 = 2.20 कि.मी., सेंदरी कछार लोफंदी मार्ग के कि.मी. 1/2 से 5/2 = 4.20 कि.मी., सेंदरी रमतला मार्ग के कि.मी. 1/2 से 2/2 1.20 कि.मी., बिलासपुर रतनपुर फोरलेन मार्ग के कि.मी. 1/2 से 9/4 = 8.40 कि.मी., चांटीडीह खमतराई बैमा नगोई पुसौर मार्ग के कि.मी. 7/2 से 9/10 एवं 13/2 से 14/6 = 4.60 कि.मी., सिंघरी लखराम मार्ग के कि.मी. 1/2 से 9/8 एवं 9/10 (100) = 8.90 कि.मी. एवं कोनी मोपका मार्ग के कि.मी. 1/2 से 14/4 = 13.40 कि.मी. कुल लंबाई 46.70 में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेच का रिपेयर कार्य। | 249.52 |
| 8 | 174233 प्रथम आमंत्रण 21.08.2025 | वार्षिक संधारण कार्यक्रम 2025-26 के उपसंभाग क्रमांक 1 बिलासपुर के अंतर्गत दर्री लावर कोनी इटवा पाली सरसेनी मटिया ठाकुर देवा खपरी गिधपुरी मार्ग के कि.मी. 1/2 से 25/10 = 25.00 कि.मी., जोंधरा सोन बसंतपुर उदयबंद मार्ग के कि.मी. 1/2 से 15/4 एवं 15/6 (100)= 14.50 कि.मी., मस्तूरी मल्हार जोंधरा लवन मार्ग के कि.मी. 1/2 से 34/10 = 34.00 कि.मी., बोहरडीह केंवटडीह भुतहा मार्ग के कि.मी. 1/2 से 3/10 = 3.00 कि.मी., बाकुरकुडा मटिया मार्ग के कि. मी. 1/2 से 5/8 = 4.80 कि.मी. हथनी नवागांव मार्ग के कि.मी. 1/2 से 8/10 = 8.00 कि. मी., पथरखान पहुंच मार्ग के कि.मी. 1/2 से 1/10 = 1.00 कि.मी., बिटकुली पोंडी हथनी मार्ग के कि.मी. 1/2 से 5/10 = 5.00 कि.मी., चौराहा भैना सिलयारी करही मार्ग के कि.मी. 1/2 से 5/10 = 5.00 कि.मी., सेवती पहुंच मार्ग के कि.मी. 1/2 से 2/10 = 2.00 कि.मी., भटगांव सेवनर मार्ग के कि.मी. 1/2 से 2/10 2.00 कि.मी., नेहरू चौक से कुदुदंड मंगला पहुंच मार्ग के कि.मी. 1/2 से 2/10 = 2.00 कि.मी., लिंक मार्ग के कि.मी. 1/2 से 3/10 3.00 कि.मी., इंदिरा सेतु टेलीफोन एक्सचेंज मार्ग कि.मी. 1/2 से 5/10 = 5.00 कि.मी. एवं देवकीनंदन चौक से महामाया चौक मार्ग के कि.मी. 1/2 से 2/10 2.00 कि.मी. कुल लंबाई 116.30 कि. मी. में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेच का रिपेयर कार्य। | 322.98 |
| 9 | 174238 प्रथम आमंत्रण 21.08.2025 | जिला नारायणपुर के मुंजमेटा से टिमनार पहुंच मार्ग लंबाई 2.60 कि.मी. पुल-पुलिया सहित निर्माण कार्य। | 333.96 |

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथी 11.09.2025 निर्धारित है। निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है।

मुख्य अभियंता
केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ
कार्यालय प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग,
नवा रायपुर अटल नगर

जी. 252603163/3

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### खाद संकट से...

की उपलब्धता बनाए रखने के लिए लगातार प्रयास किए हैं। उनकी पहल पर यह आवंटन मिला है। राज्य में किसानों को समय पर खाद मिल सके, इसलिए सरकार लगातार कोशिश कर रही है। मार्कफेड के अधिकारी इस संबंध में केंद्र के अधिकारियों से चर्चा करने और आवंटन सुनिश्चित करने के लिए दिल्ली दौरे पर हैं।

### नैनो खाद भी...

2 लाख 38 हजार 619 बॉटल नैनो डीएपी संग्रहित किया गया है। अब तक किसानों को 2 लाख 32 हजार 652 बॉटल नैनो यूरिया और 1 लाख 85 हजार 136 बॉटल नैनो डीएपी वितरित किया जा चुका है।

### पीएम मोदी ने...

'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया, जिसके तहत पाकिस्तान के कब्जे वाले क्षेत्रों में आतंकवादी ढांचों को निशाना बनाया गया था। इस हमले के बाद चार दिनों तक दोनों देशों के बीच भीषण झड़पें हुईं, जो 10 मई को सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति के साथ समाप्त हुईं।

### लकड़ी काट रहा था ...

पहुंचने से पहले छात्र ने दम तोड़ दिया। इस घटना के बाद विभाग में हड़कंप मच गया है। एसी ट्राइबल ने मामले में जांच के निर्देश दिए है। पुलिस द्वारा मामले में शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। इस घटना से परिजन सदमे में है। बताया जा रहा रहा है कि बलरामपुर क्षेत्र के ग्राम बसकेपी निवासी 9 वर्षीय अभय कच्छप आ. साहिबा कच्छप जारहाडीह स्थित आदिवासी बालक आश्रम में रहकर कक्षा 4थी में पढ़ाई करता था। रविवार को छात्रावास में खाना खाने के बाद कुछ बच्चे खेल रहे थे और कुछ बच्चे टीवी देख रहे थे। इसी दौरान अस्पताल का भृत्य परिसर में टांगी लेकर लकड़ी काटने का काम कर रहा था। लकड़ी काटने के दौरान ही दो छात्र खेलते हुए लकड़ी काटने वाले स्थान पर पहुंच गए। खेल खेल में के बच्चे ने अभय कच्छप को धक्का दे दिया और जैसे ही छात्र गिरा उसी समय भृत्य ने भी कुल्हाड़ी घुमा दिया। कुल्हाड़ी अभय कच्छप के घुटने के पीछे की तरफ लगा और पैर की नस कट गई। गुटने के समीप पैर की नस कटने से बच्चा खून से लथपथ हो गया। बच्चे को छात्रावास अधीक्षक ने अपने निजी वाहन से जिला अस्पताल में भर्ती कराया और इस घटना की जानकारी छात्र के परिजन को दी। इस दौरान बच्चे को प्रारंभिक उपचार के बाद अंबिकापुर रेफर कर दिया गया था। अधीक्षक जब बच्चे को लेकर निजी अस्पताल पहुंचे तो डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### नकली शराब बनाने...

ये तस्कर भोपाल से बिलासपुर स्प्रिट ला रहे थे और फर्जी स्टिकर, होलोग्राम व ढक्कन लगाकर नकली शराब तैयार करने की योजना बना रहे थे। आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट, ट्रेडमार्क एक्ट और बीएनएस की धाराओं में मामला दर्ज कर उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस ने बताया कि गिरोह के कुछ सदस्यों के खिलाफ पहले से आपराधिक रिकॉर्ड दर्ज है। एसपी भोजराम पटेल ने कहा कि नशे के खिलाफ पुलिस की सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। पुलिस के अनुसार 31 अगस्त को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम दाबो के पास स्प्रिट से भरे हुए एक ट्रक टैंकर में चार लोग देसी शराब बनाने के लिए टैंकर से स्प्रिट निकाल रहे हैं। आरोपी स्प्रिट को ऑल्टो कार में रखने की तैयारी कर रहे थे। उनके पास स्प्रिट से शराब निर्माण करने का फर्जी स्टीकर, होलोग्राम, शीशी का ढक्कन भी था। पुलिस ने घटनास्थल ग्राम दाबो नवोदय विद्यालय से पहले घेराबंदी कर चार लोगों को पकड़ लिया और रोड किनारे खड़े ट्रक टैंकर क्रमांक डच.09 भ्भ.5348 एवं अल्टो कार यूपी 91 जे 7125 को जब्त कर लिया। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि टैंकर में 35 हजार बल्क लीटर स्प्रिट से भरा हुआ है, जिसे वे भोपाल से बिलासपुर ले जा रहे थे। उन्होंने टैंकर का सील खोलकर 50-50 लीटर के दो जरीकेन में स्प्रिट को निकालकर अपने सहयोगी भगवत सिंह बुंदेला, मलखान सिंग, महेन्द्र अनुरागी पास 5 हजार रुपए में बेचा है। आरोपियों से जब्त सामग्री- आरोपियों के कब्जे से ट्रक टैंकर क्रमांक डच 09 भ्भ 5348 में भरा हुआ 34,900 बल्क लीटर देसी शराब बनाने का स्प्रिट कीमती 25,26,010 रुपए, पाइप, पाना, टूटा हुआ तार, टैंकर के कागजात की मूलप्रति, स्प्रिट बिक्री रकम 5 हजार रुपए, 2 नग प्लास्टिक के जरिकेन में भरा हुआ 100 बल्क लीटर देसी शराब बनाने का स्प्रिट, पुरानी आल्टो कार क्रमांक यूपी 91 जे 7125, ड्रायविंग लायसेंस, कागजात, प्लास्टिक की थैली में रखा 525 नग स्टीकर, होलोग्राम 3360 नग, 365 नग स्टीकर देसी मदिरा प्लेन, 70 नग शीशी का ढ़क्कन, 1 शराब की डिग्री मापने का यंत्र, 4 नग मोबाइल कीमती 46,68,786 रुपए जब्त कर फास्टरपुर में धारा 34 (1) क, 34 (2), 59 (क) आबकारी एक्ट व ट्रेडमार्क एक्ट की धारा 103, 104 एवं धारा 318, 336, 3 (5) बीएनएस पंजीबद्ध किया गया।

### पकड़े गए...

महेन्द्र अनुरागी पिता उमेश अनुरागी उम्र 23 वर्ष निवासी पनवाड़ी, थाना पनवाड़ी जिला महोबा (उप्र) एवं भगवत सिंह बुंदेला पिता विजय सिंह बुंदेला उम्र 48 वर्ष निवासी मातगवां, थाना मातगवां, जिला छतरपुर (मप्र) को विधिवत गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमाण्ड पर भेजा है।

### आगे जारी रहेगी...

जिले में नशे की खिलाफ कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवनीत कौर छाबड़ा व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मुंगेली मयंक तिवारी के पर्यवेक्षण में जिले की साइबर सेल एवं थाना फास्टरपुर की संयुक्त टीम ने उक्त कार्रवाई की।

### जीएसटी ने भरा...

आयात कर 1.2 प्रतिशत घटकर 49,354 करोड़ रुपए रहा। जीएसटी रिफंड सालाना आधार पर 20 प्रतिशत घटकर 19,359 करोड़ रुपए रह गया।

### बस्तर की बाढ़ में बह...

जारी रखें। लगातार प्रभावितों के संपर्क में रहें तथा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सतत जारी रखें।

### कलेक्टरों ने दी नुकसान...

रेस्क्यू कर उन्हें राहत कैंप में लाने, तात्कालिक उपचार करने और खाद्य सामग्री वितरित करने की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि सर्वाधिक क्षति नदी-नालों के किनारे स्थित ग्रामों के लोगों की हुई हैं। समय पर प्रशासनिक राहत मुहैया कराई गई।

### हाईकोर्ट ने कहा- उचित...

रायपुर छग द्वारा पारित एवार्ड राशि 8 लाख 30 हजार 400 रुपए को बढ़ाकर 12 लाख 80 हजार 160 रुपए करते हुए ओरिएंटल इश्योरेंस कंपनी को 60 दिवस के अंदर 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर से अंतर राशि का भुगतान करने का आदेश दिया है। मामला यह है कि बलौदाबाजार जिला निवासी जीतू जांगड़े 14 मई 2012 को शाम 4.30 बजे ट्रैक्टर से खेत जा रहा था। रास्ते में मुजगहन-सिवनी मार्ग पर मुजगहन के पास चालक द्वारा तेजी और लापरवाही से चलाया जा रहा था। इससे वाहन सड़क किनारे एक खाई में पलट गया। जीतू उसमें फंस गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां 15 मई 2012 को दम तोड़ दिया। पुलिस स्टेशन टिकरापारा रायपुर में एक प्राथमिकी दर्ज की गई और गैर इरादतन हत्या का प्रकरण दर्ज कर चालान पेश किया। मृतक जीतू के आश्रितों पत्नी व अन्य ने दुर्घटना दावा पेश किया। न्यायालय से एवार्ड पारित होने के खिलाफ बीमा कंपनी ने अपील पेश की। अपील में बीमा कंपनी के वकील ने तर्क दिया कि मृतक उस वाहन का यात्री था। ऐसे यात्री के लिए कोई प्रीमियम नहीं चुकाया गया था। यह भी तर्क दिया गया कि मृतक उस वाहन के मालिक का कर्मचारी नहीं था और इसलिए बीमा- कंपनी मुआवजे की क्षतिपूर्ति करने के लिए उत्तरदायी नहीं है। विचाराधीन बीमा पॉलिसी एक 'केवल अधिनियम पॉलिसी' थी। यह भी तर्क दिया गया कि मृतक ट्रैक्टर पर बैठा था, जबकि ट्रैक्टर में चालक के लिए केवल एक सीट है और किसी अन्य यात्री को ले जाने का कोई प्रावधान नहीं है। इस प्रकार दावेदार जीतू जांगड़े की मृत्यु के कारण किसी भी मुआवजे के हकदार नहीं हैं।

### न्यायाधिकरण द्वारा ...

वाहन ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड द्वारा विधिवत बीमाकृत था और बीमा पॉलिसी की शर्तों के अनुसार चलाया जा रहा था।यह भी प्रतीत होता है कि मृतक ट्रैक्टर की ट्रॉली में मजदूर के रूप में बैठा था। साक्ष्यों से पता चलता है कि ट्रैक्टर और ट्रॉली कृषि कार्यों में लगे हुए थे और घटना की तिथि को ट्रॉली में खाद भरा हुआ था। मृतक खेत में खाद उतारने के उद्देश्य से उसमें बैठा था। मृतक ट्रैक्टर ट्रॉली में यात्रा कर रहा था जिसका उपयोग कृषि उद्देश्यों के लिए किया जा रहा था। इसलिए पॉलिसी की शर्तों का कोई उल्लंघन नहीं हुआ। कोर्ट ने यह भी उल्लेख किया कि दावेदार न तो इस न्यायालय के समक्ष उपस्थित हुए हैं और न ही वृद्धि की मांग करते हुए कोई प्रति आपत्ति या प्रति अपील दायर की है फिर भी पक्षकार की उदार प्रकृति को देखते हुए उक्त परिस्थिति में कुल मुआवज़ा 12,80, 160 रुपए होगा। दावा न्यायाधिकरण द्वारा निर्धारित 8, 30, 400 रुपए घटाने के बाद वृद्धि 4, 49, 760 रुपए होगी। इस प्रकार दावेदार दावा न्यायाधिकरण द्वारा पहले से निर्धारित राशि के अतिरिक्त 4, 49, 760 रुपए के हकदार होंगे। बढ़ी हुई राशि पर मुआवजे की तिथि से उसके भुगतान तक 9 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से ब्याज लगेगा। दावा न्यायाधिकरण द्वारा लगाई गई अन्य शर्तें बरकरार रहेंगी। न्यायालय द्वारा संशोधित दावेदारों को इस निर्णय की प्रमाणित प्रति प्रस्तुत करने की तिथि से 60 दिनों की अवधि के भीतर मुआवजा प्रदान करने का निर्देश दिया गया है।

### जिला विधिक ...

दिया जाता है कि मुआवजे में वृद्धि की सूचना दावेदारों को उनके दिए गए पते पर संबंधित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर छत्तीसगढ़ के माध्यम से दी जाए।

### धनखड़ अब ...

अपने पद से इस्तीफा दे दिया था और तब से वह जनता की नजरों से दूर हैं।

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग
• Hearing Aids सुनाई मशीन
• Dental/ दंत रोग
• मुख के कैंसर प्लास्टिक सर्जरी
• चक्कर, खर्राटे

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साँई बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
अष्टविनायक हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

HMS ARSH-RAHAT
आयुर्वेदिक हानिरहित बवासीर का दवा
अर्श-राहत
बवासीर की समस्त समस्याओं से 5 दिनों में छुटकारा दिलाता है व दुबारा होने से भी रोकता है।
आपरेशन के खर्च व तकलीफ से बचना चाहते हैं तो अर्श-राहत का इस्तेमाल करें
HMS देखकर खरीदें

असली केंदवा मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
94060-21769

जॉइंट्स पेन के लिए रामबाण तेल
Since-2000
S.M. OIL®
सभी आयुर्वेदिक एवं ऐलोपैथिक दुकानों में उपलब्ध।
हर प्रकार के वात रोग, गठिया वात, लकवा, हाथ पांव, कमर, पीठ, जोड़ों का दर्द, जोड़ों का अकड़ना, सूजन, मोच, हड्डी फ्रेक्चर आदि में परम गुणकारी
Customer Care No. 9425296176
तुरंत पायें आराम

हरिभूमि छत्तीसगढ़ के डायग्नोस्टिक सेन्टर
THE DIAGNOSTIC CARE
दि अमेरिकन लेबोरेटरी अ सुपरस्पेस्लिटी डायग्नोस्टिक
ट्यूबरक्यूलोसिस — मध्यभारत का सबसे बड़ा सुपरस्पेस्लिटी डायग्नोस्टिक
• जीनएक्सपर्ट/सीबीएनएटी (टीएटी- 12-24 घंटे) बलगम
• क्वांटिफेरॉन-टीबी गोल्ड प्लस (क्यूएफटी प्लस) (टीएटी-48 घंटे) खून
• एएफबी कल्चर (एमजीआईटी320) (टीएटी- 21-42 दिन)
पता- सीटी कोतवाली के पास, सीएसईबी ऑफिस के सामने, बुढ़ापारा, रायपुर 492007
मो. 8098518020, 9004051230, 7828184773
लैब प्लस पैथोलाजी
क्वालिटि के साथ जांच की गारंटी
पैथोलाजी जाँच के लिए पैकेज में जांच कराये व अपने पैसे बहुतायत से बचाये।
सभी प्रकार के बीमारियों के लिए पैकेज उपलब्ध
पैकेज की जानकारी के लिए सम्पर्क करे- 9039055548, 9300000989,9300000702
विज्ञापन हेतु संपर्क करें - 9303508130, 9302016344, 7909631282

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है**-रियल एस्टेट में काम करने हेतु ऑपरेटर एवं मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव की आवश्यकता है आकर्षक वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- श्रीजी बिल्डकॉन द्वितीय तल अम्बे ट्रेड सेन्टर लिंकरोड बिलासपुर 9302716061 (38589)

**आवश्यकता है**-एक कार ड्राइवर Xuv 500 चलाने के लिए आवश्यकता है 5 से 7वर्ष का अनुभवी वेतन 12000 सम्पर्क करें-छत्तीसगढ़ रिपोर्टर श्रीशिशु भवन के पास, ईदगाह रोड बिलासपुर 07752-313777, 09827115110 (38584)

**आवश्यकता है**-इलेक्ट्रॉनिक दुकान में काम करने के लिए लड़कियों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- गोविन्द इलेक्ट्रॉनिक बुधवारी बाजार बिलासपुर 8827409000 (38588)

**आवश्यकता है**-कक्षा नर्सरी से 12वी तक पढ़ाने हेतु अनुभवी/ फ्रेशर महिला टीचर्स एवं सफाईकर्मी चाहिए सम्पर्क करें- सुबह 9 से दोप. 2बजे, संस्कार स्कूल, स्वास्थ्य केन्द्र के सामने, उसलापुर 74405 49466, 9691259615 (38585)

**आवश्यकता है**-लॉज में झाड़ू पोछा एवं वेटर काम करने जरूरतमन्द कर्मचारी की तत्काल आवश्यकता है वेतन 10000 ग्रामीणों को भोजन आवास निःशुल्क सम्पर्क करें- अग्रवाल लॉज गोल बाजार बिलासपुर 9827940898, 9406390898 (38587)

**आवश्यकता है**- आईसीयू में काम करने के लिए अनुभवी बीएससी/ जीएनएम नर्सिंग स्टाफ,वार्ड के लिए वार्ड ब्वॉय हाऊस कीपिंग स्टाफ की आवश्यकता है सम्पर्क करें- श्री मंगला हॉस्पिटल नेहरू नगर बिलासपुर 95896 65646 (38586)

**आवश्यकता है**-पेस्ट कंट्रोल कार्य हेतु युवकों की आवश्यकता है वेतन 10000 तिफरा सम्पर्क करें- 95226 01634, 8982080720 (38578)

**We Are Hiring!**
BHATIA ENERGY & COAL BENEFICATION PVT. LTD. (BECBPL)
Lokhandi, Bilaspur (C.G.)
Seeking experience professionals from Coal/Steel/Power industries:
HR Manager 1 Post — Experience 6yrs
Weigh Bridge Operator 2 Post — Experience 3yrs
Coal Lab Chemist 1 Post — Experience 10yrs
Store Keeper 1 Post — Experience 5yrs
Security In-Charge 1 Post — Experience 5yrs
Head Accountant 1 Post — Experience 8yrs
Junior Accountant 1 Post — Experience 4yrs
Data Entry Operator 2 Post — Experience 2yrs
Contact :
Email : support@becbpl.com
Phone : 6264020111

**आवश्यकता है**-हेन्डलुम कपड़े (परदा, चादर, सोफा कवर) दुकान में कार्य हेतु लड़के लड़कियों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- श्रीराम क्लाथ मार्केट अग्रसेन चौक बिलासपुर 9300088840, 9826174433 (38579)

**आवश्यकता है**-फर्निशिंग शोरूम अर्बन लिविंग 27 खोली मुंगेली नाका चौक बिलासपुर में काउंटर सेल्स के लिए कार्य करने हेतु 20 लड़को की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 8109090000, 83193 97645 (38565)

**आवश्यकता है**- होटल लॉज में काम करने हेतु मैनेजर, वेटर (रूम सर्विस) की आवश्यकता है शादीशुदा लोगों को प्राथमिकता बायोडाटा, आधार कार्ड सहित सम्पर्क करें- होटल शिवम देवकीनन्दन चौक बिलासपुर 9827957786, 8643910000 (38580)

**आवश्यकता है**-फील्ड ऑफिसर, काउंसलर, टेलीकॉलर एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है वेतन 8000 से 20000 सम्पर्क करें- शीला शिखर कॉम्प्लेक्स, अशोक नगर चौक के पास सीपत रोड, सरकंडा बिलासपुर 9244110169, 6267598299 (38577)

**आवश्यकता है**-भारतीय नगर में घर में खाना बनाने और दिन भर रहने के लिए लड़की/ महिला की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 9893168448 (38582)

**आवश्यकता है**-खमरिया काठाकोनी में बगीचे की देखरेख करने के लिए अनुभवी माली की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 8754507712, 7987309303 (38569)

**आवश्यकता है**-6वर्ष, 8वर्ष के बच्चों को घर आकर पढ़ाने हेतु फुल टाइम के लिए एक फ्रेशर युवती चाहिए अधिकतम आयु 22वर्ष, शिक्षा 12वीं पास, वेतन 6000 से 10000 सम्पर्क करें-7587258374 (38575)

**आवश्यकता है**-घर में 24घंटे रह कर चौकीदार की आवश्यकता है जो घर की देखभाल एवं अन्य कार्य कर सके रहने की सुविधा उपलब्ध सम्पर्क- बलराम टॉकीज के पीछे नेहरू नगर बिलासपुर 9826765706 (38572)

**आवश्यकता है**-दवाई दुकान में काम करने हेतु अनुभवी कर्मचारी की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- गोयल मेडिकल स्टोर सिम्स गेट के सामने बिलासपुर 9303112340, 93006 74797 (38573)

**आवश्यकता है**-इलेक्ट्रॉनिक शोरूम में कार्य करने सुपरवाइजर हेतु लड़कों की आवश्यकता है आकर्षक वेतन सम्पर्क करें- श्री शारदा इन्टरप्राइजेज सिटी कोतवाली चौक के पास मेन रोड तेलीपारा बिलासपुर 8370019963 (38560)

**आवश्यकता है**-हाईकोर्ट अधिवक्ता आफिस में पुरुष, महिला अधिवक्ता की आवश्यकता है। उम्र- 20 से 32 वर्ष, योग्यता- एलएलबी, मासिक सैलरी 7000 (अच्छा काम करने पर सैलरी बढ़ा दी जाएगी) सम्पर्क करें-70245 97788 (38543)

**आवश्यकता है**-अम्माजी ट्रेडर्स में कलेक्शन कार्य के लिए लड़के की आवश्यकता है बाइक अनिवार्य सम्पर्क करें- 9699991449 (38566)

**आवश्यकता है**-प्लम्बर, इलेक्ट्रीशियन, कारपेन्टर, मिस्त्री मल्टी टैलेंटेड कर्मचारी वेतन 15000 महीना एवं घर के कार्य हेतु महिला की आवश्यकता है सम्पर्क करें- ओम नगर जरहाभाठा बिलासपुर 8602366077, 7974417600 (38557)

**आवश्यकता है**-ऑनलाइन कॉस्मेटिक सामान के पार्सल पैकिंग कार्य हेतु 5 लड़के, 5 लड़कियों की आवश्यकता है आकर्षक वेतन कार्य समय 10 से 8 सम्पर्क करें- पाहवा इंटरप्राइजेज गोल्डन बार के पीछे व्यापार विहार बिलासपुर 8109168000 (242)

**आवश्यकता है**-ऑफिस कार्य हेतु 18 से 28वर्ष के अविवाहित लड़कों की अवश्यकता है जो म.प्र. उज्जैन में रहकर काम कर सके योग्यता 10वी, 12वी, स्नातक पास सैलरी 10000+ कमिशन बोनस+ रहना फ्री ज्वाइनिंग के बाद कमाए 15000 से 20000 सम्पर्क करें-9630773028 9993044523 (411)

**आवश्यकता है**-अर्जेंट भर्ती वन सुरक्षा को जिला अनुसार लड़के लड़कियों की आवश्यकता पद संख्या 790 वन रक्षक, फील्ड ऑफिसर, माली, वन सिपाही, सैलरी 27500+ 56500 पढ़ाई 8वी से स्नातक रहना+ खाना की सुविधाएं आवेदन करने हेतु आधार कार्ड मार्क शीट फोटो व्हाट्सएप करे- सचिन शर्मा 7054311719 (1125)

**आवश्यकता है**-ऑफिस कार्य की आवश्यकता 10वी 12वीं पास छात्रों के लिए जो कानपुर में रह कर काम कर सके वेतन 10000+ कमीशन+ बोनस+ प्रमोशन+ रेल ट्रेनिंग के बाद कमाए 15000 से 20000 महीना सम्पर्क करें- 8770508791, 72258 15090 (375)

**आवश्यकता है**-ऑफिस कार्य हेतु 10वी, 12वीं पास लड़कों जो कानपुर उ.प्र. में रह कर काम कर सके सैलरी 10000+ कमीशन+ बोनस+ प्रमोशन+ रेल किराया आवास फ्री ट्रेनिंग के बाद कमाए 15 से 30000 महीना सम्पर्क करें- 7225815090, 8770508791 (246)

**आवश्यकता है**-पेन्सिल पेन रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है सम्पर्क करें- 8873762120 (589)

**आवश्यकता है**-नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो सम्पर्क करें- 9202613238, 92291 87457 (1113)

**आवश्यकता है**-इंदौर में ऑफिस कार्य हेतु 18-30वर्ष, 10वी, 12वी, ग्रेजुएट लड़के चाहिए वेतन 10000+ कमीशन बोनस के साथ कमाए 15000 से 20000 रहना फ्री+ गाड़ी किराया कोई शुल्क नहीं लगेगा सम्पर्क करें- 7611101133 (412)

**आवश्यकता है**- मॅट्रिमोनी में कार्य करने हेतु लड़की व महिलाओं की आवश्यकता है वेतन 6000+ कमीशन सम्पर्क करें- नगर निगम कॉलोनी महाराणा प्रताप चौक बिलासपुर 8839003597, 94241 45652 (245)

## बेचना

**बेचना है**-महाराणा प्रताप चौक सांई बाबा हॉस्पिटल के पास 2BHK मकान 22×45 ईस्ट फेसिंग 55लाख में बेचना है लोन सुविधा उपलब्ध सम्पर्क करें- 8461997770, 93299 40681 (38366)

**बेचना है**-रायपुर रोड में बिलासपुर हाईकोर्ट के सामने, एयरपोर्ट रोड, मेन रोड से 50मी. अन्दर 50×200 वर्गफीट व्यावसायिक डायवर्सन बाउन्ड्रीवाल, कार शोरूम, आटोमोबाईल, होटल एवं अन्य व्यावसायिक उपयोग हेतु उपयुक्त प्लाट बेचना है। सम्पर्क करें-9300310774 (38590)

**बेचना है**- प्रथम हॉस्पिटल के सामने गीतांजलि सिटी फेस-1 सरकंडा में 23×75 और 22×75 के दो प्लॉट डायवर्टेड एकमुश्त या टुकड़ों में बेचना है सम्पर्क करें- 9827110714, 7999481154 (38567)

**बेचना है**-मोपका सेंदरी बायपास रोड पर बिरला ओपन माइंड हायर सेकेण्डरी स्कूल, वाटर पार्क के आगे नगोई बिलासपुर में 90 फीट फ्रंट में 11336 वर्गफिट एवं लोयला स्कूल रोड बिलासपुर में 80×130 का प्लाट बेचना है सम्पर्क करें- 8305090000 (247)

**बेचना है**- बिलासपुर के प्राइम लोकेशन मुंगेली रोड ग्रीन गार्डन के पीछे शुभम विहार शिक्षक कॉलोनी फुल फर्निश्ड 2850 वर्गफुट में बना उत्तर मुखी डुप्लेक्स 4BHK मकान बेचना है। सम्पर्क करें- 6262525232 (38564)

**बेचना है**-आर्या कॉलोनी तिफरा स्थित 3 मंजिला 4BHK स्वतंत्र मकान स्वयं का बोर सहित सर्व सुविधा युक्त मकान बेचना है (व्हाट्स पर वीडियो फोटो उपलब्ध) सम्पर्क करें- 94791 70222, 9329407603 (38571)

## किराया

**किराया**-2BHK हॉल किचन 2 टॉयलेट नौकरी, पेशा हेतु महावीर नगर मंगला चौक एवं रियल हेवन सेकेंड फ्लोर में 276 वर्गफुट फर्निश्ड आफिस कंसल्टेंसी क्लीनिक हेतु उपलब्ध है सम्पर्क- 83192 59757, 9424254836 (38559)

**किराया**-7500 वर्गफुट का पक्का लेंटर वाला गोदाम, रायपुर मेन रोड, कृष्णा केमिकल्स के आगे, त्रिवेणी डेंटल कॉलेज के सामने, एक एकड़ जमीन में बना। ऑफिस,बाथरूम, बिजली, पानी, स्टाफ रूम, गार्ड रूम, चारों तरफ पक्की बाउंड्री सहित। सम्पर्क करें-87200 24000 (38540)

**किराया**-राजीव प्लाजा प्रथम तल 186 वर्गफीट नवभारत प्रेस के सामने एवं 1000 फिट का हाल सेल्स टेक्स ऑफिस के सामने किराये से देना है सम्पर्क करें-9827913277 (38554)

**किराया**-फ्लैट किराये पर देना है ग्रीन गार्डन (नीलगिरी अपार्टमेंट) मुंगेली रोड में 3 बेडरूम, सर्वेंट क्वार्टर, नव पुनर्निर्मित सर्वसुविधायुक्त फ्लैट। बैंक अधिकारी को प्राथमिकता। सम्पर्क करें- 7023445244 (38576)

**Advertisement Booking Time 10.30 AM to 4.00 PM**

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें

- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230

| | |
|---|---|
| शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:- | मो. 9993567380, 8770837744 |
| एड प्रयास:- | मो. 9826701269, 9926003943 |
| श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- | मो. 9827168452, 9300625174 |
| रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- | मो. 9826129386, 8319503386 |
| जे.जे. एडवरटाइजर्स:- | मो. 9300659628 |
| भार्गव एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827167997 |
| श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- | मो. 9826705603 |
| एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827180896, 9131155033 |
| रौनक पब्लिसिटी:- | मो. 9300328290, 9981658490 |
| श्री श्याम पब्लिसिटी:- | मो. 9425540759 |
| अमित पब्लिकेशन:- | मो. 9826304304, 9827124304 |
| विप्रा विज्ञापन सेवा:- | मो. 9302462506 |
| माधवास & कम्पनी:- | मो. 9977185123, 9893115084 |
| बालाजी एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827466133, 9907047586 |

Medicare Specialists
इसे जरूर पढ़िये और समझिये
● इसे नजर अंदाज कर छणिक इलाज से रोग को दबा कर अपने जीवन को संकट में मत डालिए तुरंत खून की जाँच कराए।
● क्या आप को किसी प्रकार के वायरल या संक्रमण रोग हैं। जैसे हर्पिस रोग, स्त्री-पुरुष के गुप्तांग में दाने, फुंसी, छाले, चमड़ी का फटना, खुजली लाल होना, पेशाब में जलन या पीब आना, पेट के दाहिने तरफ दर्द हो तो यह हर्पिस रोग, हेपाटाइटिस (ABC), सिफलिस, गौनोरिया (सूजाक), रुबेला या एच.आई.वी. (HIV. AIDS) रोग हो सकता है। ये लक्षण इसके प्रारंभिक संकेत हैं।
● क्या आपको किसी भी प्रकार का लाईलाज चमड़ी रोग हैं सोरायसिस सिर एवं शरीर से तांबे रंग के छिलके, खुजली, रूसी, जोड़ो में दर्द, सुजन अंगुलियों का टेढ़ा होना, नाखूनो का सड़ना पुराना एक्जिमा रोग हैं।
● क्या आप किसी प्रकार के यौन समस्या, यौन कमजोरी व यौन रोग से परेशान हैं जैसेः शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, पेशाब से धातु जाना, उत्तेजना की कमी, मधुमेह जन्य नपुंसकता इत्यादि ।
ध्यान रहे पुरुष के प्रकृति जन्य लिंग (इन्द्रिय) को बड़ा मोटा करने का आज तक कोई भी उपाय नहीं है। नीम हकिमो से सावधान। इन बीमारियों का स्थायी ईलाज इम्नुनों थैरिपी पर आधारित केवल रस -रसायन में ही हैं।
वायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर क्लिनिक आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच. सी. अग्रवाल (एम.डी.)
निशांत अग्रवाल (फार्मा सांईटिस्ट)
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टॉकीज के सामने बजाज गोल्ड फाइनेंस के पीछे दुर्ग
मोबाईल नं.- 9425555659
9617789223, 9303242200
गुरूवार अवकाश, मिलने का समय : शाम 4 से 8

## CLASSIFIED RATE CARD

01 अप्रैल 2025 से लागू
हरिभूमि — समाचार ही नहीं, विचार भी

| EDITION | Appointment | Service/ Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 500 | 620 | 550 | 175/- Sqcm |
| Bhilai+Durg Edition | 440 | 560 | 520 | 150/- Sqcm |
| Bilaspur City | 440 | 500 | 520 | 140/- Sqcm |
| Raipur All Edition | 720 | 820 | 800 | 240/- Sqcm |
| Bilaspur All Edition | 610 | 780 | 690 | 195/- Sqcm |
| All CG | 1000 | 1150 | 1120 | 310/- Sqcm |
| All CG+MP | 1280 | 1750 | 1600 | 330/- Sqcm |
| All Edition | 1700 | 2100 | 2000 | 380/- Sqcm |

WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4

COLOUR — 20% Extra Charge For Disply

**SCHEME**
(Running) 3+1, 5+2, 10+6, 20+14, 30+25, 50+50
Display 2+1, 5+3, 10+7, 15+15, 20+25
1. Pick of the day 15% extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. SINGLE DAY BOOKING 100 Rs. EXTRA.

ADVT. Booking Time 10.30 am to 4.00 pm.

5% GST For All Ad

**EDUCATION SPECIAL- Fix Size 10x3 Scheme**

| EDITION | RATE | Scheme |
|---|---|---|
| Raipur City | 3000 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2800 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4400 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2500 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3800 | |
| All CG | 5500 | |

**MATRIMONIAL CG+MP**

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500/- 1 Sunday | 800/- 1 Sunday |
| 900/- 2 Sunday | 1200/- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

**HEALTH CARE** — 10X1 FIX SIZE

| | (30 Days) | (60 Days) | (90 Days) |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 55000 | 85000 | 1,10,000 |
| Bilai + Durg Edition | 50000 | 80000 | 1,00000 |
| Bilaspur City | 40000 | 70000 | 1,00000 |
| Raipur All Edition | 70000 | 1,20,000 | 1,60,000 |
| Bilaspur All Edition | 55000 | 1,00000 | 1,20,000 |
| All CG | 1,10,000 | 1,80,000 | 2,30,000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur
Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778
E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur.
Mob.: 9826782100
E-mail- hbclassified375@gmail.com

# महिला विश्व कप की चैंपियन को मिलेंगे इस बार 40 करोड़

## आईसीसी ने की विजेता टीम के लिए पुरस्कार राशि में 11.65 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में 30 सितंबर से शुरू होने वाले महिला वनडे विश्व कप में विजेता टीम को 44.80 लाख डॉलर (लगभग 39.55 करोड रुपए) की पुरस्कार राशि मिलेगी, जो कि इस टूर्नामेंट में अभी तक की सबसे बड़ी इनामी राशि होगी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोमवार को घोषणा की कि विजेता टीम के लिए पुरस्कार राशि में 13.20 (लगभग 11.65 करोड रुपए) की बढ़ोतरी की गई है। महिला वनडे विश्व कप में आठ टीम भाग लेंगी और इसकी कुल पुरस्कार राशि में लगभग चार गुना वृद्धि की गई है।

### महिला क्रिकेट के लिए नया मानदंड स्थापित

आईसीसी ने इस प्रतियोगिता के लिए कुल पुरस्कार राशि 13.88 मिलियन डॉलर (लगभग 122.5 करोड़ रुपए) घोषित की है। आईसीसी ने एक बयान में कहा, 'आईसीसी ने महिला क्रिकेट के लिए एक नया मानदंड स्थापित किया है, क्योंकि चैंपियन को रिकॉर्ड 44.8 लाख डॉलर की पुरस्कार राशि मिलेगी।' न्यूजीलैंड में खेले गए पिछले महिला वनडे विश्व कप की कुल पुरस्कार राशि लगभग 31 करोड रुपए थी और इस तरह से अब इस राशि में लगभग 297 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। महिला वनडे विश्व कप की कुल पुरस्कार राशि आईसीसी पुरुष वनडे विश्व कप 2023 की पुरस्कार राशि से अधिक है, जिसकी कुल पुरस्कार राशि 10 मिलियन डॉलर (लगभग 88.26 करोड़ रुपए) थी।




### उपविजेता टीम को मिलेगी 19.77 करोड़ रुपए की राशि

महिला वनडे विश्व कप की उपविजेता टीम को अब 2.24 मिलियन डॉलर (लगभग 19.77 करोड़ रुपए) जबकि सेमीफाइनल में हारने वाली टीमों को 1.12 मिलियन डॉलर (लगभग 9.89 करोड़ रुपए) मिलेंगे। ग्रुप चरण जीत दर्ज करने पर टीमों को 34,314 डॉलर (लगभग 30.29 लाख रुपए) मिलेंगे। पांचवें और छठे स्थान पर रहने वाली टीमों को 700,000 डॉलर (लगभग 62 लाख रुपए) और सातवें और आठवें स्थान पर रहने वाली टीमों को 280,000 डॉलर (लगभग 24.71 लाख रुपए) मिलेंगे। प्रत्येक प्रतिभागी टीम को 250,000 डॉलर (लगभग 22 लाख रुपए) मिलेंगे।

### दुनिया में महिला क्रिकेट की लोकप्रियता बढ़ाना

आईसीसी ने कहा कि इस कदम का उद्देश्य दुनिया भर में महिला क्रिकेट की लोकप्रियता बढ़ाना और उसे पुरुष क्रिकेट के बराबर लाना है। आईसीसी के चेयरमैन जय शाह ने कहा कि यह महिला क्रिकेट को प्राथमिकता देने की दिशा में उठाया गया कदम है। उन्होंने कहा, 'यह घोषणा महिला क्रिकेट के सफर में एक मील का पत्थर साबित होगी। पुरस्कार राशि में यह चार गुना वृद्धि महिला क्रिकेट के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है और इसके दीर्घकालिक विकास के लिए हमारी स्पष्ट प्रतिबद्धता को दर्शाती है। हमारा संदेश सरल है, महिला क्रिकेटरों को यह पता होना चाहिए कि अगर वे इस खेल को पेशेवर रूप से चुनेंगी तो उनके साथ पुरुषों के समान व्यवहार किया जाएगा।'

## खबर संक्षेप



### अमेरिकी ओपन जूनियर माया पहुंची दूसरे दौर में

**न्यूयॉर्क।** भारत की युवा टेनिस खिलाड़ी माया राजेश्वरन रेवती ने चीन की झांग कियान वेइ को अमेरिकी ओपन जूनियर लड़कियों के एकल वर्ग में हराकर दूसरे दौर में जगह बना ली लेकिन हितेश चौहान सीधे सेटों में हारकर बाहर हो गए। कोयंबटूर की रहने वाली 16 वर्ष की माया ने 7-6, 6-3 से जीत दर्ज की। माया स्पेन के मालोरका में रफेल नडाल अकादमी की छात्रा हैं। अब वह ब्रिटेन की हन्नाह क्लगमैन से खेलेंगी, जिन्होंने एस्पेन शूमैन को 6-0, 6-2 से हराया। वहीं चंडीगढ़ में राउंड ग्लास अकादमी के छात्र हितेश को अमेरिका के जैरिड गेनेस जूनियर ने पहले दौर में 6-2, 6-4 से हराया। कृष त्यागी भी स्वीडन के लुडविग हेडे से 3-6, 1-6 से हार गए।

### सोराना ने लगाई ट्रॉफी वापस करने की गुहार



**न्यूयॉर्क।** टेनिस खिलाड़ी सोराना क्रिस्टी ने कहा है कि हाल ही में एक महिला टूर्नामेंट में जीती हुई उनकी ट्रॉफी अमेरिकी ओपन के दौरान न्यूयॉर्क में होटल के कमरे से चोरी हो गई है। सोराना एकल वर्ग से हारकर बाहर हो चुकी हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'जिसने भी द फिफ्टी सोनेस्टा होटल के कमरा नंबर 314 से मेरी क्लीवलैंड ट्रॉफी चुराई है, कृपया उसे वापिस लौटा दो। इसकी वैसे कोई कीमत नहीं है लेकिन भावनात्मक कीमत है।' रोमानिया की 35 वर्ष की क्रिस्टी ने इस महीने क्लीवलैंड में अपने कैरियर का तीसरा एकल खिताब जीता था। वह अमेरिकी ओपन के दूसरे दौर में 11वीं रैंकिंग वाली कैरोलिना मुचोवा से हार गई थी।

### यूरोपीय मास्टर्स : संयुक्त 33वें स्थान पर अहलावत



**क्रांस मोंटाना।** भारत के वीर अहलावत अंतिम दौर में दो अंडर 68 के स्कोर से यूरोपीय मास्टर्स गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से 33वें स्थान पर रहे। डीपी विश्व टूर पर पैर जमाने की कोशिश कर रहे अहलावत का कुल स्कोर नौ अंडर रहा। उन्होंने चार दौर में 69, 64, 70 और 68 के स्कोर बनाए। अहलावत ने लगातार चौथी बार कट हासिल किया। वह अभी डीपी विश्व टूर तालिका में 129वें स्थान पर हैं और अगर कुछ और टूर्नामेंट में अच्छे नतीजे हासिल करते हैं तो टूर पर अपनी जगह बरकरार रख सकते हैं। शुभंकर शर्मा का संघर्ष जारी रहा और वह इस हफ्ते लगातार 13वें टूर्नामेंट में कट हासिल करने में विफल रहे। बेहद खराब शुरुआत से उबरने के बाद दो बार के विजेता थ्रिस्टन लॉरेंस ने अंतिम दौर में 66 के स्कोर से दो शॉट की बढ़त से खिताब जीता।




# एशिया कप हॉकी : भारत की सुपर-4 में एंट्री, कजाकिस्तान को 15-0 से रौंदा

एजेंसी ▶▶| राजगीर

भारत ने एकतरफा मुकाबले में कजाकिस्तान को 15-0 से रौंदकर पूल तालिका में शीर्ष स्थान के साथ एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट के सुपर चार चरण में प्रवेश किया।

भारत ने मुकाबला शुरू होने से पहले ही सुपर चार का टिकट पक्का कर लिया था लेकिन टीम ने इस बड़ी जीत के बाद पूल ए में शीर्ष स्थान पक्का किया। भारत के लिए अभिषेक (5वें, 8वें, 20वें और 59वें मिनट), सुखजीत सिंह (15वें, 32वें, 38वें), जुगराज सिंह (24वें, 31वें, 47वें) हैट्रिक गोल करने वालों में शामिल रहे जबकि कप्तान हरमनप्रीत सिंह (26वें), अमित रोहिदास (29वें), राजिंदर सिंह (32वें), संजय सिंह (54वें), दिलप्रीत सिंह (55वें) ने गोल कर टीम की जीत की हैट्रिक पक्की की। भारत ने अपने पहले दो मैचों में चीन और जापान को हराया था। भारत के साथ चीन भी इस पूल से सुपर चार के लिए क्वालीफाई करने में सफल रहा, जबकि मलेशिया और कोरिया पूल बी से अगले चरण में पहुंचने वाली टीमें हैं। सभी चार टीमें टूर्नामेंट के अगले चरण में एक दूसरे से खेलेंगी और शीर्ष दो टीमें रविवार के फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। मैच में शुरुआती कुछ मिनटों के बाद सुखजीत ने कजाकिस्तान के हाफ में गेंद को रोका और अभिषेक को पास दिया, जिन्होंने सर्कल के ऊपर से रिवर्स शॉट के साथ भारत का खाता खोला।

# अल्काराज ने तोड़ा बोरिस बेकर का रिकॉर्ड सबालेंका लगातार 5वीं बार अंतिम-8 में

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका, सर्बियाई टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच और स्पेन के दिग्गज कार्लोस अल्काराज ने अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज कर यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। लुइस आर्मस्ट्रांग स्टेडियम में एकल वर्ग के मुकाबले में सबालेंका ने स्पेन की क्रिस्टीना बुक्सा को 6-1, 6-4 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया।

अपने शुरुआती तीन राउंड में कड़ी परीक्षा दे चुकी गत चैंपियन को फ्लशिंग मीडोज में विश्व की 95वें नंबर की खिलाड़ी को हराने और लगातार पांचवीं बार अंतिम-आठ में जगह बनाने में केवल 73 मिनट लगे। जोकोविच 64वीं बार किसी ग्रैंड स्लैम के क्वार्टर फाइनल में वहीं कार्लोस अल्कराज सबसे कम उम्र में 12वी बार ग्रैंड स्लैम के अंतिम-8 में पहुंच गए। 22 साल 3 महीने की उम्र में अल्कराज ने बोरिस बेकर का रिकॉर्ड तोड़ा, जो 22 साल 9 महीने की उम्र में 13 ग्रैंड स्लैम खेले थे।



### ओपन क्वार्टर फाइनल में पहुंची जेसिका

चौथी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला ने अमेरिकी ओपन क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। अब उनका सामना दो बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन बारबोरा क्रेसिकोवा से होगा, जिन्होंने टेलर टाउनसेंड को 1-6, 7-6, 6-3 से मात दी। पेगुला ने अभी तक इस टूर्नामेंट में एक भी सेट नहीं गंवाया है। इसके साथ ही 31 ग्रैंडस्लैम खेल चुकी टाउनसेंड का पहली बार क्वार्टर फाइनल में पहुंचने का सपना भी टूट गया।

### नोवाक 64वीं बार खेलेंगे ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनल



नोवाक जोकोविच ने प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले में गर्दन दर्द का सामना करते हुए 144वीं रैंक के जान लेनार्ड स्ट्रफ को 6-3, 6-3, 6-2 से मात दी। तीसरे सेट के दौरान उन्हें गर्दन में समस्या हुई और फिजियो की मदद लेनी पड़ी। इसके चलते उन्होंने दो गेम गंवाए। हालांकि इसके बाद भी वह जीत हासिल करने में सफल रहे। 38 साल के जोकोविच 64वीं बार किसी ग्रैंड स्लैम के फाइनल में पहुंचे हैं। उनका सामना अब अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज से होगा। इस खिलाड़ी ने क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिए चेक रिपब्लिक के टॉमस मैकहैक को 6-4, 6-3, 6-3 से शिकस्त दी।

### अल्कराज का सामना जिरी लेहेका से

कार्लोस अल्कराज ने फ्रांस के आर्थर रिंडर्कनेक को सीधे सेटों में 7-6 (3), 6-3, 6-4 से हराया। इसके जरिए स्पेनिश खिलाड़ी ओपन एरा में 13 ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले सबसे नौजवान खिलाड़ी बना। 22 साल 3 महीने की उम्र में अल्कराज ने बोरिस बेकर का रिकॉर्ड तोड़ा, जो 22 साल 9 महीने की उम्र में 13 ग्रैंड स्लैम खेले थे। अल्कराज का सामना अब चेक रिपब्लिक के जिरी लेहेका से होगा। लेहका ने एड्रियन मनारिनो को 7-6 (4), 6-4, 2-6, 6-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। एल्कराज साल 2025 में सभी चारों ग्रैंड स्लैम के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे हैं। इस दौरान ऑस्ट्रेलियन ओपन में वह अंतिम-8 में हार गए थे फिर फ्रेंच ओपन जीता तो विंबलडन के फाइनल में हारे।



### प. दिल्ली लायंस ने जीता खिताब...




**नई दिल्ली।** कोलकाता नाइट राइडर्स के पूर्व कप्तान नीतिश राणा ने एक बार फिर अपनी काबिलियत का नमूना पेश करते हुए 49 गेंद में नाबाद 79 रन बनाकर पश्चिम दिल्ली लायंस को सेंट्रल दिल्ली लायंस पर छह विकेट से जीत दिलाकर दिल्ली प्रीमियर लीग खिताब 2025 दिलाया।

### टेस्ट क्रिकेट से इंग्लिश तेज गेंदबाज ओवरटन ने लिया अचानक ब्रेक

**लंदन।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेमी ओवरटन ने लाल गेंद के क्रिकेट से अनिश्चितकालीन ब्रेक लेने की घोषणा की क्योंकि अब वह 'सभी प्रारूपों के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध' नहीं हो पा रहे हैं। सिर्फ दो टेस्ट खेलने वाले 31 वर्षीय ओवरटन ने पिछला टेस्ट भारत के खिलाफ ओवल में पांच मैच की घरेलू श्रृंखला के दौरान खेला था, जो 2-2 से बराबरी पर समाप्त हुई थी।

आईसीसी ने ठोका जुर्माना

# वनडे सीरीज जीतने के बाद भी श्रीलंका टीम को झटका

एजेंसी ▶▶| दुबई



जिम्बाब्वे के खिलाफ वनडे सीरीज में क्लीन स्विप के बाद भी श्रीलंका की टीम को बड़ा झटका लगा है। आईसीसीस ने श्रीलंकाई खिलाड़ियों पर 5 प्रतिशत जुर्माना लगाया है। श्रीलंका की टीम ने 2 मैचों की वनडे सीरीज में जिम्बाब्वे को उसी के घर में 2-0 से क्लीन स्विप किया।

श्रीलंका ने पहला वनडे मैच 7 रनों से और दूसरा 5 विकेट से जीत हासिल किया। अब सीरीज जीत के बाद श्रीलंका को बड़ा झटका लगा है। दरअसल आईसीसी ने श्रीलंका टीम पर स्लो ओवर रेट की वजह से भारी जुर्माना लगाया है। पहले मैच में स्लो ओवर रेट के लिए श्रीलंकाई खिलाड़ियों पर 5 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। आईसीसी मैच रेफरी ने ये सजा सुनाई है। जांच में पाया गया कि श्रीलंका टीम ने निर्धारित समय में कम ओवर डाले।

नाथन साउटर ने अपनी पहली सात गेंदों में तीन विकेट झटके

# द हंड्रेड : ओवल इन्विंसिबल्स ने लगातार तीसरी बार जीता खिताब

एजेंसी ▶▶| लंदन

द हंड्रेड 2025 के फाइनल में इन्विंसिबल्स ने अपनी शानदार लय बरकरार रखते हुए इतिहास रच दिया। ओवल इन्विंसिबल्स ने ट्रेंट रॉकेट्स को 26 रन से हराकर लगातार तीसरा खिताब अपने नाम किया और साबित कर दिया वे इस फॉर्मेट के सुपर चैंपियन हैं।

विल जैक्स और जॉर्डन कॉक्स की बल्लेबाजी और स्पिनर नाथन साउटर की गेंदबाजी ने मुंबई इंडियंस के सह मालिकाना हक वाली टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। जैक्स और कॉक्स ने मिलकर 55 गेंदों पर 87 रन जोड़ते हुए टीम को 168 के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। वहीं, स्पिनर नाथन साउटर ने रॉकेट्स की पारी की कमर तोड़ दी। उन्होंने अपने पहले सात गेंदों में तीन विकेट झटके और खेल को पूरी तरह इन्विंसिबल्स के पक्ष में मोड़ दिया।




### विजेता टीम को मिली 1.80 करोड़ रुपए की प्राइज मनी

द हंड्रेड की विजेता टीम को 150,000 डालर की प्राइज मनी दी जाती है, जो भारतीय मुद्रा में लगभग 1.80 करोड़ रुपए है। वहीं, टूर्नामेंट की रनर अप टीम के खाते में 75 हजार डॉलर यानी लगभग 90 लाख रुपए मिले। वहीं टॉप रन-स्कोरर जॉर्डन कॉक्स को अतिरिक्त 6 लाख रुपए का पुरस्कार मिला, जबकि मैनचेस्टर ओरिजिनल्स के जोश टंग को सबसे ज्यादा 14 विकेट लेने के लिए 6 लाख रुपए मिले। इसके साथ ही टूर्नामेंट के मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर को भी 6 लाख का पुरस्कार दिया गया।

BAJAJ FINSERV

**सोने के गहनों की नीलामी के लिए समाचार पत्र में सार्वजनिक सूचना**
**बजाज फाईनान्स लिमिटेड**
**पंजीकृत कार्यालयः मुंबई–पुणे रोड, अकुर्दी, पुणे–411035**

BFL सभी ऋणियों और सर्वसाधारण को सूचित करता है कि गोल्ड लोन लेते समय ऋणी ने बतौर सेक्युरिटी अपने लोन खाते में सोने के गहने गिरवी रखे और बार–बार नोटिस दिए जाने के बावजूद जो ऋणी लोन की राशि चुकाने या आवश्यक मार्जिन देने में विफल रहे उनके गहने 'जहां है जैसा है और जो है जैसा है' आधार पर नीलाम किए जाएंगे। निविदा करने वालों से अनुरोध है कि नीचे दी गई शर्तों का पालन करें:

(क) क्यूआर कोड स्कैन कर सार्वजनिक सूचना (लोन, गहनों का सकल वजन, स्थान और नीलामी की तिथि) की सम्पूर्ण जानकारी देखें।
(ख) सार्वजनिक नीलामी से संबंधित निविदा के सभी नियम और शर्तें ("टी एण्ड सी") वेबलिंक http://172.30.1.235:3000/?WOUB2QG9WU के माध्यम से पढ़ें;
(ग) नियम और शर्तें समझ लें और उसके बाद ही नीलामी की तिथि या उससे पहले बतौर अग्रिम जमा राशि रु.25,000 फंड ट्रांसफर (एनईएफटी/आरटीजीएस/बजाज गोल्ड ऑक्शन ऐप) कर दें;
(घ) नीलामी के स्थान पर सुबह 10 बजे तक व्यक्तिगत उपस्थिति दर्ज करें; तथा
(ङ) नीलामी के स्थान पर अपना पहचान और पते का वैध प्रमाण लेकर आएं।
(च) नीलामी की दिन में दोपहर 12 बजे के बाद नीलामी में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
(छ) शाखा प्रबंधक/नीलामीकर्ता को बोली लगाने वालों की भागीदारी स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार है, यदि वे निर्धारित समय सीमा में भाग नहीं लेते हैं, चाहे वे अग्रिम राशि जमा राशि (ईएमडी) का भुगतान कर चुके हो।

स्कैन करें

नीलामी के स्थान और तिथि में परिवर्तन, यदि कोई हो, तो उसकी सूचना नीलामी केंद्र पर प्रदर्शित की जाएगी। आपका निविदा करना उपरोक्त शर्तों पर सहमत होना माना जाएगा। यदि सार्वजनिक नीलामी से बिक्री निलंबित/निरस्त होती है तो बीएफएल ऋणी(ऋणियों) के कहने पर निजी तौर पर गहनों की बिक्री करने का अधिकार भी सुरक्षित रखती है। अतिरिक्त जानकारी के लिए हमसे इस ईमेल आईडी पर संपर्क करे – gold.auction@bajajfinserv.in

(08-10-25) भिलाई जीई रोड GL; PBX2GOL12936271, 13083168. बिलासपुर अग्रसेन चौक GL; PGJ8GOL12857448, 12896387, 12908502, 13084538, 13124827, 13122468, 13136543, 13142490, 13233207, 13338711, 13358615, 13354041, 13359014. (09-10-25) बिलासपुर मुंगेली नाका GL; PCZ5GOL13246143, 13362570. (10-10-25) दुर्ग GL; P08IGOL12906500, 13035133, 13122381, 13235178, 13233749, 13228302, 13375770, 13393975. कटघोरा BGL; P25EGOL12851427, 12941796, 12931868, 13137187, 13233091, 13255887, 13291560, 13319535, 13359823. (13-10-25) कोरबा – सीएसईबी चौक GL; PEQ2GOL12854351, 12854861, 12895187, 12939820, 13064847, 13068085, 13111543, 13118295, 13115909, 13190347, 13206628, 13290897, 13373199, 13372790, 13387124. (14-10-25) मनेन्द्रगढ़ BGL; PV99GOL12861440, 12856052, 12940961, 13077472, 13124210, 13193430. रायगढ़ जगतपुर; PLI6GOL13250780, 13320773. (15-10-25) रायपुर GL; PF45GOL13060119, 13140539, 13167620, 13193267, 13185624, 13294966, 13296015, 13376832. (16-10-25) रायपुर – पियांक टावर GL; PEN5GOL13185273, 13188275. राजनंदगाँव–ग्रेट ईस्टर्न रोड GL; PEN6GOL13275972. (17-10-25) सरकंडा GL; P42HGOL12894162, 12955970, 13299872, 13326182, 13343661, 13378564, 13388333.

**बजाज फाईनान्स लिमिटेड**

# धरती की 5 सबसे खतरनाक जगहें, जहां से कोई नहीं लौटता जिंदा

नई दिल्ली। हमारा ग्रह धरती जितनी खूबसूरत है उतनी ही रहस्यमय और कुछ जगहों पर तो जानलेवा भी साबित हो सकती है। धरती पर कई ऐसी जहरीली झीलें और घाटियां हैं जिनकी हवा ही जानलेवा साबित हो सकती है। यह याद दिलाता है कि प्रकृति जितनी खूबसूरत है उतनी है खतरनाक। इस सुंदर धरती पर कुछ ऐसी खतरनाक जगहें हैं जो पल भर में जान ले सकती है। कुछ झीलें तो इतनी जहरीली हैं कि किसी का भी दम घुट जाए. वहीं कुछ घाटियों में तो हवा भी जानलेवा होती है। आज हम आपको ऐसी 5 जगहों के बारे में बताएंगे जहां जाना मतलब मौत को दावत देना है।

## लेक न्योस, कैमरून




1986 में न्योस झील में अचानक कार्बन डाइऑक्साइड का बड़ा बाद निकला. इस जहरीले बादल ने कुछ ही मिनटों में 1700 से ज्यादा लोगों की जान ले ली और हजारों जानवर का दम घुट गया. दरअसल यह झील एक ज्वालामुखी के गड्ढे पर बनी है।

## माउंट सिनाबुंग इंडोनेशिया



इंडोनेशिया में मौजूद ये ज्वालामुखी बिना किसी चेतावनी के भी फट सकता है। जब यह फटता है तो इससे निकलने वाली बहुत गर्म गैस और राख 700 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से बाहर आते हैं।

## उबलती झील, डोमिनिका



कैरिबियन के वर्षावन में स्थित इस झील का पानी 80 से 100 डिग्री सेल्सियस पर उबलता रहता है। अगर कोई इसमें गिर जाए तो उसका बचना बिल्कुल नामुमकिन है।

## डेथ वैली, यूएसए



अमेरिका में डेथ वैली सिर्फ एक गर्म जगह नहीं बल्कि धरती की सबसे गर्म जगहों में से एक है। इस जगह पर अगर आपके आस-पास पानी ना हो तो लू लगने से घंटे भर में मौत हो सकती है।

## दानाकिल डिप्रेशन, इथियोपिया



इथियोपिया में डानाकिल डिप्रेशन धरती की सबसे गर्म जगहों में से एक है जहां का तापमान 50 के पार ही रहता है। यह जगह एसिडिक तालाबों, जहरीली गैसों से भरी हुई है।

## हाईकोर्ट की खबरें

### सहायक प्राध्यापक भर्ती में दृष्टि बाधित के लिए आरक्षण मामले में आया फैसला

**बिलासपुर।** दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 की धारा 34 के अंतर्गत राज्य को निर्दिष्ट विकलांगताओं की पांच श्रेणियों के बीच रिक्तियों का आदान-प्रदान करने का अधिकार है। यदि किसी प्रतिष्ठान में रिक्तियों की प्रकृति किसी विशेष श्रेणी के व्यक्तियों को रोजगार की अनुमति नहीं देती है। इस आशय की टिप्पणी के साथ हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने दृष्टि बाधित याचिकाकर्ता की याचिका पर सुनवाई के बाद उसे खारिज कर दिया।



- हाईकोर्ट ने कहा किस कैटेगरी में दिव्यांग को नियुक्ति देनी है यह नियोक्ता बेहतर ढंग से तय कर सकता

सहायक प्राध्यापक कामर्स के पद पर दृष्टि बाधितों को आरक्षण नहीं दिया गया है। इसके लिए एक दृष्टि बाधित याचिकाकर्ता सरोज क्षमानिधि ने हाईकोर्ट के डिवीजन बेंच में चुनौती दी थी। राज्य लोकसेवा आयोग ने वर्ष 2019 में सभी विषयों में सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति करने आवेदन आमंत्रित किए थे। रायगढ़ जिले के निवासी सरोज क्षमानिधि ने कामर्स के रिक्त पद के लिए आवेदन किया। लिखित परीक्षा और इंटरव्यू के बाद उनका चयन इस पद पर नहीं हो सका। इसपर उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर बताया कि छग लोकसेवा आयोग ने कामर्स विषय में दृष्टिहीन और अल्प दृष्टि वाले अभ्यर्थियों को 2 प्रतिशत आरक्षण उपलब्ध का प्रावधान किया था। प्रावधान के अनुसार पीएससी ने सुविधा का लाभ नहीं दिया। याचिकाकर्ता ने सहायक प्राध्यापक के बैकलॉग पदों पर दृष्टिहीन और अल्प दृष्टिहीन उम्मीदवारों के लिए आरक्षण व्यवस्था लागू करने के लिए शुद्धिपत्र जारी करने की मांग की। याचिका में इस कैटेगरी के लिए आरक्षित किए गए पदों पर भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग की थी। शासन की ओर से कहा गया कि आटर्स फैकल्टी में दृष्टि बाधित उम्मीदवारों के लिए पद आरक्षित किया गया है। कामर्स और साइंस जैसे फैकल्टी में व्यवहारिक रूप से यह संभव नहीं है। इस मामले में चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस बीडी गुरु की डिवीजन बेंच में सुनवाई के बाद कहा कि यह स्थापित कानून है कि यदि कोई व्यक्ति आक्षेपित आदेश से व्यक्तिगत रूप से प्रभावित नहीं है या उसके मौलिक अधिकारों पर न तो प्रत्यक्ष रूप से या मूलतः आक्रमण हुआ है और न ही ऐसे अधिकारों पर आक्रमण होने का कोई आसन्न खतरा है या लागू नियमों की अनदेखी करते हुए उसके अर्जित हितों का उल्लंघन नहीं किया गया है तो उसे रिट याचिका दायर करने का कोई अधिकार नहीं होगा। डिवीजन बेंच ने कहा कि किस कैटेगरी के दिव्यांग को नियुक्ति देनी है यह नियोक्ता बेहतर ढंग से तय करता है। कोर्ट ने यह भी कहा कि चयन प्रक्रिया पूरी होने की स्थिति में असफल होने की स्थिति में कोई उम्मीदवार रोस्टर या आरक्षण प्रक्रिया को चुनौती नहीं दे सकता। इस महत्वपूर्ण व्यवस्था के साथ डिवीजन बेंच ने याचिका खारिज कर दिया।

**कामर्स के 184 सहायक प्राध्यापकों का निकला था विज्ञापन-** छग लोकसेवा आयोग ने वर्ष 2019 में सहायक प्राध्यापक के 1384 पदों के लिए विज्ञापन जारी किया था। अन्य विषयों के साथ ही वाणिज्य विषय के लिए 184 पद जारी किया था। आनलाइन आवेदन की अंतिम तारीख 5 मार्च 2019 तय की गई थी। 23 फरवरी 2019 को आयोग ने एक शुद्धिपत्र जारी कर शारीरिक रूप से दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए पदों की संख्या में संशोधन कर दिया।

### हाईकोर्ट ने कहा कर्मचारी से अतिरिक्त भुगतान की वसूली अस्वीकार्य

हाईकोर्ट के जस्टिस एके प्रसाद ने कर्मचारी से त्रुटिपूर्ण वेतन निर्धारण पर जारी वसूली आदेश के खिलाफ पेश याचिका में महत्वपूर्ण निर्णय पारित किया है। कोर्ट ने कहा कर्मचारी से अतिरिक्त भुगतान की वसूली अस्वीकार्य है, जहां अतिरिक्त भुगतान गलत बयानी, धोखाधड़ी या कर्मचारी की गलती के कारण नहीं बल्कि नियोक्ता की गलती के कारण हुआ हो। कर्मचारी को नियोक्ता द्वारा की गई गलती के लिए दंडित नहीं किया जा सकता। इसके साथ कोर्ट ने याचिकाकर्ता से जारी वसूली आदेश को रद्द कर वसूली गई राशि वापस करने का निर्देश दिया है। याचिकाकर्ता गोपाल प्रसाद नायक को 1996 में व्याख्याता के रूप में नियुक्त किया गया था। बाद में उसे शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय जांजगीर-चांपा में प्राचार्य के पद पर पदोन्नत किया गया, जहां वह अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन कर रहा है। 21 दिसंबर 2022 के आदेश द्वारा निदेशक तकनीकी शिक्षा नया रायपुर ने विवादित आदेश पारित किया, जिसमें याचिकाकर्ता को वर्ष 2006 से किए गए कथित अतिरिक्त भुगतान की वसूली का निर्देश दिया गया और वेतन निर्धारण में संशोधन भी किया गया। निदेशक तकनीकी शिक्षा द्वारा जारी वसूली आदेश के खिलाफ उन्होंने हाईकोर्ट में अधिवक्ता दीक्षा गौरहा के माध्यम से याचिका पेश की। याचिका में जस्टिस एके प्रसाद की बेंच में सुनवाई हुई। उन्होंने ने अपने आदेश में कहा निर्धारण में कोई भी त्रुटि पूरी तरह से प्रतिवादियों की ओर से है और 16 वर्षों के बाद वसूली मनमाना, दुर्भावनापूर्ण और कानूनन अधारणीय है। याचिकाकर्ता की अपने वेतन निर्धारण में कोई भूमिका नहीं थी। रिकॉर्ड में ऐसा कुछ भी नहीं है जिससे दूर-दूर तक यह पता चले कि याचिकाकर्ता ने अधिकारियों को गुमराह करने में कोई भूमिका निभाई थी या वह धोखाधड़ी, गलत बयानी या महत्वपूर्ण तथ्यों को छिपाने का दोषी था। किसी भी स्तर पर उसे यह नहीं बताया गया कि ऐसा निर्धारण त्रुटिपूर्ण था या वह कथित अतिरिक्त भुगतान वापस करने के लिए उत्तरदायी हो सकता है। याचिकाकर्ता पर दायित्व थोपना पूरी तरह से अन्यायपूर्ण और निष्पक्षता, समता और अच्छे विवेक के सिद्धांतों के विपरीत है। इसके साथ कोर्ट ने निदेशक तकनीकी शिक्षा द्वारा जारी वसूली आदेश को रद्द किया है। कोर्ट ने याचिकाकर्ता से वसूली गई राशि आदेश प्राप्त होने की तिथि से तीन माह के अंदर लौटने का आदेश दिया है।


- वसूली की गई राशि वापस करने निर्देश

# पांच करोड़ साल पहले कैसे खड़ा हुआ धरती का महापर्वत हिमालय

रोम। हिमालय एशिया की सबसे बड़ी पर्वत श्रृंखला है। इसमें माउंट एवरेस्ट पृथ्वी की सबसे ऊंची चोटी भी शामिल है। करीब 100 साल पुरानी एक वैज्ञानिक थ्योरी जो ये बताती है कि हिमालय पर्वत क्यों और कैसे इतने ऊंचे हैं, अब शायद गलत साबित हो गई है। नई रिसर्च से पता चला है कि सिर्फ पृथ्वी की दो परतों के आपस में जुड़ने से हिमालय नहीं बने हैं, बल्कि उनके बीच पृथ्वी की एक और गहरी परत मेंटल भी है, जो इस भारी पर्वत श्रृंखला को संभाले हुए है।

### नई खोज क्या कहती है?

इटली के मिलानो-बिकोका यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिक पिएत्रो स्टर्नाई और उनकी टीम



ने बताया कि जब भारतीय प्लेट नीचे खिसकी, तो उसका कुछ हिस्सा पिघल गया। इस पिघले हुए हिस्से के टुकड़े ऊपर उठकर क्रस्ट और मेंटल के बीच फंस गए, जिससे एक 'मेंटल सैंडविच' बन गया। मेंटल क्रस्ट से कहीं ज्यादा घना और मजबूत होता है। ये पिघलता नहीं है, इसलिए ये हिमालय जैसी बड़ी चट्टानी संरचना को मजबूती और सहारा दे सकता है।


### साइंटिस्ट ने खोजा नया सच, 100 साल पुरानी थ्योरी गलत साबित

हिमालय का निर्माण लगभग 5 करोड़ साल पहले हुआ था, जब भारतीय और एशियाई टेक्टॉनिक प्लेटें आपस में टकराई. इस टक्कर में भारतीय प्लेट, एशियाई प्लेट के नीचे खिसक गई, जिससे धरती की ऊपरी परत (क्रस्ट) दोगुनी मोटी हो गई और हिमालय ऊपर उठने लगा। अब तक वैज्ञानिक मानते थे कि यही मोटी क्रस्ट हिमालय को ऊंचा बनाए हुए है। लेकिन, नई स्टडी कहती है कि यह थ्योरी पूरी तरह सही नहीं है।



### पुरानी थ्योरी में क्या दिक्कत थी?

1924 में स्विस वैज्ञानिक एमिल एरगांद ने कहा था कि हिमालय इसलिए ऊंचे हैं, क्योंकि वहां भारतीय और एशियाई प्लेटें आपस में जुड़कर 70 से 80 किलोमीटर गहराई तक क्रस्ट बना रही हैं। लेकिन, वैज्ञानिक अब कहते हैं कि इतनी गहराई पर चट्टानें पिघलने लगती हैं, और अगर नींव दही जैसी मुलायम हो, तो उस पर इतना ऊंचा पहाड़ टिक नहीं सकता। स्टर्नाई ने कहा कि अगर आपने दही पर पहाड़ रख दिया, तो वो टिकेगा नहीं। लेकिन, अगर उसके बीच में मजबूत परत हो, तो वो सब कुछ थाम सकती है।



### रिसर्च कैसे हुई?

वैज्ञानिकों ने कंप्यूटर पर प्लेटों की टक्कर का मॉडल बनाया। इस मॉडल में मेंटल का टुकड़ा साफ दिखाई दिया जो दो क्रस्ट के बीच आकर फंस गया। फिर उन्होंने अपने नतीजों की तुलना भूकंपीय डाटा और चट्टानों से मिले सबूतों से की। ये मॉडल उन सवालों के जवाब देता है, जो पिछले 100 साल की थ्योरी में नहीं मिलते थे।

### क्या सब वैज्ञानिक मानते हैं ये सच?

कुछ वैज्ञानिकों का कहना है कि ये खोज थोड़ी विवादास्पद है, क्योंकि पुरानी थ्योरी बहुत मशहूर रही है। लेकिन, कई अन्य वैज्ञानिक मानते हैं कि ये एक बेहतरीन और वैज्ञानिक रूप से सही व्याख्या है। नीदरलैंड के एक वैज्ञानिक डॉ. डॉवे वान हिंसबर्गन ने कहा, 'अगर एक महाद्वीप दूसरे के नीचे चला जाए, तो एक परतदार सैंडविच जैसा ढांचा बनना स्वाभाविक है। ऊपर और नीचे क्रस्ट, बीच में मेंटल।

## रामगढ़ पर्वत और सरगुजा के पर्यावरण को बचाने निर्णायक पहल की जरूरत

**अंबिकापुर।** रामगढ़ पहाड़ पर मंडरा रहे संकट को लेकर प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखा है। केंते एक्सटेंशन कोल ब्लॉक को वनविभाग की अनुज्ञा और इस खदान की वजह से सरगुजा की धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर रामगढ पर्वत पर उत्पन्न होने वाले संकट को लेकर पूर्व डिप्टी सीएम श्री सिंहदेव ने तथ्यों के साथ सीएम विष्णुदेव साय को 6 पृष्टों का पत्र प्रेषित किया है।



- पूर्व डिप्टी सीएम ने मुख्यमंत्री को लिखा 6 पन्नों का पत्र, दी तथ्यात्मक जानकारी

डीएफओ सरगुजा द्वारा इस खदान को स्वीकृति देने के लिये जिस 10 बिंदु के स्थल प्रतिवेदन को तैयार किया गया है, उसे शासकीय रिकॉर्ड में मौजूद तथ्यों से खंडित करते हुए पूर्व उपमुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री से प्रभु श्री राम के वनवास काल से जुड़े इस महत्वपूर्ण स्थल को बचाने की भावनात्मक अपील इस पत्र के माध्यम से की है। अपने पत्र में श्री सिंहदेव ने बताया कि रामगढ पर्वत न केवल प्रभु श्री राम से जुड़ा है साथ ही साथ यहां संरक्षित धरोहर सीता बेंगरा और जोगीमारा गुफा के साथ विश्व की प्राचीन नाट्यशाला है। इस क्षेत्र का अपना एक पर्यावरणीय प्रभाव और वन्यजीव का आवासीय स्थल है जो इस खदान के 10 किमी के दायरे में है। इस क्षेत्र के उपरोक्त धार्मिक, सांस्कृतिक, पर्यावरणीय परिस्थितियों को ध्यान रख राजस्थान राज्य विद्युत निगम के द्वारा किए गए सर्वे में इसे केंते एक्सटेंशन खदान के 10 किमी की परिधि में बताया था। इसका जो जीपीएस लोकेशन जिसे राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी ने अपनी रिपोर्ट में बताया है, जिसे गूगल अर्थ से भी सत्यापित किया जा सकता है से अलग जीपीएस लोकेशन बतला कर वन विभाग सरगुजा ने खदान के 11 किमी की परिधि से बाहर बताया है जो गलत है। उन्होंने मुख्यमंत्री को प्रेषित पत्र में केंते एक्सटेंशन खदान को खोले जाने के खिलाफ छत्तीसगढ़ विधानसभा में पारित संकल्प का भी ध्यान दिलाया जिसे भाजपा के विधायकों ने भी समर्थन किया था। पूर्व उपमुख्यमंत्री ने प्रदेश के मुख्यमंत्री से पत्र के माध्यम से रामगढ़ पर्वत और सरगुजा के पर्यावरण को बचाने के लिए निर्णायक पहल कर निर्णय लेने की मांग की है।

## दस साल बाद जेल से छूटे बदमाश ने विवाहिता को सात दिनों तक बंधक बनाकर किया गैंगरेप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

कापू थाना क्षेत्र में मजदूरी करने पहुंचे दो दरिंदों ने तलवार की नोक पर आदिवासी विवाहित महिला के साथ गैंगरेप की घटना को अंजाम दिया है। आरोपी 7 दिनों तक पीड़िता को बंधक बनाकर अपनी हवस मिटाई और घटना की जानकारी किसी को देने पर उसके पति को भी जान से मारने की धमकी दी। आरोपियों के चंगुल से छूटने के बाद पीड़िता थाने की शरण में पहुंची। जिले के कापू थाना क्षेत्र की रहने वाली विवाहित आदिवासी महिला गैंगरेप की शिकार हुई है। दरअसल भैंसबुड़ी निवासी कमलु तिग्गा और धमनाडांड निवासी धनसाय एक्का 21 अगस्त को पीड़िता के गांव में इनके रिश्तेदार के घर काम करने आए थे। जहां उन्होंने पीड़िता को देखा और उनकी नीयत डोल गई। रात में दोनों ने पीड़िता को अकेला पाकर तलवार की नोक पर उसे डराया धमकाया और उसके साथ दुष्कर्म किया। दरिंदों ने देखा कि पीड़िता उनसे डर रही है तो उन्होंने सीधे उसको बंधक बनाकर अपने साथ अपने गांव ले गए। वहीं करीब सप्ताहभर तक उसे बंधक बनाकर उसके साथ बलात्कार करते रहे। जब आरोपियों का मन भर गया तो पीड़िता को वापस उसके गांव में छोड़ दिए। थाना प्रभारी कापू इंगेश्वर यादव ने कहा कि दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उन्हें रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।



### पुलिस के उड़े होश, तत्काल लिया एक्शन

पीड़िता थाने पहुंच कर अपने साथ हुई आपबीती बताई तो पुलिस के भी होश उड़ गए। इसके बाद थाना प्रभारी द्वारा तत्काल अपने उच्चाधिकारियों को इस घटना से अवगत कराया गया। अधिकारी भी इस वारदात को सुन कर सन्न रह गए और थाना प्रभारी को तत्काल कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी धनसाय एक्का पता सोन साय एक्का (40) निवासी धमनाडांड चौकी रैरुमा, थाना धरमजयगढ़ व कमलु तिग्गा पिता चंदरसाय तिग्गा (40) निवासी भैंसबुड़ी थाना लैलूगा के खिलाफ धारा 70(2), 351(2), 140(3), 127(2), 3(5) बीएनएस व 25 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं उन्हें रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

## हड़ताली एनएचएम कर्मचारियों को काम पर लौटने 24 घंटे का अल्टीमेटम

**रायपुर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के हड़ताली कर्मचारियों पर सख्ती बरतनी शुरू हो गई है। अब प्रदेश के 16 हजार संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों को 24 घंटे के अंदर काम पर लौटने का अल्टीमेटम दिया गया है। नोटिस में साफ तौर पर कहा गया है कि यदि निर्धारित समय पर काम पर नही लौटे, तो सेवा मुक्त कर दिया जाएगा। इधर एनएचएम संविदा कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष का कहना है लंबित मांग जब तक पूरी नहीं होती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। दरअसल, प्रदेशभर के 16 हजार संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी नियमितीकरण सहित दस सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं। आयुक्त सह मिशन संचालक एनएचएम छत्तीसगढ़ ने संविदा कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष सहित अन्य कर्मचारियों को नोटिस जारी करते हुए कहा है, अनाधिकृत अनुपस्थित एवं हड़ताल से कार्य स्थल पर उपस्थिति के लिए पहले ही सभी जिला चिकित्सा अधिकारी नोटिस जारी कर चुके हैं। कार्यकारिणी समिति की बैठक में सक्षत स्तर पर निर्णय लिया जा चुका है। इसके लिए आदेश भी जारी हो चुका है। बावजूद लोकहित के विरूद्ध हड़ताल जारी है। अंतिम पत्र जारी करने के बाद भी कार्यस्थल पर लौटे नहीं, तो सेवा समाप्ति की कार्रवाई की जाएगी।

# खिड़की तोड़कर बैंक में घुसे चोर, गैस कटर से लॉकर काटकर चोरी की कोशिश

## चोरी में असफल होने पर सीसीटीवी कैमरा, डीवीआर ले भागे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बदमाश राजधानी पुलिस को लगातार चुनौती दे रहे हैं। रविववार रात तेलीबांधा थाना क्षेत्र के आउटर जोरा में बदमाशों ने यूको बैंक में धावा बोलकर गैस कटर से लॉकर काटकर चोरी की असफल कोशिश की।

सायरन की आवाज सुनकर बदमाश तीन गैस कटर सहित अन्य औजार मौके पर छोड़कर फरार हो गए। घटना रविवार देर रात की है। वारदात के तरीके को देखते हुए बदमाशों के लोकल होने के बजाय बाहरी होने की आशंका जताई जा रही है। चोरी में असफल होने पर बदमाश बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरा और डीवीआर अपने साथ ले गए। बैंक के सीनियर मैनेजर प्रीतिस प्रियर्शी पंडा ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। प्रीतिस ने पुलिस को बताया है कि शनिवार शाम साढ़े छह बजे बैंक बंद कर अपने घर चले गए। रविवार अवकाश होने की वजह से कोई बैंक नहीं गया। सोमवार को बैंक के सफाई कर्मी काम करने पहुंचे, तो देखा बैंक के पीछे के तरफ की खिड़की टूटी हुई है और बैंक का सामान बिखरा पड़ा है। सफाई कर्मियों ने इसकी सूचना बैंक प्रबंधन को दी।

### सीसीटीवी की पड़ताल

बैंक में चोरी की कोशिश रविवार को की गई या शनिवार को यह अब तक स्पष्ट नहीं है। बदमाशों की पतासाजी करने पुलिस तथा क्राइम की टीम जोरा से महासमुंद मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरों के साथ तेलीबांधा, पचपेड़ी नाका मार्ग और नवा रायपुर मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल कर रही है। फिलहाल पुलिस को चोरों के बारे में किसी भी तरह से कोई सुराग नहीं मिला है। टोल प्लाजा में लगे कैमरों की मदद से पुलिस संदिग्ध वाहन नंबर की पड़ताल कर रही है।

### तैयारी के साथ पहुंचे थे बैंक

मौके पर पहुंची पुलिस तथा डॉग स्क्वाड की टीम के अनुसार चोर तैयारी के साथ बैंक में पहुंचे थे। पुलिस अफसरों के अनुसार घटना को अंजाम देने के पूर्व बदमाशों ने बैंक की अच्छे से रैकी की। उसके बाद बैंक में चोरी करने पहुंचे थे। जिस बैंक में चोरी की कोशिश हुई है, वह आउटर का इलाका है। साक्ष्य छिपाने चोर बैंक में लगे सीसीटीवी, डीवीआर साथ ले गए। इसके अलावा मॉडम सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण चोरी कर ले गए।

### इसलिए रविवार को चोरी

घटना स्थल पर पुलिस को 15 किलो तथा 5 किलो का रसोई गैंस सिलेंडर के साथ एक बड़ा गैस कटर मिला है। चोरी करने का साजो सामान ले जाने चोरों ने चारपहिया वाहन का इस्तेमाल किया है। पुलिस को आशंका है कि बैंक में जिस दिन चोरी करने गए होंगे, गैस कटर तथा रसोई गैस एक दिन पहले मौके पर पहुंचा कर छिपाए होंगे। दूसरे दिन रविवार अवकाश था। इस वजह से बदमाशों ने चोरी करने रविवार का दिन चुना।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
राइनोप्लास्टी

नाक को सही (रिशेपिंग) करना
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com